डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार | 03 मई 2025 | वर्ष-31, अंक- 195, पृष्ठ-12 | वैशाख शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## एक नजर

### बीडीओ ने पेयजल समस्या हल करने के लिए की पहल

**मोहम्मदगंज।** बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर अवकाश के बावजूद गुरुवार को सोनबरसा, कोल्हुआ, वीरधवर और लटपौरी सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खराब जलमीनार और चापानल की स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। बीडीओ ने संबंधित जलसहियाओं को खराब जलमीनार और चापानल की रिपोर्ट करने के निर्देश दिए और कहा कि पेयजल संकट से बचने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही प्रखंड मुख्यालय में हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

### हैदरनगर के भाई बीघा में इमाम को दी गई विदाई

**हैदरनगर।** भाई बीघा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अहमद अली खान रजवी ने शुक्रवार को इस्तीफा देकर गया (बिहार) जाने की घोषणा की। उनके सम्मान में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने उन्हें फूलमाला और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौलाना ने अपने संबोधन में क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया और कहा कि वह आठ वर्षों तक क्षेत्र में सेवा करते रहे। समाजसेवी सज्जू खान और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनके योगदान को सराहा और कहा कि उनकी शिक्षाएँ हमेशा याद रहेंगी।

### पतरिया के सीआरपी को बीडीओ ने दी विदाई

**हैदरनगर।** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत अंतर्गत पतरिया संकुल के सेवानिवृत सीआरपी उमेश राम को प्रखंड सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे सभी कर्मियों को स्वाभाविक रूप से स्वीकार करना पड़ता है उन्होंने उमेश राम के भविष्य के सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर बीपीओ अजय रवि, सीआरपी प्रमोद सिंह, बृजेन्द्र कुमार पांडेय, बीआरसी चंदन कुमार, शिक्षक राजेश नंदन सिंह, अजाप्ता सचिव चक्रवर्ती कुमार सिंह, प्रेम चौधरी, मुखिया जितेन्द्र सिंह, सुदर्शन राम और सामाजिक कार्यकर्ता नावाजिश खान सहित कई प्रखंडकर्मी व शिक्षक उपस्थित थे।

### मजदूर दिवस पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित

**सतबरवा।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सतबरवा में आयोजित विशेष कार्यक्रम के तहत दर्जनों श्रमिकों को अंगवस्त्र और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि यह दिन केवल एक छुट्टी नहीं, बल्कि श्रमिकों की मेहनत और योगदान को सम्मान देने का दिन है। उन्होंने कहा कि बीते पाँच वर्षों से वे हर मजदूर दिवस पर श्रमिकों को सम्मानित करते आ रहे हैं। इस अवसर पर सुनिल उरांव, भवनाथ उरांव, राजू भुइंया, भुनेश्वर भुइंया, कृष्णा उरांव सहित दर्जनों मजदूरों को सम्मानित किया गया।

### थाना प्रभारी ने किया पनशाला का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को गर्मी से राहत देने के लिए पनशाला की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए देशी घड़ों में शुद्ध व ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है, जिससे थाना आने वाले दूर-दराज के ग्रामीणों को शीतल जल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर एसआई डी.के. गोप, नंदलाल साहिनी, हेमंती बास्के सहित कई पुलिसकर्मी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड के युवक का शव बिहार में मिला हत्या की आशंका पर जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के खड़गपुर पार पहाड़ गांव निवासी रामजीत यादव के 35 वर्षीय पुत्र रामराज यादव का शव गुरुवार को सीमावर्ती बिहार के गया जिले के बोधि बिगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरमेठ टोला स्थित जमुनिया खाला के समीप मिला। मृतक के चेहरे पर गहरे जख्म तथा मुंह और नाक से खून गिरा हुआ पाया गया, जिससे उसकी पीट-पीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही



है। मृतक के शव के पास उसकी बाइक और मोबाइल बरामद हुए हैं, जबकि थोड़ी दूरी पर उसका ट्रैक्टर भी मिला है। घटना की सूचना पर बिहार के बोधि बिगहा थाना पुलिस तथा झारखंड की हरिहरगंज थाना अंतर्गत पथरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि बुधवार देर शाम रामराज यादव अपने ट्रैक्टर चालक के बुलावे पर बाइक से घर से निकले थे, जिसके बाद से वे लापता थे। परिजनों का आरोप है कि कहीं और हत्या कर शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मृतक का शव उसके गांव से लगभग चार किलोमीटर दूर बिहार सीमा क्षेत्र में मिला है। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव, शिनाख्त नहीं

**मोहम्मदगंज।** सतबहिनी रेलखंड के पोल संख्या 344/11 के निकट भीमचूल्हा टनल के पास गुरुवार दोपहर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव अप लाइन ट्रैक पर मिला। राहगीरों की नजर शव पर पड़ते ही उन्होंने इसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही एएसआई मोहम्मद कयामुद्दीन अंसारी और आरपीएफ इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों को सूचना भेज दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## देवरी खुर्द पंचायत में मुखिया ने श्रमिकों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय में 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर मजदूरों को सम्मानित कर श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया ममता देवी ने कई श्रमिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने कहा कि श्रमिकों का समाज में विशेष योगदान होता है। हमें उनके साथ समान व्यवहार करना चाहिए और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों से मजदूरी करवाने की प्रथा का विरोध करें और उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित करें। इसी क्रम में, पुरनाडीह गांव में सड़क पर बह रहे नाली के गंदे पानी की समस्या के समाधान हेतु नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मुखिया ममता देवी ने नारियल फोड़कर 15वें वित्त आयोग की योजना से बनने वाली इस नाली का कार्य शुरू कराया। मुखिया ने कहा कि पंचायत



में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। समाज के सभी तबकों का समावेशी विकास ही उनका लक्ष्य है। गांव की सड़कों पर बहते नाली के पानी की समस्या को गंभीरता से लिया गया है और अब उसका समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड सदस्य धर्मशीला देवी, उषा देवी, सहिया साथी शिवा ओझा और बड़ी संख्या में श्रमिक – प्रवेश मेहता, शेषनाग मेहता, सतेंद्र मेहता, राजेंद्र मेहता, मोहन मेहता, सत्येंद्र राम, मोहन चौधरी, संजय मेहता, नागेंद्र मेहता, विनोद मेहता, जितेंद्र मेहता, जयदीप मेहता, अखिलेश ओझा, मनोज मेहता, दिलीप विश्वकर्मा, लवकुश विश्वकर्मा, रामसेवक मेहता, रामसागर मेहता आदि उपस्थित थे।

## काशीस्त्रोत डैम सहित कई स्थानों तक पहुंचेगा सोन नदी का पानी : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार सिंह यादव ने गुरुवार को कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ के 15 किलोमीटर लंबे खंड के पहले चरण के मजबूतीकरण व राइडिंग कार्य का भूमि पूजन किया। यह भूमि पूजन लट्ठेया नदी पुल के निकट सम्पन्न हुआ। इसके बाद कादल गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस मुख्य पथ का निर्माण उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल में करवाया था। दस वर्षों बाद पुनः उन्हें इस पथ के मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में शेष बचे हिस्से का भी सुदृढ़ीकरण और राइडिंग कार्य किया जाएगा। विधायक ने क्षेत्रीय विकास की जानकारी देते हुए बताया कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में करीब 300 करोड़ रुपये की योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।



आने वाले समय में सोन नदी से पाइपलाइन के माध्यम से काशीस्त्रोत डैम सहित अन्य जल स्त्रोतों तक पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे सिंचाई संकट से निजात मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि हैदरनगर में 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाला पीडीएस गोदाम बनेगा। साथ ही बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने की योजना पर राज्य सरकार काम कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड व अंचल कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने और ग्रामीणों को अनावश्यक परेशान न करने की हिदायत दी। कार्यक्रम का संचालन राजद अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद खान ने किया। इस अवसर पर कलामुद्दीन खान, रामवचन मेहता, कृष्णा बैठा, राज अली, विनय कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह यादव, डॉ. पंचू रजवार, रामरेखा मेहता, पंसस अनिता देवी, राजेश्वर यादव, बालेश्वर यादव, सुदेश्वर राम, गुड्डू पांडेय, विनोद पासवान, अभियंता ज्ञान प्रकाश, जेई नीतीश दुबे तथा सेवानिवृत्त एसई सुरेश राम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** स्थानीय बीआरसी भवन में शुक्रवार को ह्यस्कूल रूआरह्न कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास और बीपीएम शशिकांत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने कहा कि शिक्षक सीमित संसाधनों में अनुशासित ढंग से विद्यालय की गतिविधियों को रोचक बनाएं ताकि छात्र-छात्राओं का ठहराव सुनिश्चित हो सके। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं, उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी दास ने कहा कि रूआर



कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के नामांकन के साथ-साथ उनकी नियमित उपस्थिति को बनाए रखना है, इसके लिए शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति, रसोईया व अभिभावकों को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यशाला को बीपीएम शशिकांत कुमार, प्रधानाध्यापक नरेंद्र पांडेय और अभिलाषा कुमारी ने भी संबोधित किया। संचालन प्रधानाध्यापक नीरज पाठक ने किया। इस अवसर पर बीआरपी अनुज मिश्रा, सीआरपी ओमप्रकाश मिश्रा, संजय गुप्ता, जितेंद्र कुमार, अजीत मिश्रा, अमरजीत कुमार, संतोष कुमार, अतुल कुमार, अरविंद गुप्ता, आनंद मोहन सिंह, अनुपमा कुमारी, ममता कुमारी, उषा सिंह, अद्रेश यादव, सुरेश सिंह, सुरेंद्र यादव सहित अनेक प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## अररुआ कला में जलयात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ व भगवती प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ कला ग्राम में शुक्रवार को भव्य जलयात्रा के साथ सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं भगवती प्राण प्रतिष्ठा



अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। जलयात्रा में ढोल-नगाड़ा, बाजा-गाजा, घोड़ा, डीजे आदि के साथ सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष कलश लेकर शामिल हुए। यात्रा यज्ञशाला (मध्य विद्यालय के समीप स्थित) से प्रारंभ होकर चरकेरिया होते हुए बटाने नदी के तुरी घाट तक पहुंची। वहां यज्ञाचार्य पंडित सुधीर दास के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान अभय कुमार सिंह, अरविंद पासवान, कृष्ण कुमार सिंह, नवनीत पासवान, रामजी पासवान सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक जलकलश भरकर यज्ञशाला में स्थापित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, समाजसेवी राजीव रंजन, महादेव यादव, कामेश शर्मा, मनीष पटेल, मृत्युंजय सिंह, अवधेश मेहता, अखिलेश मेहता, सुरेन्द्र सिंह पटेल, अजय सिंह, राजकुमार राम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं यज्ञ समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## समाजसेवी ललित किशोर सिंह की पाँचवीं पुण्यतिथि मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत स्थित बराही गांव निवासी स्व. ललित किशोर सिंह की पाँचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। बराही धाम परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमला प्रसाद सिंह ने कहा कि ललित भैया समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहे। वे हर वक्त जरूरतमंदों की मदद



के लिए तत्पर रहते थे। उनके सामाजिक योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर आकाश सिन्हा, अयोध्या सिंह टिकैत, मुखिया सुदामा यादव, विजय सिंह, टुनटुन सिंह, पिंटू सिंह, राजा सिंह, पुजारी अजीत चौबे, दिलीप ओझा, विनोद पांडेय, जितेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नवाबाजार प्रखंड में 680 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**नवाबाजार।** प्रखंड स्थित कंडा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आठवीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदाय के 680 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। साइकिल वितरण का कार्य बीपीएम जय राम मेहता द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से दूरदराज के



विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनके पठन-पाठन में निरंतरता बनी रहेगी तथा ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा अध्ययन में मन लगाने की प्रेरणा दी। साथ ही यह भी बताया कि राज्य सरकार छात्रों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है और आगे भी मिलेगा। इस अवसर पर रमेश चंद्र दुबे, धर्मेंद्र दुबे, बिजेंद्र राम, राकेश कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित थे।

### ग्राम देवी और शिवशक्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित महायज्ञ की पूर्णाहुति

## प्रवचन, भक्ति जागरण व भंडारे में उमड़ी आस्था

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत भाली गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण सह ग्राम देवी शिवशक्ति प्रतिष्ठा महायज्ञ शुक्रवार को भंडारे और आचार्य सहित विद्वान पंडितों की विदाई के साथ सम्पन्न हो गया। यह महायज्ञ श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम पूज्य शिष्य श्री लक्ष्मीपरपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद एवं वृद्धखैरा पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान यज्ञाचार्य उपेन्द्र नारायण शुक्ल समेत विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार व विधिवत पूजा-अर्चना के साथ यजमानों व श्रद्धालुओं से सभी देवी-देवताओं के नाम पर हवन कराया। वृंदावन (उत्तर प्रदेश) से आए कथा व्यास



जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री चतुर्भुजाचार्य जी महाराज और विश्वकांताचार्य जी महाराज तथा बक्सर (बिहार) के विद्वान कथावाचकों के प्रवचनों में प्रतिदिन भारी संख्या में श्रोता उमड़ते रहे। महायज्ञ के चौथे दिन प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व महाभिषेक, देवस्नपन और नेत्रोन्मीलन के पश्चात ग्राम देवी और शिवलिंग के विग्रहों को डोली में सजाकर नगर भ्रमण कराया गया। यह आयोजन पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें भारी संख्या में नर-नारी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। रात्रि में आयोजित भक्ति जागरण में वेभ म्यूजिक कम्पनी के सुपरस्टार कलाकार महानंद मिश्रा उर्फ अमु जी और महुआ चैनल के कलाकार मनोज तिवारी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे रात भर श्रद्धालु झूमते रहे। कार्यक्रम की सफलता में यज्ञ समिति के साथ यजमान संतोष कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, कुंदन सिंह, विमलेश पाल, शंकर यादव, कमलेश यादव, अमरेंद्र पाल, नन्दन सिंह, अक्षय सिंह, सुखाड़ी यादव, मुन्ना सिंह, विकास शर्मा, बाबूलाल यादव (सपत्नी) सहित सुरेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, बदन सिंह, मिंटू सिंह, कंचन सिंह, दीपक सिंह, अंकुल सिंह, अनिल सिंह, रविन्द्र सिंह, सुन्दरदेव पाल, निशांत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सदलु भुइयां, राहुल ठाकुर, अश्रेष यादव, अर्जुन यादव, विश्वनाथ पाल, सुरेन्द्र यादव, जयप्रकाश गुप्ता, मनीष पासवान, आनंद शर्मा, अंकित चंद्रवंशी, राहुल, आदर्श आदि की अहम भूमिका रही।

### डीडीयू रेल मंडल के डीआरएम ने किया जपला समेत कई स्टेशनों का निरीक्षण

**हुसैनाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के रेलवे प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा मंडल के अंतर्गत बीडी सेक्शन के अंकोरहा से सिगसिगी के बीच कई स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण यान से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए मंडल रेलवे प्रबंधक द्वारा जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज समेत कई अन्य रेलवे स्टेशन पर रेल अवसंरचना का जायजा लिया गया। जपला स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने बुकिंग काउंटर को पुराने स्टेशन से नए स्टेशन भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा अंकोरहा और नबीनगर में रनिंग रूम का निरीक्षण किया गया एवं वहां रेलकर्मियों से संवाद किया गया। साथ ही दोनों स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और रेल परिचालन की स्थिति का अवलोकन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रुआर कार्यक्रम के तहत बच्चों को लाने की हुई शुरूआत

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के तहत ₹स्कूल रुआर 2025₹ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य 5 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालय में पुनः नामांकित करना और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। पहले दिन तीन छात्रों और एक छात्रा को गुलाब का फूल और चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार, सीआरपी अखिलेश सिंह, और अन्य शिक्षकों ने अभिभावकों और छात्रों से संवाद किया। साथ ही, विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को चिन्हित कर नियमित आने की सलाह दी गई, और अनुपस्थिति पर सरकारी लाभ से वंचित करने की चेतावनी दी गई।

### ईश्वर ने दोबारा जीवन दान दी, सामर्थ्य रहा तो आगे भी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में जारी रहेगा सेवा : सुनील लाल

**हैदरनगर।** चौक बाजार हैदरनगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुनील लाल अग्रवाल दो साल बाद पत्नी और दो पुत्रियों के साथ घर लौटे। इनकी घर वापसी की खबर से पूरे बाजार और विभिन्न संगठनों के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सुनील लाल (50) पिछले दो वर्षों से कैंसर से जूझ रहे थे और उन्होंने वेल्लूर व रांची के अस्पतालों में इलाज कराया। अब उनकी सेहत में सुधार होने पर परिजनों और रिश्तेदारों ने मन्नत पूरी करने के लिए राममंदिर और देवी मंदिर में महाआरती और भंडारा आयोजित किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने उन्हें नया जीवन दिया है और भविष्य में स्वस्थ रहे तो वे सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सेवा जारी रखेंगे। मुखिया संतोष कुमार सिंह, जिप सदस्य संगीता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जयसवाल और अन्य ने उनके स्वस्थ रहने की कामना की।

### सेवानिवृत प्रधानाध्यापक ने 25 वर्षों तक की विद्यालय की सेवा : राजेश नंदन

**हैदरनगर।** राप्रावि बहेरा के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय के सेवानिवृति पर बाजार मीडिल स्कूल हैदरनगर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई शिक्षक संगठनों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। मुख्य अतिथि मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि ज्ञान के संवाहक कभी सेवानिवृत नहीं होते, बल्कि इसके बाद उनका दायित्व समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का और बढ़ जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक घूरी सिंह और संचालन सहायक शिक्षक राजेश नंदन सिंह ने किया। कई शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत शिक्षक विनोद कुमार पांडेय की 25 वर्षों तक की बेदाग सेवा की सराहना की। शिक्षक विजय बहादुर सिंह ने उनके कार्यों की प्रशंसा की और विद्यालय के प्रति समर्पण, कर्मठता, और अभिभावकों के प्रति स्नेह का विस्तार से गुणगाण किया। अजाप्ता के राज्य प्रतिनिधि प्रेम चौधरी, पलामू जिला के उपसचिव चक्रवर्ती कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अरुण चौधरी, और अन्य वक्ताओं ने उनकी सादगी, सरल स्वभाव और उत्कृष्ट कार्यों को रेखांकित किया। संजय राम और कुसुम देवी ने सेवानिवृत शिक्षक के सम्मान में अभिनंदन पत्र पढ़कर उन्हें सौंपा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से विनोद कुमार पांडेय को अंग वस्त्र सहित अन्य उपहार भेंट किए गए। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक भोज में भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन एसएमसी अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने किया।

### जीएम ने स्थानांतरित ग्रामीण बैंक शाखा का किया उद्घाटन

**हैदरनगर।** हैदरनगर चौक बाजार में पिछले दो दशक से संचालित ग्रामीण बैंक शाखा को अब बड़ा शिवालय के समीप अशोक कुमार सिंह के दो मंजिला निजी भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। शुक्रवार को नए भवन का उद्घाटन बैंक के महाप्रबंधक राजकुमार गुप्ता ने क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार, उप क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार, शाखा प्रबंधक राहुल कुमार तथा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित उपभोक्ताओं को बैंक द्वारा संचालित बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि महज 2000 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर उपभोक्ताओं को 40 लाख रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्ण अपंगता की स्थिति में 20 लाख तथा अर्ध अपंगता की स्थिति में 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। नई शाखा में महिला-पुरुषों के लिए अलग शौचालय और शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही यह शाखा पूरी तरह वातानुकूलित भी हो जाएगी। कार्यक्रम में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूर्यमुखी आजीविका मंडल और गणेश आजीविका मंडल को 6-6 लाख रुपये के चेक सौंपे गए। साथ ही, चार मृत खाताधारकों के नामित – उमेश कुमार मेहता, निरंजन प्रसाद, पूजा देवी और अरविंद यादव को दो-दो लाख रुपये की बीमा राशि के चेक प्रदान किए गए। यह राशि उन खातों से प्रतिवर्ष 436 रुपये प्रीमियम की नियमित कटौती के एवज में बीमा योजना के अंतर्गत प्रदान की गई है।

### रमकंडा के धावा मुडखुड़ में दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर, रामगढ़ के युवक की मौत

**रामगढ़।** पलामू से सटे गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के धावा मुडखुड़ में दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर होने से रामगढ़ कॉलोनी मोड़ के पास रहने वाले 22 साल के सत्यनारायण सिंह पिता देवधारी सिंह की मौके पर मौत हो गई। इस घटना में मृतक का ममेरा भाई जनेवा के सुशील सिंह गंभीर रूप से जख्मी है, जिसका इलाज किया जा रहा है। बताते चलें कि बुधवार रात हुई इस घटना में दो युवकों की मौत हुई है। दूसरा युवक रमकंडा का रहने वाला है। सत्यनारायण की मौत होने पर परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये डेड बॉडी गुरुवार सुबह 7 बजे लेकर घर पहुंच गए और दाह संस्कार करने की तैयारी में हैं। सत्यनारायण बुधवार शाम अपने ममेरे भाई सुशील सिंह के साथ मोटरसाइकिल से उलडंडा पंचायत के बानालात रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गया था। वहां से ममेरे भाई के साथ किसी दूसरी जगह जाने के लिए निकला था। इसी क्रम में धावा मुडखुड़ में दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर चार युवक सवार थे। टक्कर के बाद सभी जख्मी हो गए। सत्यनारायण समेत अन्य युवकों को इलाज के लिए पहले रंका के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां से उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। गढ़वा से फिर रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में सत्यनारायण की मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य युवक की भी मौत हुई। परिजनों के अनुसार सत्यनारायण रविवार को हैदराबाद से काम करके लौटा था। वह वहां टावर किरान चलाता था। दो भाई एवं एक बहन में भाई से छोटा था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। सत्यनारायण की मौत की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचे हैं। शोक संवेदना व्यक्त की जा रही है।

वैशाख शुक्ल पक्ष 06
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
03 मई 2025
वर्ष-31, अंक-195
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 08

## एक नजर

### जैक बोर्ड: 5 मई तक जारी होगा मैट्रिक का रिजल्ट

**रांची।** जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट इसी महीने जारी हो सकता है। जानकारी के अनुसार झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने संभावित तारीख 5 मई बताई है। बताते चलें कि जैक बोर्ड 10वीं की परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित की गई थी। जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए थे। सभी को परिणाम का इंतजार है।

### जमशेदपुर में 3000 मुस्लिम बच्चों के फर्जी प्रमाण पत्र बने

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के चाकुलिया प्रखंड के मटियाबांधी गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां की कुल आबादी करीब 5000 है और सभी हिंदू-आदिवासी समुदाय से हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस गांव के पते पर करीब 3000 मुस्लिम बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बना दिए गए। इस मामले ने प्रशासन से लेकर आम जनता तक को चौंका दिया है और एक बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही है। इस गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, लेकिन गांव के पते पर 3000 मुस्लिम बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बना दिए गए हैं।

### गिरिडीह में एलआरडीसी का क्लर्क 10 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले में धनबाद एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम ने शुक्रवार को बड़ा एक्शन लिया है। गिरिडीह के भूमि सुधार उपसमाहर्ता (एलआरडीसी) कार्यालय में पोस्टेड क्लर्क (लिपिक) मनीष कुमार भारती को रंगेहाथ 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद एसीबी की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

### कोडरमा से रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार घर पर भी पड़ा छापा

**कोडरमा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने कोडरमा अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत सुरेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम ने गिरफ्तारी के बाद उसके घर पर भी छापेमारी की। इसके बाद एसीबी की टीम उसे हजारीबाग ले गई और पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई हजारीबाग एसीबी की टीम ने की है। जमीन की ऑनलाइन एंट्री करने के एवज में राजस्व कर्मचारी ने रिश्वत में बड़ी रकम मांगी थी। कोडरमा जिले के बेकोबार गांव के बहादुर राणा ने हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से शिकायत की थी कि जमीन की ऑनलाइन एंट्री कराने और रसीद जारी करने के लिए अंचल कार्यालय में उनसे पैसे की मांग की जा रही है। वह रिश्वत नहीं देना चाहते हैं। उन्होंने राजस्व कर्मचारी द्वारा काम के एवज में पैसे मांगने की शिकायत की। एसीबी में शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। जांच में मामला सही पाए जाने पर गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का सीएम आज करेंगे शुभारंभ

- उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण
- संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश
- हरिवंश टाना भगत, इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित किया गया है कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे हरिवंश टाना भगत, इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में अधिवक्ताओं के समृद्ध भविष्य के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन योजना का शुभारंभ करेंगे। शुक्रवार देर शाम उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री तैयारी का निरीक्षण करने कार्यक्रम स्थल हरिवंश टाना भगत, इंडोर स्टेडियम, खेलगांव पहुंचे। तैयारी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने



अति विशिष्ट अतिथियों, अधिवक्ताओं के लिए की गई तैयारी का निरीक्षण करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय

### 7 मई को झारखंड कैबिनेट की बैठक, कई अहम प्रस्तावों पर लगेगी मुहर



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 7 मई 2025 को झारखंड कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। सीएम की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में शाम 4 बजे से कैबिनेट की बैठक होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। सीएम के विदेश यात्रा से लौटने के बाद यह पहली कैबिनेट की बैठक होगी। ऐसे में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इधर राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मंईयां सम्मान योजना की अप्रैल माह की राशि भी अब तक लाभुकों को नहीं मिली है। इस पर भी कोई बड़ा अपडेट आ सकता है।

## मजदूर दिवस की रात नक्सलियों का कहर

# जेसीबी व ग्रेडर जलाया, मजदूर की हत्या

### झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर ग्राम ओरसा में हुई बड़ी वारदात, ग्रामीणों में फैली दहशत



मृतक अयूब खान

- मजदूर अयूब खान की सिर में गोली मारकर हत्या, पत्नी की आंखों के सामने उठाकर ले गए थे नक्सली
- निर्माण कार्य में लगे दो वाहनों को पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, ग्रामीणों ने रात में सुनी गोलियों की आवाज
- घटना की पुष्टि के बाद पहुंचे लातेहार एसपी, मामले की जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम ओरसा में गुरुवार देर रात नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया। मजदूर दिवस की रात को नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी अयूब खान की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक जेसीबी और एक ग्रेडर वाहन को आग के हवाले कर दिया। घटना रात करीब 8 से 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, मुंशी अयूब खान की हत्या उनके सिर में गोली मारकर की गई। नक्सलियों ने जेसीबी व ग्रेडर से तेल निकालकर दोनों वाहनों को आग के हवाले कर दिया। उप मुखिया वकील अंसारी ने बताया कि शादी समारोह से लौटते समय उन्हें रोककर नक्सलियों ने पकड़ लिया और घटनास्थल के पास ले गए। वहां अयूब खान और जेसीबी चालक पहले से मौजूद थे। अंसारी के अनुसार, नक्सलियों ने अयूब को वहीं रोके रखा और कुछ दूरी पर चार गोलियां चलाईं। सुबह पता चला कि अयूब खान की हत्या कर दी गई है।

जेसीबी चालक मनोज महतो ने बताया कि उसे गाली-गलौज करते हुए जबरन उठाकर वाहन के पास लाया गया। हाथ बांधकर बैठाया गया और मोबाइल छीन लिया गया। बाद में दोनों वाहनों से तेल निकालने का आदेश देकर आग लगा दी गई।

मृतक की पत्नी सजेदा बीबी ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे तीन हथियारबंद लोग घर में घुसे और जबरन अयूब खान को बाहर ले गए। काफी मिन्नतों के बावजूद उसे नहीं छोड़ा गया और कुछ देर बाद गोली मार दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से इंसास राइफल की गोली के चार खोखे बरामद किए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया।

लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव भी घटनास्थल पहुंचे और अधिकारियों को त्वरित अनुसंधान कर अपराधियों को पकड़ने का निर्देश दिया। समरीपाठ (छत्तीसगढ़) थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

घटना की जिम्मेदारी किसी भी उग्रवादी संगठन ने नहीं ली है, और ना ही घटनास्थल पर कोई पर्ची छोड़ी गई है। एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह नक्सली घटना प्रतीत हो रही है और पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। जल्द ही खुलासा होने की संभावना जताई गई है।

## शुरू करें, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने की प्रक्रिया : मुख्य सचिव



- झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर निखारने के लिए खेल विश्वविद्यालय खुलेगा। खेल विश्वविद्यालय का संचालन झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में होगा। शुक्रवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि एक कमिटी बनाकर बिहार के राजगीर में खुले खेल विश्वविद्यालय सहित अन्य राज्यों के खेल विश्वविद्यालयों का अध्ययन करें और झारखंड की जरुरतों के अनुसार उसका इस्तेमाल करें। उन्होंने खेल गांव में 200 एकड़ में फैले 4 इनडोर और 6 आउटडोर स्टेडियम सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के समुचित उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिया कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए और क्या बेहतर हो सकता है, उस पर फोकस करें। वह शुक्रवार को झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक को संबोधित कर रही थीं।

**खेल प्रशिक्षण के लिए चयनित बच्चों के लिए खेल गांव में खुलेगा स्कूल :** मुख्य सचिव ने 4-5 साल तक के बच्चों को स्पोर्ट्स एकेडमी से जोड़ने की पहल करने का सुझाव देते हुए कहा कि विदेशों में लगभग इसी उम्र से बच्चों को प्रशिक्षित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जाता है। बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े बच्चों की शिक्षा के लिए वहां सरकारी प्लस-2 स्कूल खोलने के सुझाव को स्वीकार करते हुए स्कूली शिक्षा सचिव को **शेष पेज 09 पर**

## बारात में शामिल युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी चचेरा भाई फरार

- शादी की खुशियां मातम में बदलीं, पुलिस जांच में जुटी; हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग की आशंका
- तालाब के पास सुबह-सुबह कनपटी में सटाकर मारी गई गोली, मौके पर ही युवक की मौत
- वारदात के बाद से आरोपी अमृत उरांव फरार, पुलिस कर रही छानबीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग पंचायत के सोंस गांव में शुक्रवार की सुबह बारात में आए एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जालिम कला (लातेहार) निवासी उपेंद्र उरांव (32 वर्ष), पिता कोलेश्वर उरांव के रूप में हुई है। इस घटना के बाद शादी का माहौल मातम में तब्दील हो गया, वहीं गांव में दहशत फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपेंद्र उरांव, सोंस गांव निवासी शिवमंगल उरांव के यहां बारात में शामिल होने आया था। ग्रामीणों के मुताबिक रात में उसका अपने चचेरे भाई अमृत उरांव से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसे मौजूद लोगों ने शांत करा दिया था। लेकिन सुबह जब उपेंद्र गांव के तालाब के पास शौच के लिए गया, तभी घात लगाए युवक ने उसके कनपटी में बंदूक सटाकर गोली मार दी। गोली लगते ही उपेंद्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी चचेरा भाई अमृत उरांव फरार बताया जा रहा है। हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक रंधीर कुमार सिंह **शेष पेज 09 पर**

## ब्राउन शुगर के साथ पांच युवक गिरफ्तार एक नाबालिग बाल सुधार गृह भेजा गया

### गिद्धौर पुलिस की छापेमारी, 7.70 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ मोबाइल, बाइक व मापतौल मशीन बरामद

- एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ सिमरिया के नेतृत्व में कार्रवाई
- एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज, आरोपी जेल भेजे गए
- हजारीबाग और गिद्धौर थाना क्षेत्र के युवक शामिल, दो बाइक व चार मोबाइल जब्त



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ मैदान के पास से 7.70 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेजा गया। गिरफ्तार युवकों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक जपुआ मैदान में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ सिमरिया शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान गिद्धौर थाना क्षेत्र से श्रवण कुमार (पिता- लोकनाथ दांगी, सिमर टोला), राहुल कुमार (पिता- अशोक कुमार दांगी, कटघरा) तथा हजारीबाग **शेष पेज 09 पर**

## इंडिया


# जाति न पूछो साधु की, पूछो कौशल का ज्ञान



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

समता की राजनीति करने वाले लालू यादव के बाद अधिकांश जाति गणना में अपना वोट बैंक देख?रहे थे, जबकि इसका आधार शिक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक हुनरमंदी होना चाहिए।

मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर जाति-जनगणना की घोषणा तो हो गई पर आदमी की जाति पर जो राजनीतिक बहस चलती रहती है, अगर उससे पशु-पक्षी और उसी निर्लिप्त भाव से काम करने वाले भी सहमत हो जाएं, तो उन्हें भी अपनी भागीदारी और हिस्सेदारी के आधार पर अपनी गणना और अधिकारों की मांग करनी चाहिए। आखिर वे भी तो इसी देश में रहते हैं। पर अब तक अनुभव में यही आया है कि वे अपने वनों में आपसी योगदान के बीच मिल-जुलकर जीवनयापन करते हैं। उनके बीच कोई छुआछूत और पिछड़ेपन का भाव नहीं है। वे अपनी कर्म कुशलता के अनुरूप सह अस्तित्व में जीते हैं। वनों की समृद्धि की तरह समाज की समृद्धि में उनका बड़ा योगदान है। जैसे मनुष्य योनि है, उसी तरह पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों, वृक्ष-लताओं की?भी अपनी योनि है। सभी योनियों के कर्म के आधार पर जाति का निर्धारण मनुष्यों ने ही अपने सुविधा के लिए किया है। खेती करने वाले मनुष्य खेतिहर और माटी से घड़ा बनाने वाले कुम्हार कहलाते हैं। गहने गढ़ने वाले सुनार, रस्सी बुनने वाले सुतार, लोहे का काम करने वाले लोहार, रुई धुनकने वाले धुनकर चमड़ा पकाकर जूते बनाने वाले मोची कहलाते हैं। सभी प्रकार की सेवा देने वाले शूद्र,व्यवसाय करने वाले वैश्य,रक्षा करने वाले क्षत्रिय और ज्ञान देने वाले ब्राह्मण।सदियों से सबका जीवन इन कर्म आधारित नामवाली जातियों के रचनाशील कामों से ही चलता आया है और समाज इनका एहसान मानता आया है। पर अब उनके हाथों की कला छीनकर उन्हें मजदूर बनाया जा रहा है। कुम्हार, सुतार, लोहार, बुनकर से लेकर किसान तक सभी हुनरमंद लोगों के काम मशीनों को या मुफ्त सुविधाएं सौंपकर और उन्हें आलसी या अभावग्रस्त बनाकर उनके जीवन को राज्य पाने की लालसा से केवल वोटरों की सूची में शामिल कर दिया गया है। वे मुफ्त के आश्वासनों व अन्न पर जीवन गुजार रहे हैं। अपना गांव छोड़कर शहरों में मजूरी कर रहे हैं। आधुनिक सभ्यता के कचरे से बनी झुग्गी बस्तियों में जीवन काट रहे हैं। जाति तो कर्म सौंदर्य से पहचानी गई। इसी कारण वह आदरणीय रही है। उसमें कहीं अस्पृश्यता का भाव नहीं है। प्रत्येक तीज-त्योहार



में जातियों द्वारा गढ़े गए उपकरणों की आत्मीय भूमिका रही है। उनके बिना किसी राज्य का भी काम नहीं चला है। बीते जमानों?में इन जातियों ने ही देश को अमीरी प्रदान की। पर इनके आधुनिक नेताओं ने बाजार से राजनीतिक सौदा करके जातियों के मूल्यवान कर्मों को उनसे छीनकर उन्हें पिछड़े वर्ग के बाड़ों में कैद कर दिया है। पहले जो अनीति देश में बाहर से आए फिरंगियों ने इन हुनरमंद जातियों के खिलाफ अपनाई, उसे ही हमारे नेताओं ने आजादी के बाद आगे बढ़ाया है। समता की राजनीति करने वाले लोग इन असहाय होती जा रही जातियों को सिर्फ अपने वोट बैंक को दिवालिया होने से बचाने के लिए गिनना चाहते हैं। इन राजनीतिक दलों के जातिगणना छल में हुनरमंद जातियों को उनके साधन लौटाने का कोई इरादा नहीं दिखता। हमारे नेताओं को यह समझ कब आएगी कि खाली हाथ बैठे लोग फितूरी होकर हिंसा को अपनाने लगते हैं। काम में लगे हाथों से ही मन में अहिंसा भाव जागता है। जो स्वयंभू सामाजिक संगठन यह कह रहे हैं कि जाति पंडितों ने बनाई, उन्हें तनिक सोचना चाहिए कि पंडिताई के कर्म में दीक्षित होने के कारण ब्राह्मण स्वयं एक जातिगत पहचान रखते हैं। पूजाकर्म में दक्ष लोग पुजारी कहलाते हैं। जाति तो कर्म आधारित समूहों का नामकरण है पर फिरंगियों ने इसे खूब बढ़ाया और भेदभाव को हवा दी। यह अलग बात है कि जो नेता देशसेवा के कर्म का दावा करते हैं, उन्होंने अपनी जातिगत पहचान ही खो दी है। जातिगत गणना की मांग करने वाले भांति-भांति के राजनीतिक दलों के कंप्यूटर में सभी आरक्षित और पिछड़ी जातियों का हिसाब-किताब पहले से ही मौजूद है। जिसके आधार पर वे वोट बटोरकर अब तक राज्यसुख भोगते आए हैं। पर वे अभावग्रस्त जातियां, जिस हाल में पड़ी हुई हैं, उसी बेहाली में किसी तरह गुजर-बसर करती रही हैं और ये दल उन्हें वोटरों को अपनी-अपनी?बस्तियों में कैद किए रहने के उपाय करते ही रहते हैं। ये उस आरक्षण व्यवस्था पर भी पुनर्विचार नहीं होने देते, जिस पर इन दलों ने अपने वोट बैंक का जाल फैला रखा है। जरूरत तो इस बात की है कि जनगणना का आधार शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी व पारंपरिक हुनरमंदगी हो। तभी अभावग्रस्त जातियां आर्थिक व सामाजिक पिछड़ेपन से निकलकर कर्मकुशलता पर आधारित लोकतंत्र की समृद्धि का सुख भोग सकेंगी। जैसे साधुओं की जात नहीं पूछी जाती, वैसे ही लोकतंत्र में जनता की जात नहीं पूछनी चाहिए। पूछना है, तो उसके कौशल का ज्ञान पूछो। आज यह पता लगाने की जरूरत है कि देश के जो पिछड़े जन परंपरागत उत्तराधिकार से जिस कारीगरी और हुनर को आज भी जानते हैं, उसकी गणना करके उसे नूतन स्वरूप देकर देश की समृद्धि में किस तरह सहयोगी बनाया जा सकता है। अगर वे अदक्ष हैं, तो उन्हें कैसे कार्यकुशल बनाकर उनके अभाव दूर किए जा सकते हैं। गिनती गरीबों की होनी चाहिए, चाहे वे किसी भी जाति के हों। राज्य का उद्देश्य सभी पिछड़ गए लोगों की गरीबी दूर करना है। यह काम जाति पूछ लेने से नहीं होगा। वह तो हुनर की वापसी से होगा। सोशल मीडिया में एक पंक्ति वायरल हुई थी कि हर कोई बच्चों की पढ़ाई से लेकर अपना इलाज निजी संस्थाओं में कराना चाहता है पर सभी को नौकरी सरकारी ही चाहिए!

## नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया व राहुल गांधी को नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

# टीपीसी के जोनल कमांडर के खिलाफ जंगल में पुलिस की जवाबी कार्रवाई, उग्रवादी भागे

*गोपनीय सूचना पर जंगल में छापेमारी, गोलीबारी के बाद उग्रवादी भागे, पुलिस ने बरामद किया दैनिक उपयोग का सामान*



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड, रांची के निदेशानुसार नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक, पलामू को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत (दस लाख रुपये का इनामी) अपने दस्ता सदस्यों–नगीना, गौतम, मुखदेव एवं अन्य के साथ तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंजो और महअरी के जंगलों में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से एकत्र हुए हैं।

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें तरहसी थाना प्रभारी अवर निरीक्षक नीरज कुमार, पांकी थाना प्रभारी अवर निरीक्षक राजेश रंजन, मनातू थाना प्रभारी अवर निरीक्षक निर्मल उरांव, सहायक अवर निरीक्षक अमलेश कुमार (तरहसी थाना), तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

जैसे ही पुलिस बल सिंजो-महुजरी के जंगल में पहुंचा, उग्रवादियों ने पुलिस पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण के लिए कहे जाने के बावजूद उग्रवादियों ने गोलियां चलानी जारी रखीं, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और प्रभावी जवाबी फायरिंग की। कुछ समय तक चली मुठभेड़ के बाद सभी उग्रवादी जंगल और पहाड़ी इलाके का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए।

पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में सघन सर्च अभियान चलाया, जिसके दौरान मौके से दैनिक उपयोग में लाया जाने वाला खाने-पीने का सामान, मेडिकल से संबंधित सामग्री, दो प्लास्टिक की चटाई, दो पतले कंबल, तीन पीस पानी के जारकिन और कई गोलियों के खोखे बरामद किए गए। पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान अब भी जारी है।

### नीट (यूजी) परीक्षा के लिए पलामू प्रशासन सतर्क, कदाचारमुक्त आयोजन पर जोर

## 4 मई को चार परीक्षा केन्द्रों पर होगा आयोजन, सीसीटीवी जैमर, मेडिकल टीम व विशेष बस सेवा की व्यवस्था




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2025 परीक्षा 4 मई को आयोजित की जाएगी। पलामू जिले में इस परीक्षा के लिए चार केन्द्र बनाए गए हैं, जो सभी मेदिनीनगर मुख्यालय में स्थित हैं। अपराह्न 2 से 5 बजे तक चलने वाली इस परीक्षा में कुल 1623 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा को कदाचारमुक्त और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त ने परीक्षा केन्द्रों पर सख्त निगरानी और व्यापक तैयारियों के निर्देश दिए। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के सभी कमरों और केन्द्राधीक्षक कक्ष में सीसीटीवी, जैमर और बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र लगाए जा रहे हैं। साथ ही गिरोह व अवांछित तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही उन्हें केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला टीम तथा पुरुष परीक्षार्थियों की जांच पुरुष टीम करेगी। गैर-प्रासंगिक व्यक्तियों का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक केन्द्र पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सुनिश्चित की गई है, जबकि पेयजल की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जा रही है।

परीक्षा के दिन विशेष बस सेवा भी संचालित होगी, जो सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 से 7 बजे तक बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से केन्द्रों तक परीक्षार्थियों को लाने-ले जाने में सहयोग करेगी।

उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे केवल एनटीए द्वारा अनुमोदित सामग्री ही परीक्षा केन्द्र में लाएं तथा जांच प्रक्रिया और परीक्षा नियमों में पूर्ण सहयोग करें। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिजली दरों में बढ़ोतरी से 3.50 लाख उपभोक्ताओं पर असर, किसानों को राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली टैरिफ में बदलाव का सीधा असर पलामू जिले के करीब 3.50 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। नए टैरिफ के अनुसार शहरी उपभोक्ताओं के लिए 20 पैसे प्रति यूनिट तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली महंगी हो गई है। अब ग्रामीणों को प्रति यूनिट 6.70 रुपए और शहरी उपभोक्ताओं को 6.85 रुपए चुकाने होंगे। हालांकि, कृषि उपभोक्ताओं के लिए दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे किसानों को राहत मिली है। साथ ही किसी भी उपभोक्ता से मीटर रेंट नहीं वसूला जाएगा। पूर्व में झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा टैरिफ में 60 पैसे से ₹1 तक की वृद्धि के संकेत दिए गए थे, लेकिन वास्तविक वृद्धि इससे कम रखी गई है। 200 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को पूर्व की भांति मुफ्त बिजली दी जाएगी। वहीं, प्रीपेड स्मार्ट मीटर का उपयोग करने वालों को एनर्जी चार्ज में तीन प्रतिशत की छूट मिलेगी। डाल्टनगंज डिवीजन के कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग से टैरिफ परिवर्तन की सूचना मिली है, लेकिन अभी विभागीय स्तर पर इसे लेकर स्पष्ट निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। हालांकि तय की गई दरें जल्द ही पलामू जिले सहित पूरे राज्य में लागू कर दी जाएंगी।

## ओलावृष्टि व बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 40 मिमी वर्षा दर्ज, किसानों को राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और मेदिनीनगर समेत आसपास के क्षेत्रों में करीब एक घंटे तक मूसलधार बारिश और ओले गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम विभाग के अनुसार शहर में लगभग 40 मिमी वर्षा दर्ज की गई। झमाझम बारिश और ओलावृष्टि के चलते अधिकतम तापमान 38°C से गिरकर 35°C तक पहुंच गया। बारिश और ओले गिरने की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। हमीदगंज, पुलिस लाइन, जेलहाता, बस स्टैंड जैसे इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश हुई, जबकि सदर प्रखंड क्षेत्र और कुछ ग्रामीण इलाकों में हल्की बारिश हुई और कहीं-कहीं ओले नहीं गिरे।



कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि यह बारिश गरमा फसलों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। खेतों में नमी बढ़ने से जुताई आसान होगी, हालांकि नेनुआ, खीरा, कद्दू जैसी कोमल फसलों को हल्का नुकसान हो सकता है। उन्होंने किसानों को फफूंदनाशक दवाओं के छिड़काव की सलाह दी।

बारिश के कारण कई निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। रेडमा ओवरब्रिज, कुंड मोहल्ला, पहाड़ी मोहल्ला, हमीदगंज जैसे क्षेत्रों में घुटने तक पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर कीचड़ फैल गया और बाजारों में सन्नाटा पसर गया। बारिश के साथ तेज हवा चलने के कारण ठंड का असर भी महसूस किया गया। मौसम विभाग ने आगामी शनिवार और रविवार को भी हल्की बारिश की संभावना जताई है। शुक्रवार को बारिश दोपहर 2:40 बजे शुरू हुई और करीब एक घंटे तक लगातार होती रही। बारिश के चलते बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई, जो देर रात के बाद जाकर सामान्य हो सकी।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से शिक्षक घायल, आरोपी चालक फरार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बसरिया मोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान हरिनामाड़ स्कूल में पदस्थापित फैजुल रहमान (35 वर्ष) के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक स्कूल से छुट्टी के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाहपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार स्टंट कर रहा था और टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद घायल शिक्षक को स्थानीय लोगों और विद्यालय के सहकर्मी शिक्षकों की मदद से मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना स्थल से एक टूटी हुई नंबर प्लेट बरामद हुई है, जिस पर "JH 03F 6649" लिखा है। पुलिस अब इसी नंबर के आधार पर फरार बाइक सवार की पहचान करने में जुट गई है।

घटना के बाद से शिक्षकों में आक्रोश है और स्थानीय लोगों ने सड़क पर स्पीड नियंत्रण और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अभाविप नगर इकाई का पुनर्गठन, अजीत सेठ नगर अध्यक्ष व उत्कर्ष तिवारी नगर मंत्री नियुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की पलामू जिला अंतर्गत मेदिनीनगर नगर इकाई का गुरुवार को प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक नितीश दुबे ने किया तथा अध्यक्षता प्रदेश छात्रा सह प्रमुख दीक्षा सिंह ने की। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और संगठनात्मक कार्यों को सक्रिय रूप से निभाने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से अजीत सेठ को नगर अध्यक्ष और उत्कर्ष तिवारी को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। अन्य प्रमुख दायित्वों में धीरज उपाध्याय एवं निकिता कश्यप को नगर उपाध्यक्ष, कौशल मिश्रा, गगन सिंह और जिया सिंह को नगर सह मंत्री, ऋतिक कुमार को नगर कार्यालय मंत्री और पार्थ कुमार को सह कार्यालय मंत्री बनाया गया।

नगर +2 प्रमुख की जिम्मेदारी अभिषेक पांडे को और सह प्रमुख की जिम्मेदारी कृष गोस्वामी को सौंपी गई। नगर एसएफडी प्रमुख के रूप में आकाश वर्मा तथा सह प्रमुख के रूप में ओम मिश्रा, एसएफएस प्रमुख के रूप में हिमांशु सोनी एवं सह प्रमुख के रूप में रोहित सोनी को चुना गया। कला मंच प्रमुख अक्ष सम्राट और सह प्रमुख अर्पित कुमार बनाए गए। नगर टीएसवीपी प्रमुख की जिम्मेदारी साहिल को तथा सह प्रमुख की जिम्मेदारी सौरव यादव को दी गई। नगर खेल प्रमुख अंकेश कुमार और सह प्रमुख आयुष सोनी नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आयुष सोनी, मंथन सिंह, अभिषेक रवि एवं गीतांजलि कुमारी को शामिल किया गया। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्रो. शैलेश मिश्रा, प्रो. मनोज श्रीवास्तव, रविंद्र गोस्वामी, गुड्डू शुक्ला एवं विनीत पांडे को नामित किया गया। बैठक में ऋछअ कॉलेज अध्यक्ष किसलय दुबे, सह मंत्री सचिन उपाध्याय, प्रियांशु दुबे, हर्ष पांडे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चांदनी दूबे ने यूपीएससी सीडीएस की लिखित परीक्षा में पूरे देश में 8वां स्थान प्राप्त की

**चैनपुर।** प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव निवासी अशोक दूबे की पुत्री चांदनी दूबे ने यूपीएससी सीडीएस की लिखित परीक्षा में पूरे देश में 8वां स्थान प्राप्त की है। आठ लाख परीक्षार्थियों में 8वां स्थान प्राप्त करने से परिवार और गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रही चांदनी ने दसवीं की परीक्षा डीएवी पांडूपारा (छत्तीसगढ़) से तथा 12वीं डीपीएस रांची से उत्तीर्ण की, तत्पश्चात ग्रेजुएशन दिल्ली युनिवर्सिटी, दिल्ली से पूर्ण कर नौकरी की तैयारी में लग गई। पिता अशोक दूबे अपनी पुत्री की कामयाबी पर बहुत गौरवान्वित हैं, वे छत्तीसगढ़ सीसीएल में कार्यरत हैं, मां सरिता दूबे गृहिणी हैं जिनका बच्चों के शिक्षा दिलाने में बहुत अहम योगदान रहा है। चांदनी से बात करने पर उन्होंने कहा कि सीडीएस 2025 की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर, अब उनका अगला कदम ओटीए (औफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी), चेन्नई में शामिल होने के लिए एसएसबी (सर्विस सेलेक्शन बोर्ड) इंटरव्यू की तैयारी करना है । सीडीएस ओटीए में चयनित अभ्यर्थियों को अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान के दो विषयों की परीक्षा देनी होती है, अब उन्हें एसएसबी इंटरव्यू की चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें नेतृत्व क्षमता, मानसिक दृढ़ता और संचार कौशल का परीक्षण किया जाता है। सैन्य सेवा के साथ-साथ वह यूपीएससी सीएसई (सिविल सेवा परीक्षा) की तैयारी भी कर रही हैं, और उनका सपना है कि वे प्रशासनिक सेवा में आकर समाज में और लड़कियों के बीच सकारात्मक परिवर्तन लाए । चांदनी के इस कामयाबी से उनके चाचा कृष्ण कुमार दूबे सहित पूरे पूर्वडीहा गांव के लोग हर्षित हैं ।

## शहर में सक्रिय हुआ चैन स्नैचरों का गिरोह ऑटो में महिला का सोने का चैन काटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत छह मुहान से सादिक चौक के बीच चलती ऑटो में एक महिला का सोने का चैन चोरी कर लिया गया। शांति पूरी, सुदना निवासी अलका रानी (उम्र 66 वर्ष) ने इस घटना को लेकर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीड़िता के अनुसार, जब वह ऑटो से छह मुहान से सादिक चौक जा रही थीं, उसी दौरान दो महिलाएं और एक 10 वर्षीय बच्ची भी ऑटो में सवार हुईं। ये महिलाएं अलका रानी के अगल-बगल बैठ गईं और बच्ची सामने खड़ी हो गई। बच्ची के हाथ में एक झोला था, जिसे वह बार-बार अलका रानी के चेहरे के पास लाकर हिलाती रही। कुछ ही दूरी पर महिला व बच्ची ऑटो से उतर गईं। जब अलका रानी सादिक चौक पर उतरीं, तो उन्होंने देखा कि उनके गले से सोने का चैन गायब था।

गौरतलब है कि तीन दिन पहले ट्रैफिक पुलिस ने सादिक चौक से चार महिलाओं को संदेहास्पद रूप से पकड़ा था, जिन पर चैन चोरी करने का शक था। पूछताछ के बाद पता चला कि ये सभी महिलाएं संगठित रूप से चैन काटने का कार्य करती हैं। शहर थाना पुलिस ने पूछताछ के उपरांत उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया था। इस तरह की घटनाओं से शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत देने की अपील की है।

### कांदू मोहल्ला में चोरी की घटना, 30 हजार नकद समेत लाखों के सामान पर चोरों का हाथ साफ

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत कांदू मोहल्ला में स्थित चंद्रा सन्नी (उम्र 27 वर्ष) के घर में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित द्वारा शहर थाना में दर्ज कराए गए आवेदन के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 7 बजे वे एक शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए थे। शुक्रवार को घर लौटने पर उन्होंने पाया कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर की तलाशी लेने पर सामने आया कि चोरों ने 30 हजार रुपये नकद, 12 चांदी के सिक्के, एक मंगलसूत्र, एक मिक्सी, 20 साड़ियाँ, दो पंखे, पीतल के बर्तन का एक सेट और चांदी की गणेश-लक्ष्मी जी की मूर्ति चोरी कर ली है। शिकायत मिलने पर शहर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोहल्ले में इस घटना के बाद चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस चोरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# समूह अध्ययन व रुचि अनुसार करियर चयन से मिलेगी सफलता : नगर आयुक्त

### जिला प्रशासन द्वारा टाउन हॉल में आयोजित करियर काउंसलिंग-सह-सिनेमा स्क्रीनिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

- नगर आयुक्त, एसडीओ व विशेषज्ञों ने जीवन, शिक्षा और करियर पर दिए प्रेरक विचार
- फिल्म स्क्रीनिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया करियर निर्माण का रास्ता
- विद्यार्थियों ने पूछे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए व अन्य क्षेत्रों से जुड़े सवाल, विशेषज्ञों ने दिए जवाब




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को मेदिनीनगर टाउन हॉल में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग-सह-सिनेमा स्क्रीनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के अलावा अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि ₹समूह में पढ़ाई करें और अपनी रुचि के अनुसार करियर का चुनाव करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी।₹ उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे सूचना तकनीक का सकारात्मक उपयोग करें, जीवन में कुछ नया और अलग करने का सपना देखें और उसे पूरा करने के लिए ठोस प्रयास करें।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने कहा कि ₹समय प्रबंधन, समर्पण और कठिन परिश्रम से ही सफलता संभव है।₹ उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें और स्कूल से ही मेहनत की आदत डालें। आईआईटी गुवाहाटी से एमटेक शुभम कुमार ने जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के गुर बताए। आईआईटी धनबाद से बीटेक किये सुमित कुमार ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में अवसरों की जानकारी दी और वैज्ञानिक बनने की दिशा बताई। डॉ. विनिता, विभागाध्यक्ष, पेडियाट्रिक्स, मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज ने मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने की प्रक्रिया, कठिनाइयों और अवसरों की जानकारी दी। एमबीबीएस छात्र श्रेष्ठ शर्मा ने कम संसाधनों में सफलता पाने के अपने अनुभव साझा करते हुए प्रेरित किया।

**फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया करियर मार्ग :** कार्यशाला में करियर से संबंधित फिल्म दिखाई गई, जिससे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही, विद्यार्थियों ने मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, एलएलबी, कंप्यूटर साइंस, व्यवसाय, सेना आदि क्षेत्रों में करियर बनाने से जुड़े सवाल पूछे जिनका जवाब विशेषज्ञों ने विस्तार से दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, विभिन्न क्षेत्रीय विशेषज्ञ, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कचरा वाहन की पहुंच से दूर निगम के कई हिस्से, कई सप्ताह बाद होता है कचरा उठाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के पास पर्याप्त फंड होने के बावजूद कचरा निस्तारण की समस्या बनी हुई है। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां कचरा उठाव वाहन कई सप्ताह बाद आते हैं, जिससे कचरे का अंबार लग जाता है। नगर निगम क्षेत्र में हालात यह हैं कि 2017 के बाद भी कई हिस्सों में साफ-सफाई का घोर अभाव है। निगम क्षेत्र में 35 वार्ड हैं, जिनमें कचरा उठाव हेतु 64 छोटे-बड़े वाहन हैं, जिनमें आठ ई-रिक्शा भी शामिल हैं, जो छोटी गलियों से कचरा उठाने का काम करते हैं। बावजूद इसके, सिंगरा, पोखराहा, चैनपुर, रेडमा जैसे क्षेत्रों में सफाई को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक, निगम क्षेत्र में 65.88 मीट्रिक टन सॉलिड वेस्ट का उठाव किया जाता है, लेकिन गीला कचरा उठाने और उसके निस्तारण की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद, नगर निगम वीडियो को 50 रुपये प्रति माह देना होता है।

सिटी मैनेजर शमिता भगत ने इस बाबत बताया कि, 'नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में कचरा उठाव वाहनों को आवश्यकता अनुसार भेजा जाता है। गीले कचरे के उठाव और निस्तारण पर विमर्श जारी है।'

यदि निगम ने जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया तो स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और बढ़ सकती हैं।

## अनियंत्रित कार दुकान की शटर से टकराई, बड़ा हादसा टला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** शुक्रवार सुबह 7:00 बजे रंका के गढ़ फाटक के पास एक तेज रफ्तार लग्जरी कार अनियंत्रित होकर मनोज सिंह की दुकान की बंद शटर से टकरा गई। गनीमत रही कि उस समय दुकान के आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार रंका चेकनाका की ओर से काफी तेज रफ्तार में आ रही थी और गढ़ फाटक के पास अचानक अनियंत्रित हो गई। कार की टक्कर से शटर और फर्श क्षतिग्रस्त हो गया। एक व्यक्ति जो दुकान के सामने खड़ा था, किसी तरह भाग कर अपनी जान बचा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार चालक संभवतः नया था और वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे यह दुर्घटना हुई।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव निवासी इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र हसनैन अंसारी (20) की शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि दो युवक शाहिद अंसारी और अब्दुल अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजनों ने बताया कि हसनैन अंसारी गुरुवार को अपने गांव बेलाबार से विशुनपुरा (माधुरी गांव) एक



बरात में गया था। वहीं से वापस लौटते समय तुलसीदामर के तीखे मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पीछे से आ रहे गांव के अन्य बराती उन्हें घायलावस्था में श्री वंशीधर नगर हॉस्पिटल ले गए, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। बाद में तीनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया। हसनैन अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची भेजने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन गढ़वा में ही उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुख की घड़ी में मुखिया मूंगा साह, झामुमो अध्यक्ष लालेश्वर राम, संजय वर्मा, बिंदु राम, मेराजुद्दीन अंसारी, हकमुदिन अंसारी, समीम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, मोजाहिम अंसारी और जमायत अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### स्वाधीना सिंह ने आईसीएसई से 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94.2प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया

**मझिआंव।** प्रखंड के भड़रिया गांव निवासी पत्रकार अनूप सिंह की पुत्री स्वाधीना सिंह ने (आईसीएसई बोर्ड) 10वीं की परीक्षा में 94.2% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसने रांची के डोरंडा में पुराने हाईकोर्ट के सामने विशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल में 360 छात्राओं में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। वहीं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर गांव घर व जानने वाले एवं परिवार जनों में खुशी का माहौल है। स्वाधीना सिंह ने पढ़ाई का सारा श्रेय अपने पिता अनूप सिंह एवं माता राजकुमारी देवी को देती है और कहती है कि उनके संघर्ष एवं त्याग के कारण यह सफलता प्राप्त हुई है। आगे की पढ़ाई के बारे में स्वाधीना बताती हैं कि उनका कॉमर्स की उच्चतर पढ़ाई कर चार्टेड एकाउंटेंट बनने का लक्ष्य है। वहीं बड़े पापा संजय सिंह ने स्वाधीना को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिए, और आगे अच्छा करने के हौसला अफजाई किए।

### 'जातीय जनगणना का फैसला ऐतिहासिक सभी पिछड़े वर्गों को मिलेगा न्यायः गोरखनाथ चौधरी'

**खरौंधी।** आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता एवं पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी शुरू से ही जातीय जनगणना के समर्थन में सड़क से सदन तक संघर्ष करती रही है। पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने इस मुद्दे को लेकर उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका भी दायर की थी। गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि पूर्व की जनगणना में पिछड़े वर्ग की उपेक्षा की गई, जिससे देश की 54% आबादी को उनके हक और आरक्षण से वंचित होना पड़ा। झारखंड में भी हजारों पिछड़े वर्ग के जनप्रतिनिधियों को पंचायत चुनाव में प्रतिनिधित्व से वंचित किया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद राज्य सरकार ने बिना सत्यता के जल्दबाजी में जनगणना कर रिपोर्ट दाखिल कर दी। उन्होंने कहा कि 2011 में मनमोहन सिंह सरकार ने जातीय जनगणना तो कराई, लेकिन उसे आज तक प्रकाशित नहीं किया गया। अब केंद्र सरकार का यह फैसला दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेगा और उन्हें न्याय दिलाएगा। गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि उन्होंने राज्य में रथ यात्रा निकालकर इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाया और राजभवन में राज्यपाल से भी इस संबंध में मिलकर मांग की थी। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए बधाई दी और केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। मौके पर जयप्रकाश गुप्ता, मनोज पटेल आदि उपस्थित थे।

### समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा आज समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उन्होंने जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और उनके निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमलोगों तक पहुंचाने में जिला प्रशासन तत्पर है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद और योग्य व्यक्तियों तक पहुंचे और उन्हें कोई समस्या उत्पन्न न हो। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत कई मुद्दों पर फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। उपायुक्त ने इन सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। मामलों का समाधान करते हुए, उपायुक्त ने रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत से आए विनोद राम की शिकायत पर उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। इसी तरह, गढ़वा सदर ब्लॉक की मीरा देवी के भूमि विवाद मामले में कार्रवाई के लिए अंचल अधिकारी गढ़वा को पुनः निर्देशित किया गया। खजूरी से आए सीताराम पासवान की शिकायत पर दबंगों द्वारा कब्जाई गई उनकी जमीन को मुक्त करने के लिए उचित जांच कराने का आदेश दिया गया। इसके अलावा, रमना प्रखंड के करचा ग्राम की तंमयी देवी के मकान से संबंधित मुआवजा मामले में एक माह का समय देने की व्यवस्था की गई। आज के जनता दरबार में 20 से अधिक फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित हुए।

## एक नजर

### पटाखे से घायल युवक का इलाज जारी

**गढ़वा।** केतार थानांतर्गत चेचरिया गांव निवासी परशु नारायण सिंह के पुत्र जितेंद्र कुमार सिंह पटाखे से जलने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि जितेंद्र अपने गोतिया की शादी समारोह में बारात में शामिल होने के लिए डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव गए हुए थे। वहां शादी समारोह में पटाखे फोड़े जा रहे थे, उसी दौरान एक पटाखा उड़कर जितेंद्र को लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**रंका।** विश्रामपुर पंचायत के एक ग्रामीण महिला की जहरीला भोजन खाने से मौत हो गई। महिला के पति पिंटू कुजूर ने बताया कि वह अपनी पत्नी सुषमा कुमारी (20 वर्ष) को खाना बनाने के बाद घुमाने ले गए थे। एक घंटे बाद जब वे घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी कांप रही थी। उन्होंने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल किया, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने टेम्पो बुक करके सुषमा को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सक ने बताया कि महिला ने जहरीला भोजन (पोवाइजन) काफी समय पहले खा लिया था, और तब तक इलाज न मिलने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई थी। महिला के पति ने इस घटना की सूचना रंका थाना को दी है। पिंटू कुजूर ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस सेवा में भारी कमी है और कई बार फोन करने पर भी कोई मदद नहीं मिल पाई। यदि समय पर एंबुलेंस मिल जाती तो शायद उनकी पत्नी को बचाया जा सकता था।

### मजदूर दिवस पर विधिक जागरूकता अभियान

**रंका।** विधिक सेवा प्राधिकरण गढ़वा के निर्देशानुसार, पीएलवी महेंद्र ठाकुर ने 1 मई को रंका मुख्यालय बाजार के समीप मजदूरों के बीच विधिक जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि माननीय उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों के आदेशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गढ़वा के अध्यक्ष नलिन कुमार एवं सचिव निभा रंजन लकड़ा के निर्देश पर मजदूरों को उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। मजदूरों को बताया गया कि काम के दौरान सुरक्षा उपकरण जैसे सिर पर हेलमेट और पैरों में जूते पहनना अनिवार्य है। यदि कोई मजदूर आठ घंटे से अधिक काम करता है, तो उसके लिए अतिरिक्त मजदूरी का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि आज मजदूरों के परिश्रम से आलीशान भवन खड़े हो रहे हैं, फिर भी उनके त्याग को समाज कभी चुका नहीं सकता। मजदूर समाज की नींव हैं और उनका मेहनताना समय पर दिया जाना चाहिए।

### मोटरसाइकिल व पिकअप वैन की टक्कर में युवक की मौत, तीन घायल

**भंडरिया।** गुरुवार की रात भंडरिया थाना क्षेत्र के परभन बाबा देवस्थल के समीप मोटरसाइकिल और पिकअप वैन की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बिंदा गांव निवासी कल्याण सिंह के 20 वर्षीय पुत्र मुकेश सिंह के रूप में की गई है।

## क्रशर प्लांट में हादसा, मजदूर की मौत, प्रशासन पर सवाल



### घटना स्थल पर पहुंचे एसडीएम ने लिया जायजा, बंद कराया काम

घटना की जानकारी मिलने के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को श्रीबंशीधर नगर एसडीएम प्रभाकर मिर्धा और भवनाथपुर सीओ शंभू राम, सेल के क्रेशर प्लांट के समीप घटनास्थल पर पहुंचे और सेल पदाधिकारियों और मजदूरों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद विधि व्यवस्था को देखते हुए सेल डीजेएम एस यू मेदा से क्रेशर प्लांट के कटिंग कार्य पर रोक का आदेश दिया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** 1 मई, विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर जहां देशभर में श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों की बात हो रही थी, वहीं भवनाथपुर में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे सिस्टम की पोल खोल कर रख दी है। 1 मई को सेल के अधीन क्रेशर प्लांट की कटिंग के दौरान एक मजदूर की दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक मजदूर धीरज कुमार (22 वर्ष), पिता रामप्रवेश साहनी, बिहार के समस्तीपुर जिला के ताजपुर थाना अंतर्गत दरबा गांव का निवासी था। यह हादसा उस वक्त हुआ जब प्लांट में कटिंग कार्य जारी था, जबकि एक मई को सरकारी अवकाश घोषित होता है। जानकारी के अनुसार क्रेशर प्लांट में हो रही कटिंग के दौरान सभी मजदूरों का गेट पास बनाकर सीआईएसएफ की मौजूदगी में काम कराया जा रहा था। मजदूर धीरज कुमार सेफ्टी बेल्ट लगाकर कार्य कर रहा था, तभी लोहे का इंगल टूटने से उसका सेफ्टी बेल्ट खुल गया, और वह 40 फीट ऊपर से गिरकर मृत हो गया। मृतक मजदूर के चचेरे भाई महावीर कुमार ने भवनाथपुर थाना में संवेदक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वहीं घटना के बाद संवेदक ने मृतक के परिजनों को साढ़े 4 लाख रुपये मुआवजा और चालीस हजार रुपये दाह संस्कार के लिए देने की कोशिश की, लेकिन इस राशि से मजदूरों में रोष कम नहीं हुआ। यह हादसा न केवल श्रमिकों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि संवेदक और संबंधित विभाग किस तरह नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करता है। क्या दोषियों को सजा मिलेगी या यह मामला भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दब जाएगा?

## मजदूर दिवस पर काम करने के आरोप में संवेदक पर उठे सवाल, भवनाथपुर में निर्माण कार्य जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** 1 मई, अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जब देशभर में श्रमिकों को विश्राम और सम्मान देने की परंपरा निभाई जा रही थी, उसी समय भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में निर्माण कार्य निर्बाध रूप से जारी रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 49 लाख रुपये की लागत से बन रहे लैब भवन में संवेदक विनीत कुमार द्वारा श्रमिकों से कार्य लिया गया। मजदूरों को न तो इस दिन अवकाश दिया गया, और न ही किसी प्रकार की अतिरिक्त सुविधा या मजदूरी सुनिश्चित की गई। मौके पर कार्यरत मजदूर सीमा देवी, अंगिया देवी, मानशरीफ अंसारी, दिनेश तिर्की, सुगनती देवी ने भी यह स्वीकार किया कि उन्हें छुट्टी के बारे में कुछ नहीं बताया गया और रोज की तरह उन्हें काम पर बुला लिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि जब सरकार स्वयं मजदूरों को सम्मान देने के लिए एक दिन का अवकाश घोषित करती है, तो सरकारी योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य में मजदूरों से जबरन कार्य कराना श्रम कानूनों का उल्लंघन है। वहीं, निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों और मजदूरों की सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या संवेदक पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं। मजदूर दिवस के दिन मजदूरों से काम लिया जाना केवल एक नियम उल्लंघन नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने जैसा है।

## रंका में रूआर कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर आज प्रखंड शिक्षा संसाधन केंद्र में रूआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ शुभम बेला टोपनो, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, प्रखंड शिक्षा संसाधन केंद्र के लेखपाल अभय कुमार, रंका थाना के एसआई लक्ष्मी कांत यादव और सीआरपी बीआरपी के संयुक्त तत्वाधान में दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने बताया कि रूआर कार्यक्रम 25 अप्रैल से शुरू हो चुका है, जो 10 मई तक चलेगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आज प्रखंड शिक्षा संसाधन केंद्र में 182 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को रूआर कार्यक्रम के तहत विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शिक्षकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में आधार कार्ड के मुद्दे पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि विद्यालय में एडमिशन के दौरान आधार कार्ड की अनिवार्यता को लेकर कई समस्याएं आई हैं, जैसे कि आधार कार्ड बनाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता, जो ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं होते। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा। साथ ही, प्लस टू विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का पोषक क्षेत्र 22 से 25 किलोमीटर तक फैला हुआ है, जिससे विद्यालय में 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 72 मरीजों का हुआ इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह से ही शिविर स्थल पर मरीजों की भीड़ देखी गई। पंजीकरण कराने के बाद मरीजों ने डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श लिया और उन्हें आवश्यकतानुसार दवाएं भी प्रदान की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 72 मरीजों का जांच किया गया। शिविर में शामिल कई मरीजों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें समय पर इलाज मिलता है और आर्थिक




बोझ भी नहीं बढ़ता। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। क्लब के सदस्य हर माह की पहली तारीख को यह शिविर नियमित रूप से आयोजित करते हैं और भविष्य में इसे और अधिक व्यापक बनाने की योजना है। क्लब अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी ने कहा कि यह सेवा जरूरतमंदों के लिए एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। इस स्वास्थ्य शिविर को डॉक्टरों की अनुभवी टीम और क्लब सदस्यों की सेवा भावना ने सफल बनाया। इस आयोजन ने न केवल बीमारों के लिए राहत का काम किया, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया।

## मड़वनिया पंचायत सचिवालय में 'स्कूल रुआर' कार्यक्रम आयोजित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** शुक्रवार को मड़वनिया पंचायत सचिवालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय ग्रामीण विद्यालय ('स्कूल रुआर') कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जीप अध्यक्ष शांति देवी, सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय, मुखिया स्वीटी वर्मा, मुखिया दुलारी देवी, मुखिया अनीता देवी और बीपीओ सुनीता कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। सभा को संबोधित करते हुए जीप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में विभिन्न



सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद भी छात्र संख्या में गिरावट को लेकर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे बढ़ाने के लिए शिक्षक और अभिभावकों के बीच समन्वय और जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता जताई, ताकि बच्चों को विद्यालय में नामांकित किया जा सके। बीडीओ विकास पांडेय ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में वापस लाने और उनके ठहराव को सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने सभी से इस दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया। बीपीओ सुनीता कुजूर ने कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में होने वाली 16 दिनों की गतिविधियों के बारे में शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी। शिक्षक नंदकिशोर चौबे ने 'रूआर' कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षक और सहायक शिक्षक भी उपस्थित थे।

## कांडी पंचायत में 3 मई को विशेष समीक्षा बैठक, सभी विभागों को मिला निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड के कांडी पंचायत के मिनी सचिवालय में 3 मई 2025 को शनिवार को एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। पंचायत के मुखिया विजय राम के अनुसार, यह बैठक प्रशासन के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही है, जिसमें पंचायत क्षेत्र के सभी विभागों और उनसे जुड़े कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी, जिसमें विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, राजस्व कर्मचारी, एएनएम, चौकीदार, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, कृषि मित्र, श्रम मित्र, प्रज्ञा केंद्र संचालक, सीएसपी संचालक, जन वितरण प्रणाली दुकानदार और बिजली मित्र भाग लेंगे। सभी को अपने विभाग से संबंधित कार्य विवरणी के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। प्राप्त जानकारी संबंधित विभागों को भेजी जाएगी।

## टीबी उन्मूलन को लेकर बैठक आयोजित, सामूहिक प्रयासों पर जोर

# आयुष्मान कार्ड से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड में यक्ष्मा (टीबी) उन्मूलन को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार सोनी ने की और यह बैठक भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपन्न हुई। इस बैठक में ब्लॉक टीबी फोरम, ब्लॉक टास्क फोर्स और ब्लॉक कोमोरबिडिटी समिति के सदस्य, स्वास्थ्यकर्मी और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की, जिन्होंने यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम की अब तक की प्रगति और



उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस दिशा में और अधिक प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह दो टीबी जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक मरीजों की पहचान की जा सके। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई, और जिन लाभुकों के आयुष्मान कार्ड में त्रुटियाँ हैं, उनकी सूची तैयार कर प्रखंड कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए ताकि शीघ्र सुधार कार्य किया जा सके। बैठक के अंत में, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सोनी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की। इस बैठक में प्रमुख रुक्मणि कुमारी, उपप्रमुख श्रद्धा देवी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा समेत सीएससी के स्वास्थ्य कर्मी और अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


**कार्यालय :–उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी आपूर्ति किया जाना है। जिला/अनुमण्डल स्तर के कन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वींटल उसना चावल और 1.05 क्वींटल चना/सोयाबीन बड़ी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रों को प्रतिमाह 12.00 क्वींटल उसना चावल और 75 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से दिनांक– 09.05.2025 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहन् तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा की आवश्यक शर्तें एवं विस्तृत विवरणी prdjharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 351529 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 25-26 (D)

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत कार्यालय के PR 351298 District (25-26).D द्वारा प्रकाशित निविदा को निम्न प्रकार से संशोधित पढ़ा जाय।

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST BoQ Amount | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14वें एवं 15वें वित्त आयोग मद | | | | | | | |
| 1 | 04 | UDD/NPB/01/2025-26 | Construction of Park in Ward no. - 04 | 6743442.00 | 134869.00 | 10000.00 | 365 day |
| 2 | 05 | UDD/NPB/02/2025-26 | Construction of Vending Zone in Sukra Bazar in ward no. -05 | 6926959.00 | 138539.00 | 10000.00 | 365 day |
| 3 | 16 | UDD/NPB/03/2025-26 | Construction of Vending Zone in Panchmukhi Temple in ward no. - 16 | 6926959.00 | 138539.00 | 10000.00 | 365 day |
| 4 | 04 | UDD/NPB/04/2025-26 | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 04 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| 5 | 17 | UDD/NPB/05/2025-26 | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 17 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| 6 | 11 | UDD/NPB/06/2025-26 | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 11 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| नागरीक सुविधा मद | | | | | | | |
| 7 | 9 | UDD/NPB/07/2025-26 | Construction of R.C.C DRAIN from Aanganbadi to house of Asarfi Ram in ward-9 under BNP. | 1826611.00 | 36532.00 | 5000.00 | 45 day |
| 8 | 5 | UDD/NPB/08/2025-26 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Ramkumar Chaudhary to Vidya Niketan in ward-5 under BNP. | 1669745.00 | 33395.00 | 5000.00 | 45 day |

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

PR.NO.351524 District(25-26):D

प्रशासक, नगर परिषद बिश्रामपुर

# जंगली हाथी ने घरों व फसलों को किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीण भयभीत

- तरबूज की खेती पर टूट पड़ा है जंगली हाथी, तरबूज खाकर आराम फरमाता है
- वन विभाग से हाथी को भगाने की मांग कर रहे हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**





**भंडरा।** चार दिनों से हाथी के आतंक से भंडरा प्रखंड क्षेत्र के लोग भयभीत हैं। हाथी बगुला पतरा में अड्डा जमाए हुए है। शाम में हाथी पतरा से निकलता है और आसपास के गांव में उत्पात मचाता है। दिन में वह पतरा में रहता है। कुम्हारिया गांव के लोगों के अनुसार हाथी कभी-कभी दिन में भी निकल जाता है। एक मई को हाथी 12बजे दिन में ही पतरा से निकलकर कुम्हारिया गांव के पास घूमने लगा। लोग भय से भाग खड़े हुए। हाथी के द्वारा कई घरों को एवं किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। बगुला पतरा के बगल में कुम्हारिया गांव के किसान तरबूज की खेती बड़े पैमाने पर किए हैं।

हाथी तरबूज को बड़े चाव से खाता है और पतरा के अंदर घुसकर आराम फरमाता है। कुम्हरिया गांव के लुंदरू साहू के खेत में लगे मिर्च के फसल को भी हाथी द्वारा काफी क्षती पहुंचाई गई है। 30 अप्रेल की रात एक बजे को हाथी हाटी कुम्बाटोली गांव पहुंच गया। गांव में अपरा तफरी मच गई। लोग घरों से निकलकर भागने लगे। लोगों को बचाने के क्रम में हाटी कुंबटोली गांव के पारा शिक्षक सोहराय उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। शिक्षक का हाथ टूट गया। हाटी गांव में हाथी झरिया उरांव का खिड़की एवं दरवाजा तोड़ दिया। सोमरा उरांव का एस्बेस्टस सीट का घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी से परेशान लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। इन्हें डर लगा रहता है कि किसी भी समय हाथी से भेंट हो जाएगी तो नुकसान हो सकता है। हाथी के अन्यत्र भगाने की मांग आसपास के गांव के लोग वन विभाग से कर रहे हैं परंतु वन विभाग अभी तक हाथी को दूसरे स्थान पर भेजना या पहचाने में असफल है।

## न्यूज बॉक्स

### अज्ञात वाहन के धक्के से एक पोल क्षतिग्रस्त, बिजली बाधित



**कूडू - लोहरदगा।** कुडू मेन रोड स्थित खुशी बुक डिपो के समिप बीती रात अज्ञात वाहन ने एक विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। टक्कर से एक पोल के साथ केबल भी सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि रात होने से आसपास कोई नहीं था, इसलिए बड़ा हादसा होने से बच गया। लेकिन पोल टूटने से मेन रोड और बाजार टांड़ के इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। जिस कारण उमस में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा आपूर्ति बहाल करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति ठप है।

**सड़क पर बने गड्ढों से बचने के कारण होती है दुर्घटनाएं :** उल्लेखनिय है कि उक्त स्थान पर सड़क की हालत वर्षों से खस्ताहाल है। कुडू से घाघरा तक बनी सड़क का काम कराने वाले संवेदक द्वारा उक्त स्थान पर पुरानी सड़क को उखाड़कर जेएसबी भर दिया गया था। जो अब बड़े - बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है सड़क में बने इन्ही गड्ढों से बचने के चक्कर मे राहगीरों व बाइक चालकों समेत अन्य वाहन चालकों को पोल में टक्कर लगने की आशंका बनी रहती है। जब स्कूल बस, ट्रक इस इलाके से गुजरते है तो ज्यादा परेशानी होती है। बाजार और त्योहारों के दिनों में तो जाम भी लग जाता है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की जिसके बाद कुछ नेता आए और आश्वासन देकर चले भी गए लेकिन सड़क जस की तस बनी हुई है।

### छठघाट का कार्य गुणवत्ता पूर्वक तरीके से ससमय पूर्ण करें : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड अंतर्गत सेन्हा पंचायत में बंकी नदी में छठ घाट का सुंदरीकरण का कार्य लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराया जा रहा है। वही कार्य का शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की और पहान सहावीर उरांव द्वारा संयुक्त रूप से आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर और फावड़ा चला कर कार्य को शुरू किया गया। वही लगभग 17 लाख की लगात से लघु सिंचाई विभाग द्वारा सेन्हा के बांकी नदी में छठ घाट का सुंदरी करण कार्य कराया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बंकी नदी में छठघाट सुंदरी करण में सीढ़ी और पीसीसी पथ निर्माण होगा।सीढ़ी बनने से छठ व्रतियों को छठ पूजा के दौरान पूजा करने में आसानी होगा।और पीसीसी पथ बनने से छठ घाट तक व्रतियों को आने जाने में परेशानी नही होगी। साथ ही कहा कि नदी किनारे सीढ़ी का निर्माण होने से बरसात के दिनों में गांव के लोगों को भी लाभ मिलेगा।और नदी किनारे भूमि का कटाव भी रूकेगा।वही संवेदक से अपील करते हुए गुणवत्ता पूर्वक समय के साथ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को मजदुरी का काम देने के लिये कहा गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की,रोहित कुमार साहु,मिथलेश मिश्र,प्रकाश उरांव,शमशुल खान,रमेश राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिमडेगा में स्मार्ट पीडीएस योजना पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**सिमडेगा।** झारखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सटीक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को सिमडेगा नगर भवन में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी एवं सभी अंचल अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सादिक सैफी ने प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्मार्ट पीडीएस योजना की कार्यप्रणाली समझाई। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पीडीएस दुकानों में ई-पॉश मशीनें लगाई गई हैं, जिनमें ऐसा सॉफ्टवेयर डाला गया है जो खाद्यान्न वितरण की निगरानी करता है। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिये लाभुकों की पहचान सुनिश्चित होती है, जिससे फर्जीवाड़ा रोका जा सकेगा।

# लोहरदगा में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



- शहर में खुलेआम पिस्तौल लहराकर दहशत पैदा कर रहा था आरोपी
- नाबालिग को अगवा करने की देता था धमकी

**लोहरदगा।** शहर के पावरगंज चौक में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक खुलेआम पिस्तौल लहराता हुआ नजर आया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से युवक को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान शेम वर्मा (27 वर्ष), पिता वीरेंद्र वर्मा, निवासी दुर्गाबाड़ी लेन, पावरगंज चौक, लोहरदगा के रूप में की गई है। पुलिस ने शेम वर्मा के पास से एक देशी पिस्तौल और .315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 71/2025 के तहत आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान सहायक अवर निरीक्षक तारकेश्वर कुमार ने बिना हथियार के रहते हुए साहस का परिचय देते हुए पिस्तौल लहराते आरोपी को मौके पर ही काबू में किया, जिससे किसी संभावित घटना को समय रहते टाल दिया गया। थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि आरोपी शेम वर्मा लोहरदगा मैन बगीचा निवासी नवीन कुमार दसौंधी को लगातार फोन कर धमकी दे रहा था कि वह उनकी नाबालिग बेटी को अगवा कर ले जाएगा। पीड़ित परिवार इस धमकी से दहशत में था और उन्होंने थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी पर नजर रखनी शुरू की और गुरुवार दोपहर उसे अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि लोहरदगा में अपराध और अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बनाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों को धमकाने वाले या डराने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा।

पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कदम उठाया जा सके। पूछताछ के बाद आरोपी शेम वर्मा को गुरुवार की दोपहर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही पुलिस उसके पुराने आपराधिक रिकार्ड की भी जांच कर रही है। मामले की गहनता से जांच जारी है।

# वृद्ध दिव्यांगों को दी गई ट्राइसाइकिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में बाल विकास महिला पर्यवेक्षिका द्वारा कल्याण विभाग की ओर से एक वृद्ध दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल दिया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक ने वृद्ध दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल देने के उपरान्त कहा की कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विकास विभाग की ओर से सभी तरह के दिव्यांगों को आवश्यकता अनुसार दिव्यांग यंत्र दे कर सहयोग किया जाता है। दिव्यांग लाभुक अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के माध्यम से सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन देकर दिव्यांगों के लिये उपयोगी सामग्री और यंत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। सतब ही कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को लाभ दिया जायेगा। जिसके लिये सेविकाओं को भी निर्देश देते हुए कहा गया है।सभी सेविका अपने क्षेत्र के योग्य दिव्यांग लाभुकों को लाभ दिलाने का हर सम्भव प्रयास करें जिस निमित शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी निवासी कचन उरांव का 50 वर्षीय दिव्यांग पुत्र एतवा उरांव को ट्राइसाइकिल दिया गया। वही ट्राइसाइकिल मिलने से एतवा उरांव काफी खुश नजर आया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक,विजय कुमार साहु समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने बड़कीचापी पंचायत में योजनाओं का किया निरीक्षण

# जरूरतमंदों को मिली तत्काल आवास की स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा द्वारा बड़कीचापी पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम बागवानी, बिरसा सिंचाई कूप योजना, अबुआ आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में श्रीमती मिश्रा ने कुंडगड़ा गांव निवासी शुशीला देवी के पुराने कच्चे घर का अवलोकन किया। उनकी स्थिति को देखते हुए उन्होंने शुशीला देवी को आवास योजना के अंतर्गत आवास की तत्काल स्वीकृति प्रदान की। साथ ही पंचायत स्वयंसेवक ओमप्रकाश प्रजापति को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की जांच कर आवास प्लस सर्वेक्षण सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। उन्होंने मौके पर उपस्थित कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को सौंपा गया कार्य ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा करना अनिवार्य है। इस अवसर पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायत सचिव जीत बाहन उरांव, रोजगार सेवक मो. असदुल्ला, स्वयंसेवक ओमप्रकाश प्रजापति सहित कई अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## भंडरा में विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव से गुरुवार को 28 वर्षीय विवाहिता एक महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है, जो पिछले एक वर्षो से अपने मायके मे रह रही थी। मृतका की पहचान भीठा गांव निवासी संतोषी कुमारी पिता जतरू उरांव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक संतोषी कुमारी की अपने ससुराल मे उसके सौतन से काफ़ी समय से विवाद चल रहा था। जिसके कारण संतोषी एक वर्षो से अपने मायके मे ही रह रही थी। मंगलवार को घर मे संतोषी अकेले थी। दरवाजा अंदर से बंद था। बुधवार को संतोषी का घर का दरवाजा नहीं खुला गुरुवार की सुबह पडोसी को घर से दुर्गन्ध आ रही थी। जिससे ग्रामीणों को आशंका हुई तो कमरे में झांककर देखा तो संतोषी साड़ी के फंदे से लटकी हुई थी। यह दृश्य देखकर लोग चीख पडे और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमाटम के लिए लोहरदगा सदर हॉस्पिटल जेल दिया।

# डीसी ने कराटे खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कानपुर के द स्पॉट हब में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा जिला के कराटे खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा 18 से 20 अप्रैल 2025 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में लोहरदगा जिला कराटे संघ एवं एसएस स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के 11 कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

आज उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि उक्त चैंपियनशिप में मलेशिया, वियतनाम, दुबई, थाईलैण्ड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि देशों से लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें लोहरदगा जिला की ओर से कराटे खिलाड़ी सानिया परवीन ने गोल्ड व ब्रॉन्ज, सिपु कुजूर ने गोल्ड व सिल्वर, मृगांक वैभव ने गोल्ड, उमर रजा ने गोल्ड, संतुष्टि महली (द्वितीय स्थान), अर्श अर्पित टोप्पो ने सिल्वर मेडल, उमर अंसारी ने सिल्वर मेडल, मनीष भगत (तीसरा स्थान), अंकित कुजूर (तीसरा स्थान), रोनित कुजूर (तीसरा स्थान), रामचंद्र उरांव (तीसरा स्थान) हासिल किया। आज खिलाड़ियों के साथ कोच श्रवण साहू व अन्य सपोर्टिंग स्टाफ भी उपस्थित थे।

# राहुल गांधी और कांग्रेस की जीत है जातिगत जनगणना की मंजूरी : धीरज प्रसाद साहू

- आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाने का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा और सफलता भी मिलेगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना कराने का फैसला वास्तव में राहुल गांधी और कांग्रेस की बहुत महत्वपूर्ण जीत है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इस निर्णय से यह भी प्रमाणित हो गया है कि कांग्रेस केवल और केवल उन्हीं मुद्दों के साथ चलती है जो जनता के हित में है और अधिकांश लोगों की जिस मुद्दे के प्रति पूरी तरीके से सहमति है और जब इस मुद्दे के प्रति लोगों के प्रबल समर्थन का पता सरकार को चला तो उसने जातिगत जनगणना को अपनी मंजूरी दे दी। श्री साहू ने कहा कि जिस प्रकार जातिगत जनगणना को मंजूरी मिली उसी प्रकार से कांग्रेस का वह संघर्ष भी जारी रहेगा जिसमें आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की बात है और हम इसे भी लेकर के रहेंगे. श्री साहू ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेसी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है और इंडिया गठबंधन ही एकमात्र ऐसा जुझारू और जनहित के प्रति समर्पित गठबंधन है जिसके मुद्दे की तलाश आम लोगों के बीच में होती है ना कि वह किसी के मन की उपज होती है या किसी व्यक्ति विशेष के दिमाग की. श्री साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि आज सभी लोगों में जिस प्रकार का सकारात्मक संदेश गया है उसका फायदा देश को मिलेगा और जातिगत जनगणना होने के बाद न केवल जमीनी स्तर पर सही एवं सटीक नीतिगत निर्णय लिये जायेंगे बल्कि उसी के अनुसार सरकार की कल्याणकारी योजना तय होगी. उन्होंने कहा कि अब भाजपा अपनी पुरानी आदत के अनुसार इस निर्णय को भुनाने की कोशिश करेगी लेकिन आम जनता अच्छी तरीके से समझ गयी है कि कौन जनहित के प्रति समर्पित है और कौन केवल अपने लिये राजनीति करता है. उन्होंने कहा कि जनहित के प्रति कांग्रेस के संकल्प के तहत ही अगले 6 मई को राजधानी के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली के प्रति भारी संख्या में आम लोगों का सकारात्मक रुझान और समर्थन मिल रहा है।

## 8 को ऐतिहासिक होगा इंटक का महाधिवेशन : पूर्व सांसद



- कई मंत्री, विधायक और सांसद करेंगे शिरकत, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आकर्षण का केंद्र

**लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं छोटानागपुर बक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने 8 मई 2025 को किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले इंटक महाधिवेशन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने वे स्वयं स्थल पर पहुंचे और आवश्यक निर्देश दिए। श्री साहू ने बताया कि इस महाधिवेशन में छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से 30 से 40 हजार मजदूर भाई-बहन एकत्रित होंगे। यह सम्मेलन मजदूरों की एकता, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा, "मजदूर देश की रीढ़ हैं। जब तक मैं हूं, मजदूरों के साथ कोई अन्याय नहीं होने दूंगा।" कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कई मंत्री, विधायक एवं सांसदों के शामिल होने की पुष्टि की गई है। साथ ही नागपुरी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के लोकप्रिय कलाकार जैसे नितेश कच्छप, पवन राय, हुलास महतो, चिंता देवी, सुमन गुप्ता, बसीर अंसारी और कयूम अब्बास सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। तैयारियों की समीक्षा के दौरान श्री साहू के साथ विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, बीस सूत्री अध्यक्ष शामुल अंसारी, हातिम अंसारी, युवा नेता निश्चय वर्मा, रौनक इक़बाल, अंसार अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद,पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2025–26

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 07.05.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 09.05.2025 (अपराह्न 02:00 बजे तक)
4 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 09.05.2025 (अपराह्न 03:00 बजे से)
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6 निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मोहम्मदगंज | प्रखण्ड मोहम्मदगंज के दुकानों का उन्नयन। | 993000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | सदर मेदिनीनगर | JSLPS को आवंटित पुराना DRDA भवन का मरम्मति। | 909400.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | हुसैनाबाद | प्रखण्ड हुसैनाबाद के बनियाडीह बराही के ग्राम बराही में सार्वजनिक स्थल पर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 984000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | हुसैनाबाद | प्रखण्ड हुसैनाबाद के ग्राम पंचायत पथरा के ग्राम नारायणपुर में हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 775000.00 | 15500.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 351540 District(25-26).D

## न्यूज बॉक्स

### नशे में धुत्त स्कूटी सवार ने मारी जोरदार टक्कर, जनसेवक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** डुमरी प्रखंड में ड्यूटी कर लौट रहे जेई रौनक मेहता व जनसेवक मेलप्रकाश टोपनो को एक तेज़ रफ्तार स्कूटी (जेएच07के-6189) सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। दोनों अधिकारी मोटरसाइकिल (जेएच0एम-3778) पर सवार थे। हादसा शुक्रवार शाम करीब छह बजे बांसडीह घाटी में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार युवक नशे में था और विपरीत दिशा से अचानक दाईं ओर मुड़ते हुए सामने से आकर टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जनसेवक मेलप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि जेई रौनक मेहता को भी तेज चोटें आई हैं। दोनों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला ले जाया गया। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार युवक की स्थिति सामान्य है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जलमीनार है खराब चूएं का पानी पीनो को हैं मजबूर ग्रामीण

**घाघरा।** घाघरा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना का लाभ चुंदरी पंचायत के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।इस योजना के तहत लोगों तक साफ पानी का सप्लाई करना था। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण लोग चूये का पानी अभी भी पीने को बेबस है।घाघरा प्रखंड के चुन्दरी पंचायत अंतर्गत बुरजू गुडरू टोली में 2 साल पहले पीएचडी विभाग द्वारा सोलर ऊर्जा से संचालित जल मीनार का निर्माण कराया गया था। इस योजना के तहत हर घर तक पेय जल की आपूर्ति को सुनिश्चित करना था। जल मीनार लग चुका है। सप्लाई पाइप भी बिछाया जा चुका है। लेकिन संवेदक की मनमानी एवं पी एच डी विभाग के अधिकारीयो कि उदासीन रवैया के कारण दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक इसे चालू नहीं किया गया है। जलमीनार अब केवल दिखावा की चीज बनकर रह गया है। गांव के लोग आज भी कुआं एवं नदी का पानी पीने को विवश है।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में अभियुक्त के खिलाफ इश्तहार तमिल, सरेंडर करे नहीं तो होगा कुड़की

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल में स्थानीय पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बहुरा तुरी, पुत्र बुनु तुरी, निवासी तिगावल के खिलाफ विधिवत इश्तहार तमिल किया है। यह कदम भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत बहुरा तुरी के द्वारा किए गए गंभीर अपराधों की जानकारी देने के लिए उठाया गया है। चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार ने बताया कि बहुरा तुरी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 332, 333, 353 तथा 307 सहित 436, 427जैसी गंभीर धाराएँ लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त, शस्त्र अधिनियम की धारा 1, 3, और 4 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 17 के तहत भी बहुरा तुरी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।इसी संबंध में, आज ढोल-नगाड़ों एवं ग्रामीणों के साथ इश्तहार तमिल किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को इस अपराधी के खिलाफ सचेत किया गया। यह कदम स्थानीय पुलिस की प्रयासों का एक हिस्सा है, जिससे अपराध की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।एसआई दिनेश कुमार ने कहा कि यह एक ठोस संदेश है कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके पास बहुरा तुरी के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे पुलिस से संपर्क करें।

### बीस हजार ठगी की शिकार हुई महिला शिकायत करने पहुंची घाघरा थाना

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के तुरियाडीह निवासी तीन दिव्यांग बच्चे की मां सुमंती देवी ने बीस हजार रुपये ठगी मामले को लेकर घाघरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उसने कहा है कि नवाडीह आदर निवासी श्रीमती देवी एक दिन अचानक घाघरा में मिली और हाल चाल लेने के उपरांत मेरे नम्बर से अपने नम्बर पर कॉल कर मेरा मोबाइल नम्बर ले ली। इधर आठ दस दिन पूर्व तीन महिला एवं दो पुरुष के साथ वह सुमंती के घर पहुँच मेरे तीन आंख से दिब्यांग पुत्र के लिए पढ़ाई लिखाई की सामग्री देने की बात कह जबतदस्ती बीस हजार रुपये ले लिए। पंद्रह दिन बीत जाने के बाद श्रीमती के मोबाइल पर जब सुमंती ने कॉल किया तो धमकी भरी बात करने लगी। सुमंती ने अपने एक बेटे के हाथ टूट जाने और इलाज के लिए पैसे नही होने की बात कह पैसे दिलाने की गुहार घाघरा पुलिस से आवेदन देकर की है। उसने श्रीमती का मोबाइल नम्बर भी आवेदन में दिया है।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध पीपल बोटा लदे ट्रैक्टर को किया जब्त, चालक फरार

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के मलगो मोड़ के पास वन विभाग की टीम ने बीती रात रात्रि गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने अवैध रूप से पीपल का बोटा लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब वन विभाग की टीम ने गश्ती के दौरान संदिग्ध ट्रैक्टर को देखा, तो चालक तेज गति से ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। पीछा करने पर वह मलगो मोड़ के पास ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। वन विभाग की टीम ने तत्काल ट्रैक्टर को जब्त कर सिसई नर्सरी परिसर में सुरक्षित रखवा दिया। इस संबंध में प्रभारी वनपाल राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जब्त किए गए पीपल के बोटे की अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपये आंकी गई है। उक्त ट्रैक्टर के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत वाद दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। छापेमारी दल में प्रभारी वनपाल राकेश कुमार मिश्रा के अलावा वनरक्षी अकील अहमद, रजत किरण डुंगडुंग, सतीश कुमार भगत तथा क्यूआरटी टीम के सदस्य शामिल थे।

### चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, जावा महुआ किया नष्ट

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के आबकारी विभाग ने शुक्रवार को अहले सुबह एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। विभाग ने चैनपुर बाजार टाड़ से आरोपी रेणु खलखो के घर से 40 किलोग्राम जवा महुआ जो नष्ट किए और 6 लीटर शराब जब्त की अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए की गई थी। इसके अलावा, जारी थाना क्षेत्र के आमगांव में भी एक अन्य आरोपी महेश महतो के पास से 8 लीटर शराब बरामद की गई।इस कार्रवाई के बाद शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है, और कई विक्रेताओं ने अपने कारोबार को बंद करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। इस छापामारी दल में प्रदीप कुमार करमाली, अवर निरीक्षक उत्पाद ,उत्पाद सिपाही एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल मौजूद थे।अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है।आबकारी विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त पाया गया, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में इस प्रकार की कार्रवाई से स्थानीय निवासियों में एक सकारात्मक संदेश गया है, और उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का आश्वासन मिला है।

### प्रकृति पर्व सरहुल की धूम, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, बोले मंत्री चमरा लिंडा

# 'सरहुल पर्व हमारी संस्कृति व आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं'

- मंत्री चमरा लिंडा और पूर्व सांसद समीर उरांव रहे शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड में प्रकृति और संस्कृति के पर्व सरहुल को परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। करमटोली गांव स्थित सरना स्थल में बैगा विश्राम उरांव और पुजार बुधराम उरांव द्वारा मां सरना की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच सरना फूल और प्रसाद का वितरण किया गया।

प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा समिति के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, पूर्व सांसद समीर उरांव, सिल्ली एसडीपीओ अनुज उरांव, और सैकड़ों की संख्या में विभिन्न प्रखंडों से आए खोड़हा दलों ने हिस्सा लिया। सरना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी शोभायात्रा बिरसा बाग तक निकाली गई, जिसमें लोक कला, मांदर-नगाड़े और पारंपरिक वेशभूषा में थिरकते लोग संस्कृति की जीवंत झलक पेश कर रहे थे।

बिरसा बाग में आयोजित मुख्य समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खोड़हा दलों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि "सरहुल पर्व हमारी परंपरा, संस्कृति और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। अखड़ा संस्कृति से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।" उन्होंने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा 1500 करोड़ की लागत से ढोल-नगाड़े खरीदे जा रहे हैं, जो सभी गांवों में वितरित किए जाएंगे ताकि पारंपरिक संस्कृति को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि क्षेत्र में एक ऐसा भवन बनाया जाएगा जहां आदिवासी विद्यार्थी रहकर आईपीएस की तैयारी कर सकेंगे।

पूर्व सांसद समीर उरांव ने सरहुल पर्व के वैज्ञानिक पहलू की चर्चा करते हुए कहा कि "हमारे पूर्वज मौसम का अनुमान लगाकर प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीते थे। आज जरूरत है कि हम शिक्षा को प्राथमिकता दें और समाज की कुरीतियों को दूर करें।" कार्यक्रम में शिवराम कश्यप, भिखारी भगत, महेंद्र भगत, और समिति के पदाधिकारी करमचंद उरांव (अध्यक्ष), प्रकाश उरांव (सचिव) सहित हजारों ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पर्व के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक चेतना, एकता और स्वाभिमान का संदेश गूंजता रहा।

### ब्रेक फेल होने से 12 लोग घायल, चार गंभीर गुमला सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला (पालकोट)।** पालकोट थाना क्षेत्र के करईलकोचा ढलान में एक सवारी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वाहन में सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों की पहचान खरपानी गांव निवासी जितेंद्र सिंह, दुर्गा सिंह, पारस सिंह और गुडु बेरा निवासी दुर्गा सिंह के रूप में हुई है, जिनका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। अन्य घायलों का उपचार पालकोट के अस्पताल में हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सवारी वाहन में करीब 20 लोग सवार थे, जो खरपानी गांव से बिरकेरा गांव एक बहुरता कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे।

### गुमला में खेल और पर्यटन योजनाओं की समीक्षा बैठक

# खिलाड़ियों को सुविधाएं व पर्यटकों को बेहतर माहौल देने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में खेल एवं पर्यटन विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं, निर्माण कार्यों और खिलाड़ियों की सुविधा से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

**खिलाड़ियों को मिलें समुचित संसाधन :** उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि "खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, ताकि उनकी प्रतिभा को निखार मिल सके और वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।" उन्होंने जिले के सभी प्रखंड स्तरीय डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया।

**पर्यटन को मिले गति :** बैठक में गुमला जिले में चल रहे रॉक गार्डन और बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में निर्माणाधीन शहीद स्मारक की प्रगति की समीक्षा की गई। डीडीसी ने शहीद स्मारक को 10 मई तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, स्वीकृत नए पर्यटन स्थलों पर भी गहन चर्चा हुई, जिससे गुमला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सके।

**खेल व पर्यटन दोनों को मिले बढ़ावा :** गुमला जिले में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टेडियमों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही बाहर से आने वाले पर्यटकों और खेल पर्यटकों को सभी आवश्यक सुविधाएं देने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी और कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

### पीडीएस दुकानदारों की बैठक संपन्न, आज होगा प्रशिक्षण



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह मार्केटिंग ऑफिसर (सीओ सह एमओ) अविनाश कुजूर ने की। बैठक में सीओ ने दुकानदारों को जानकारी दी कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुमला जिला को स्मार्ट पीडीएस घोषित किया गया है। इस योजना के तहत सभी पीडीएस दुकानदारों को 3 मई को सिसई प्रखंड सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें भरनो प्रखंड के सभी डीलरों को अपनी ई-पॉश मशीन के साथ शामिल होना अनिवार्य है। सीओ ने बैठक के दौरान समय पर खाद्यान्न उठाव सुनिश्चित करने और डायरेक्ट स्टॉक डिलीवरी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एजीएम राजकिशोर राम, डीलर संघ के अध्यक्ष अरकीतानंद देवघरिया सहित प्रखंड के सभी डीलर – सुनील केशरी, शिव जयसवाल, सुभानी उरांव, उदय कुमार गुप्ता, सतीश कुमार, मनोहर लाल, रेयाज चौधरी, विनय पांडा, बेचन फरास, गंदूर मुंडा, बसंत गुप्ता, राजकुमार केशरी, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

### अक्षय तृतीया पर भदौली में आस्था व परंपरा का संगम

# मंडा पूजा का भव्य आयोजन छऊ नृत्य ने सबका मन मोहा



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के ग्राम भदौली स्थित महादेव मंडा टांड़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर आस्था और दैवीय शक्ति का प्रतीक माने जाने वाले मंडा पूजा का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। मंडा पूजा समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों महिला-पुरुष, युवक-युवतियों और बच्चों ने व्रत रखकर भाग लिया। पूजा का शुभारंभ पाँच दिन पूर्व पाहन पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया था। व्रतियों ने तालाब में स्नान कर पवित्र जल से भरे कलश के साथ महादेव मंदिर की परिक्रमा की। इस दौरान वे लेटते हुए परिक्रमा करते दिखे, जिस पर व्रती महिलाओं ने कलश जल का छिड़काव किया। पाँचवें दिन अग्निकुंड की स्थापना कर अग्नि प्रज्वलित की गई। सभी व्रतियों को बारी-बारी से अग्निकुंड के ऊपर झूला झुलाया गया। इसके बाद अंगारों पर नंगे पांव चलकर फुलखुंदी की रस्म पूरी की गई। मान्यता है कि सच्चे भाव से यह अनुष्ठान करने वालों की हर मनोकामना बाबा भोलेनाथ पूर्ण करते हैं। पूजा के समापन पर व्रतियों को शर्बत पिलाकर व्रत खोला गया और प्रसाद वितरण के साथ भंडारा आयोजित किया गया।

**छऊ नृत्य ने बांधा समा :** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से आई छऊ नृत्य मंडलियां रहीं। डाबरा आदिवासी छऊ नृत्य समिति एवं कुरियम शिवशक्ति छऊ नृत्य पार्टी की महिला-पुरुष कलाकारों ने रामायण और महाभारत के प्रसंगों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। रातभर चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आयोजन को भक्ति और लोकसंस्कृति के रंग में रंग दिया।

**आयोजन समिति की अहम भूमिका :** इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंडा पूजा समिति अध्यक्ष राजेश उरांव, सचिव रामानंद सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात साहू, पूजा प्रभारी विकास कुमार पंडा समेत संरक्षक मंडल व कार्यकारिणी सदस्यों और ग्रामवासियों की सराहनीय भूमिका रही।

### गुमला में उप विकास आयुक्त ने समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक की

# पोषण ट्रैकर व मातृ वंदना योजना में तेजी लाने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त (डीडीसी) दिलेश्वर महतो ने की। बैठक में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों के आधार सत्यापन, वजन माप की प्रविष्टि, गृह भ्रमण की प्रगति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका/सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया, और आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना पर विशेष चर्चा की गई। पोषण ट्रैकर ऐप में शत-प्रतिशत डेटा अपडेट हो और सभी बच्चों के परिजनों के आधार अपलोड किए जाएं। वजन मापन की सभी प्रविष्टियां समय पर पूरी की जाएं। महिला पर्यवेक्षिकाएं नियमित गृह भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं की पहचान करें और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। मातृ वंदना योजना, किशोरी समृद्धि योजना व कन्यादान योजना को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएं। सेविका/सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, मरम्मत आदि आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। पालकोट, बसिया और सिसई प्रखंडों के खराब चापाकलों को तुरंत मरम्मत करने का निर्देश भी दिया गया, ताकि गर्मी में पेयजल संकट से बचा जा सके। बैठक में सभी सीडीपीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए, जबकि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं और अन्य विभागीय कर्मी भी मौजूद रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक – 89 दिनांक – 28.04.2025 द्वारा निकाली गई ई0 निविदा आमंत्रण सं0 NIT NO – 01 वर्ष 2025-26 N.R.E.P/LOHARDAGA PR 351293 (Lohardaga)25-26*D के द्वारा प्रकाशित निविदा वेब साईड के नियम एवं शर्त के कण्डिका 08 में अंकित विगत तीन वर्शों में से किसी एक वर्ष का प्राक्कलित राशि का 100% Turnover के स्थान पर 150% Turnover पढ़ा जाय। अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

PR 351501 (Lohardaga)25-26*D



## Office Of the Executive Officer
## Nagar Parishad, Garhwa
## Urban Development & Housing Developement
## Govt. of Jharkhand

**Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender**

कोटेशन आमंत्रण सूचना/
ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या 04/2025–26,
Urban Health and Wellness Center (UAAM),Tandwa
हेतु निम्नलिखित Furniture एवं अन्य सामग्रियों की आवश्यकता है।
Furniture एवं अन्य सामग्रियों की सूची

| क्र0सं0 | सामग्रियों का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | ALMIRAH | 01 अदद |
| 02 | IRON RACK | 01 अदद |
| 03 | OFFICE TABLE | 01 अदद |
| 04 | COMPUTER TABLE | 01 अदद |
| 05 | REVOLVING CHAIR | 01 अदद |
| 06 | SIMPLE CHAIR | 01 अदद |
| 07 | THREE SEATER | 01 अदद |
| 08 | PATIENT REVOLVING STOOL | 01 अदद |
| 09 | REFRIGERETOR | 01 अदद |
| 10 | BUCKET | 01 अदद |
| 11 | MUG | 01 अदद |
| 12 | FAN | 01 अदद |
| 13 | INVERTOR WITH BATTERY | 01 अदद |
| 14 | BED | 01 अदद |
| 15 | MATTRESS | 01 अदद |
| 16 | BED SHEET | 01 अदद |
| 17 | CLOCK | 01 अदद |
| 18 | DIGITAL CLOCK | 01 अदद |
| 19 | CURTAIN | 01 अदद |
| 20 | FIRE EXTINGUISER | 01 अदद |
| 21 | R.O WATER FILTOR | 01 अदद |

इच्छुक निर्माता/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता से इस सामग्रियों के आपूर्ति हेतु दर आमंत्रित किया जाता है, वे दिनांक 09.05.2025 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उदृत कर नगर परिषद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर वित्तीय बिड में विचार किया जायेगा।

**नोटः– कोटेशन के सभी नियम व शर्तें सूचना पट् पर देखना अनिवार्य है।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 351523 (Urban Development)25-26*D



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

### सूचना

पलामू जिला में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला स्तरीय संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा की गई। किशोर न्याय (बालको के रेख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम–2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हेतु मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला स्तरीय संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन सूचना ज्ञापांक–1730/जि0स0क0, दिनांक–14.10.2024 के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) अन्तर्गत कुल 08 (आठ) पदों के विरूद्ध 10 (दस) अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु दैनिक समाचार एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईड www.palamu.nic.in के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित किया गया। प्रकाशित नियुक्ति विज्ञापन में निहित शर्तों एवं अहर्त्ताओं के अनुसार पदवार इच्छुक अभ्यार्थियों से दिनांक 09.11.2024 तक निबंधित डाक से आवेदन प्राप्त किये गये है।

प्राप्त आवेदनों की विवरणी को कम्प्यूटर प्रविष्टि के उपरांत नियुक्ति हेतु प्रारंभिक मेधा सूची तैयार कर जिले के अधिकारिक वेबसाईड www.palamu.nic.in पर अपलोड कर अभ्यर्थियों को सूचित किया गया। दिनांक 20.02.2025 से 25.02.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक (कार्य दिवस में) त्रुटि के निराकरण हेतु अभ्यर्थियों से दावा–आपत्ति प्राप्त किया गया। प्राप्त दावा–आपत्ति के पश्चात नियुक्ति हेतु चयन समिति द्वारा दिनांक 19.03.2025 को बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अंतिम मेघा सूची प्रकाशन हेतु निर्णय लिया गया है।

प्रत्येक पद के लिए चयनित अंतिम मेघा सूची में शामिल दो–दो अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्र से जाँच एवं दस्तावेज से संबंधित शपथ पत्र, यदि किसी संस्था में कार्यरत हो तो अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं एक अभ्यर्थी का चयन दो पदों पर हो तो प्राथमिकता पद संबंधी पत्र पलामू समाहरणालय के ब्लॉक–C के DRDA समागार में दिनांक 05.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से एवं टंकन संबंधित पदों हेतु टंकन जांच अपराह्न 01:00 बजे से किया जाएगा। साथ ही बाल कल्याण समिति (CWC-01) एवं किशोर न्याय बोर्ड (JJB-01) के मेधा सूची दर्ज अभ्यर्थियों को सहायक–सह–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु कम्प्यूटर टंकण हिन्दी–30WPM एवं अंग्रेजी–35WPM की जांच किया जाएगा। टंकन जांच परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अथवा ससमय उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को दुबारा अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 351497 (District) 25-26 (D)



## –: कार्यालय :–
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–समाहर्त्ता, लातेहार वन प्रमण्डल।

### –: आवश्यक सूचना :–

बिहार पब्लिक लैण्ड इन्क्रौचमेन्ट एक्ट, 1956 (Bihar Act XV 1956) की धारा–2(3) के अंतर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा से संबंधित सुनवाई हेतु तिथि **24.05.2025** को निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | शिकायत वाद संख्या | बी0पी0एल0 ई0 मुकदमा सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अतिक्रमित रकबा (एकड़ में) | पी0एफ0 का नाम | प्लॉट सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 380/2023 | 11/2025 | घनश्याम राम, पिता–मुन्नी लाल मोची, ग्राम–डुडंगी कला, लातेहार | 0.03 | डुडंगी कला | 341 |
| 02 | 162/2020 | 09/2025 | बालेश्वर उरांव, पिता–स्व0 दुखी उरांव, ग्राम–सीरम, बालूमाथ, लातेहार | 0.02 | सीरम | 526 |
| 03 | 16/2020 | 07/2025 | दशरथ गंझू, पिता–महेश्वर गंझू, नन्दकिशोर गंझू, पिता–जगेश्वर गंझू, दोनों ग्राम–डडेया, चंदवा, लातेहार | 0.05 | डडेया | 142 |
| 04 | 94/2020 | 08/2025 | मधुसुदन दुबे, पिता–स्व0 अर्जून दुबे, ग्राम–पथरही, थाना–लेस्लीगंज, जिला–पलामू, कमलेश उरांव, पिता–मतन उरांव, ग्राम–डुडंगी कला, लातेहार, नन्दलाल सिंह, पिता–सुर्यदेव सिंह, ग्राम–तुलबुल, लातेहार | 0.05 | डुडंगी कला | 239 |
| 05 | 53/2023 | 10/2025 | अवधेश यादव, पिता–बैजू यादव, पिन्टू यादव, पिता–बैजू यादव, दोनों ग्राम–सीरम, टोला–पण्डरिया, थाना–बालूमाथ लातेहार | 0.03 | सीरम | 03 |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि **24.05.2025** को 11:00 बजे पूर्वाह्न में वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह– समाहर्त्ता, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकपक्षीय उचित आदेश पारित कर दी जायेगी।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
–सह– समाहर्त्ता,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 351491 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, आध्यात्मिक व मानसिक तृप्ति न मिले, हममें गति व शक्ति न पैदा हो, हमारा सौंदर्य प्रेम न जागृत हो, जो हममें संकल्प व कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करे, वह हमारे लिए बेकार है वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं है। **- प्रेमचंद**

## संपादकीय

# जाति ही पूछो साधु की

अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति से भारत में धर्म और जातियों के विभाजन को बढ़ावा दिया था। साल 1901 की जनगणना में 1,646 और साल 1931 की जनगणना में कुल 4,147 जातियों की संख्या बताई गई थी। साल 1931 की जनगणना के अनुसार, 52.4 फीसदी ओबीसी, 22.6 फीसदी अनुसूचित जाति/जनजाति, 17.6 फीसदी अगड़ी जातियां और 16.2 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग थे। मंडल कमीशन की रिपोर्ट अविभाजित भारत के 50 साल पुराने इन्हीं आंकड़ों पर आधारित थी। 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे से वोट बैंक की फसल अच्छी कटती है, इसलिए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सभी दलों के नेता उत्साहपूर्ण तरीके से सहमत हैं। यूपीए सरकार के दौरान साल 2011 में जनगणना के बाद सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से जातियों की गणना हुई थी। कई रिपोर्टों के अनुसार, उस सर्वे में 46 लाख से ज्यादा जातियों का विवरण था। इसलिए वह रिपोर्ट पूरे तौर पर कभी प्रकाशित ही नहीं हुई। जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय लिस्ट में लगभग 2,633, जबकि राज्यों में लगभग 3,651 ओबीसी जातियां शामिल हैं। केंद्र सरकार मोबाइल और एप के माध्यम से डिजिटल जनगणना कराने का दावा कर रही है। 2011 की जनगणना में लगभग 25 लाख सरकारी शिक्षकों और कर्मियों की ड्यूटी के साथ लगभग 2,200 करोड़ रुपए का खर्च हुए थे। साल 2019 में जनगणना के मद में लगभग 8,754 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान था, जो अब बढ़ेगा। उसके बावजूद 2025-26 के बजट में जनगणना के मद में केंद्र सरकार ने सिर्फ 574 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। 16वीं जनगणना के लिए निर्धारित फॉर्म में बीसवां नया कॉलम बढ़ाने और 2011 की अप्रकाशित रिपोर्ट की गलतियों से बचने के लिए केंद्र सरकार को राज्यों के साथ मिलकर जातियों व उपजातियों की लिस्ट को अंतिम रूप देना होगा। इस प्रक्रिया में विपक्ष शासित राज्यों से समुचित विमर्श से जाति के नाम पर सामाजिक असंतोष को भड़काने वाली ताकतों को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती होगी। मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईडब्ल्यूएस के साथ कई राज्यों में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है। जनगणना में मुस्लिम समुदाय में जातियां के सर्वे पर भी कानूनी विवाद हो सकते हैं।विपक्षी दांव के बाद अब सरकार की तरफ से सशक्तीकरण और समावेशी विकास के दावे किए जा रहे हैं, पर इसे सफल बनाने के लिए सरकार को चार बड़ी सांविधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, पहला-संविधान में आबादी के अनुसार विधायकों और सांसदों की सीटों का निर्धारण होता है, जिसे परिसीमन कहते हैं। दक्षिण के राज्य 1971 की पुरानी आबादी के अनुसार परिसीमन की मांग कर रहे हैं, जिसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। परिसीमन पर क्षेत्र और भाषा के आधार पर विवाद को रोकने के लिए सरकार जनगणना के फैसले को टाल रही है। उस फॉर्मूले के अनुसार, जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करने में भी विलंब हो सकता है।



*मंडल कमीशन की रिपोर्ट अविभाजित भारत के 50 साल पुराने इन्हीं आंकड़ों पर आधारित थी।*

# मन की शक्ति : जैसा सोचेंगे वैसा पाएंगे

हम सभी जीवन में सफलता, शांति, समृद्धि, और संतुलन चाहते हैं। कोई परीक्षा में टॉप करना चाहता है, कोई अच्छी नौकरी चाहता है, कोई एक सफल व्यवसाय या शांतिपूर्ण पारिवारिक जीवन चाहता है। लेकिन बहुत बार हम यह मान बैठते हैं कि इन लक्ष्यों को पाने के लिए हमारे पास "अपर्याप्त योग्यता" है। यह भ्रम, यह मानसिक रुकावट, हमारी असली समस्या है।

असल में, ईश्वर ने हर इंसान को समान क्षमता दी है। फर्क सिर्फ इस बात में है कि कौन उस क्षमता को पहचान पाता है और कौन नहीं। इस लेख में हम दो ऐसी शक्तियों को समझेंगे जो आपकी ज़िन्दगी को अंदर से बदल सकती हैं – सबकॉन्शियस माइंड (अवचेतन मन) और लॉ ऑफ अट्रैक्शन (आकर्षण का सिद्धांत)। जब इन दोनों को सही ढंग से समझकर अभ्यास में लाया जाता है, तो जीवन में चमत्कार होने लगते हैं।



### सबकॉन्शियस माइंड : वो अदृश्य शक्ति जो सब संभालता है

हमारा दिमाग दो भागों में काम करता है – Conscious Mind (चेतन मन) और Subconscious Mind (अवचेतन मन)। चेतन मन वो है जिससे हम रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में सोचते हैं, फैसले लेते हैं। लेकिन अवचेतन मन वह गहराई है जहाँ हमारे विश्वास, आदतें, डर, आत्म-छवि, और संभावनाएं छिपी होती हैं।

जिस बात को हम बार-बार सोचते हैं, महसूस करते हैं, या कल्पना करते हैं - वह धीरे-धीरे अवचेतन मन में गहराई से बैठ जाती है और फिर हमारी वास्तविकता बनने लगती है। अगर हम रोज़ कहते हैं कि "मुझसे नहीं होगा" – तो सच में नहीं होगा। लेकिन अगर हम प्रतिदिन कहते हैं "मैं कर सकता हूँ, मैं सक्षम हूँ," तो अवचेतन मन उसे सच मानकर वैसा ही रास्ता बनाना शुरू कर देता है।

आज की बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता, शिक्षा विशेषज्ञ

### लॉ ऑफ अट्रैक्शन : जैसा सोचेंगे, वैसा पाएंगे

आकर्षण का सिद्धांत कहता है कि हम ब्रह्मांड में जिस प्रकार की ऊर्जा भेजते हैं, वैसी ही ऊर्जा हमारे पास लौटकर आती है। अगर हम अपने विचारों में हमेशा शिकायत, डर, कमी या असफलता को ही दोहराते रहेंगे, तो वही हमारी ज़िन्दगी में घटेगा। लेकिन अगर हम सोचते हैं कि हम सफल हैं, हम सकारात्मक हैं, हमें अवसर मिल रहे हैं – तो ब्रह्मांड हमें वही सौंपने लगेगा।

इस सिद्धांत को समझकर कई लोग जीवन में धन, प्रसिद्धि, स्वास्थ्य, रिश्ते, सफलता – सब कुछ प्राप्त कर चुके हैं। और इसकी शुरुआत होती है एक छोटे-से अभ्यास से – सोच को बदलने से।

### हर वर्ग के लिए उपयोगी बच्चों के लिए

बच्चे अगर अपनी परीक्षाओं में अच्छे अंक चाहते हैं तो उन्हें सिर्फ पढ़ना ही नहीं, अपने दिमाग को प्रोग्राम भी करना होगा। रोज़ सुबह-शाम खुद को टॉप करते हुए देखना, खुद पर विश्वास करना, "मैं कर सकता हूँ" जैसे वाक्य बोलना – यह अभ्यास उनकी पढ़ाई को और ज्यादा असरदार बना देगा।

### युवाओं के लिए

जो युवा नौकरी या करियर में सफलता चाहते हैं, वे केवल प्रयासों तक सीमित न रहें। रोज़ खुद को उस नौकरी में देखें, जैसे इंटरव्यू में बैठकर आत्मविश्वास से जवाब दे रहे हैं। यह मानसिक चित्रण (visualization) धीरे-धीरे आपके आत्मविश्वास और अवसर दोनों को बढ़ा देगा।

### महिलाओं के लिए

घर संभालने वाली या अपने लिए कुछ करना चाहने वाली महिलाएं अगर प्रतिदिन 10 मिनट भी खुद को उस रूप में देखें – जैसे वे आत्मनिर्भर हैं, स्वस्थ हैं, खुश हैं, कुछ नया सीख रही हैं – तो उनका अवचेतन मन उन्हें उस दिशा में आगे बढ़ाना शुरू कर देगा।

महिलाएं जब आत्मविश्वास से कहती हैं – "मैं भी कुछ कर सकती हूँ," तो ब्रह्मांड सच में उनके लिए रास्ते खोलने लगता है।

### बुजुर्गों के लिए

उम्र के इस पड़ाव पर शांति, स्वास्थ्य और संतोष की भावना सबसे ज़रूरी होती है। जो बुजुर्ग रोज़ खुद को खुश, स्वस्थ और ऊर्जा से भरा महसूस करते हैं, उनका शरीर और मन खुद-ब-खुद बेहतर होने लगता है। यह प्रक्रिया उम्र को चुनौती देती है।

### कैसे करें अभ्यास?

**सकारात्मक पुष्टि (Positive Affirmations)**

- हर दिन 5 मिनट आँख बंद करके खुद से कहें –
- "मैं स्वस्थ हूँ",
- "मैं सफल हूँ",
- "मैं कर सकता हूँ",
- "मेरे जीवन में अच्छे अवसर आ रहे हैं।"

**मानसिक चित्रण (Visualization)**

- अपनी आंखें बंद करके, खुद को उस स्थिति में देखें जो आप पाना चाहते हैं – परीक्षा में अव्वल, ऑफिस में प्रमोशन, मंच पर बोलते हुए, व्यवसाय में सफलता – जैसे वह पहले से हो चुका है।

**आभार (Gratitude)**

- जो कुछ भी है, उसके लिए आभार व्यक्त करें। आभार की भावना सकारात्मक ऊर्जा को खींचती है।

**ध्यान और प्रार्थना**

- प्रतिदिन कुछ समय ध्यान और ईश्वर से जुड़ाव में बिताएं। आध्यात्मिक जुड़ाव से आत्मा को दिशा मिलती है और मन को स्थिरता।

मनुष्य में वो सब कुछ है जो वो पाना चाहता है। ज़रूरत है केवल उस शक्ति को पहचानने की, जो हमारे भीतर है – हमारा अवचेतन मन। जब हम अपने विचारों को सकारात्मक दिशा में प्रशिक्षित करते हैं, तो ब्रह्मांड हमारी मदद करता है। यही है "मन की शक्ति।"

इसलिए अगली बार जब आप किसी लक्ष्य को पाने के लिए सोचें, तो सिर्फ मेहनत ही नहीं, अपने मन को भी उसी दिशा में चलने की ट्रेनिंग दें। फिर देखिए, ज़िन्दगी कैसे बदलती है – चुपचाप, पर चमत्कारी ढंग से। "जो आप बनना चाहते हैं, पहले उसे अपने मन में देखिए – फिर वो आपकी वास्तविकता बन जाएगी।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# चाय, चमचा और चुटकी नमक

कहते हैं कि अगर आपकी चाय में नमक पड़ जाए तो या तो आप बहुत बड़े नेता बनने वाले हैं, या फिर किसी ने आपके जीवन की मिठास में सेंध लगा दी है। मेरे मोहल्ले के शशिकांत जी ने दोनों कर डाले – नेता भी बन गए और मोहल्ले की बहुओं की आँखों से गंगाजल भी बहवा दिया। वो जब सुबह-सुबह अपनी बीवी को "गुड मॉर्निंग" कहते थे तो बीवी नमकदानी फेंक देती थी – "तुमसे तो गुडनाइट ही बेहतर है।" मोहल्ले में कोई मरता, तो शशिकांत जी सांत्वना देने से पहले पूछते, "मौत अचानक हुई या रूटीन की?" उनके चेहरे पर हमेशा एक स्थायी व्यंग्य होता – मानो जिंदगी को उन्होंने ईएमआई पर ले रखा हो। पिछले महीने उन्होंने समाज सेवा का नया स्टार्टअप खोला – 'चाय विद चुटकी'। उद्देश्य था – "एक कप में समाज की सारी समस्याओं को घोलना और फिर उसे गर्मागरम परोस देना।" लेकिन पहले ही दिन समस्या घुल नहीं पाई, चाय में नमक घुल गया। वो चाय पीने वालों से बोले, "भाइयों और बहनों, यह चाय नहीं, व्यवस्था का घड़ा है – पी जाओ, तभी तो सुधार होगा।" लोगों ने पिया... और उल्टी भी की। पर शशिकांत जी मुस्कराए – "क्रांति ऐसे ही होती है।" हर मोहल्ले में एक चमचा होता है। पर शशिकांत जी के यहाँ तो चमचों की पूरी पंचायत थी – रामलाल, जमुना प्रसाद, और विमलेश। ये लोग हर बात पर ताली बजाते – "वाह साहब! आपने तो गधे को भी घोड़ा बना दिया!" शशिकांत जी मुस्कराते, "सही पकड़े हैं।" उन्होंने हर समस्या का हल चाय में ढूंढा – बेरोजगारी? एक चाय दो, नौकरी लग जाएगी। गड्ढों वाली सड़क? चाय पर चर्चा कर लो, सड़क तो न बदलेगी, मन जरूर बदल जाएगा। एक बार तो उन्होंने कहा – "जीडीपी गिर रही है? कोई बात नहीं, कप तो उठ रहा है न?" और पूरा मोहल्ला हँसते-हँसते रो पड़ा। घर में शशिकांत जी के बच्चे उन्हें 'पापा' नहीं, 'पब्लिक स्पीकर' कहते थे। जब भी उनकी बेटी उनसे नए जूते मांगती, वो कहते – "बेटी, असली सुंदरता आत्मा की होती है, पैर की नहीं।" बेटे ने एक बार कहा, "पापा, स्कूल में सब मेरा मज़ाक उड़ाते हैं।" जवाब मिला – "तो क्या हुआ? मैं भी नेता बना हूं, मेरा भी मज़ाक उड़ता है, फिर भी जनता मुझे वोट देती है।" घर की रसोई में नमक खत्म हो जाए, तो शशिकांत जी कहते – "चलो बेटा, समाज को सुधारने चले चलते हैं, वापसी में नमक भी ले आएंगे।"

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# पत्रकारिता : एक मशाल, एक मिशन, एक मर्सिया

सत्ता कांपे जब स्याही बहे-यही है सच्ची पत्रकारिता

एक कलम, कुछ शब्द, और सत्य की ताकत- यह वह हथियार है जो सत्ता के तख्त को हिला सकता है। लेकिन इस हथियार की कीमत क्या है? कभी-कभी स्याही, और कभी-कभी खून। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जो हर 3 मई को आता है, केवल एक तारीख नहीं है। यह एक चीख है-उन पत्रकारों की, जिन्होंने सच के लिए अपनी जान दी। यह एक चुनौती है-उन सत्ताओं को, जो सवालों से डरती हैं। और सबसे बढ़कर, यह एक आह्वान है-हर उस इंसान के लिए, जो सच सुनना, सवाल पूछना, और न्याय की उम्मीद करना चाहता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब सत्ता स्याही से डरने लगे, तो समझ लीजिए कि कलम सही रास्ते पर है। लेकिन यह रास्ता सिर्फ कागज पर नहीं लिखा जाता-यह धमकियों, मुकदमों, सेंसरशिप, और खून से तर रास्तों से होकर गुजरता है। पत्रकारिता कोई नौकरी नहीं, एक जंग है। यह जंग सच और झूठ के बीच, सत्ता और जनता के बीच, अंधेरे और रोशनी के बीच लड़ी जाती है। जब कोई पत्रकार युद्ध के मैदान से, भ्रष्टाचार की काली गलियों से, या वंचित गांवों की अनसुनी कहानियों को दुनिया के सामने लाता है, वह सिर्फ खबर नहीं लिखता। वह इतिहास के पन्नों पर सत्य को अमर करता है। वह उन आवाजों को बुलंद करता है, जो सत्ता के शोर में खो जाती हैं। लेकिन इस साहस की कीमत भारी है। 2024 में, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में 60 से अधिक पत्रकारों को उनके काम के लिए मार दिया गया, और 500 से ज्यादा जेल में बंद हैं। ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं, बल्कि उन सपनों की चीत्कार हैं, जो सच के लिए कुचल दिए गए। फिर भी, ये पत्रकार अपनी कलम को तलवार बनाकर लड़ते हैं, ताकि हम एक लोकतांत्रिक समाज में सांस ले सकें।

प्रेस की आज़ादी कोई स्थायी खजाना नहीं, जिसे एक बार हासिल कर लिया तो हमेशा सुरक्षित रहे। यह एक नाजुक धागा है, जो सत्ता के एक झटके से टूट सकता है। जब सरकारें आलोचना को देशद्रोह मानने लगें, जब राष्ट्रवाद का नकाब सवाल उठाने वालों को चुप कराने के लिए इस्तेमाल हो, तब प्रेस स्वतंत्रता एक नारा नहीं, बल्कि एक क्रांति बन जाती है। यह क्रांति ज़रूरी है। क्योंकि जब सत्ता निरंकुश हो, तो एक स्वतंत्र प्रेस ही जनता की आखिरी उम्मीद होती है। भारत जैसे देश में, जहां लोकतंत्र की जड़ें गहरी हैं, वहां भी यह आज़ादी खतरे में है। पत्रकारों पर "राष्ट्रविरोधी" ट्वीट्स के लिए केस, डिजिटल मीडिया पर निगरानी, और ट्रोल आर्मी के हमले— ये सब प्रेस की सांसों को घोटने की साजिशें हैं। फिर भी, कुछ निडर पत्रकार अपनी आवाज़ को बुलंद रखते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि उनकी चुप्पी कई पीढ़ियों को गूंगा बना सकती है।

आज का दौर सिर्फ कागज की पत्रकारिता का नहीं। डिजिटल क्रांति ने प्रेस की पहुंच को बढ़ाया है, लेकिन खतरों को भी कई गुना कर दिया है। एक ट्वीट को "राष्ट्रविरोधी" करार देना, एक पोस्ट को सेंसर करना, या एक पत्रकार को ऑनलाइन धमकियां देना-यह सब अब चंद सेकंड का खेल है। साइबर हमले, डेटा चोरी, और डिजिटल निगरानी पत्रकारों के लिए नई जंजीरें हैं। लेकिन यही डिजिटल मंच वह ताकत भी है, जहां सत्य की आवाज़ें गूंज रही हैं। स्वतंत्र पत्रकार, ब्लॉगर, और नागरिक पत्रकारिता ने दिखाया है कि सत्य को जंजीरों में नहीं बांधा जा सकता। फिर भी, इस आज़ादी को बचाने की ज़िम्मेदारी सिर्फ पत्रकारों की नहीं, हमारी भी है। क्योंकि जब प्रेस चुप होता है, तो समाज की आत्मा भी मौन हो जाती है।

सोचिए, अगर अखबार सिर्फ सत्ता के गुणगान छापें, न्यूज़ चैनल सरकार की कठपुतली बन जाएं, और सोशल मीडिया पर सेंसरशिप की तलवार लटके, तो सच्चाई कहां बचेगी? ऐसी दुनिया में हमारी आवाज़ें गुलाम हो जाएंगी। इसलिए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस सिर्फ पत्रकारों का दिन नहीं। यह हर उस इंसान का दिन है, जो सच जानना चाहता है, जो सवाल पूछना चाहता है, जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहता है। यह दिन हमें यह सिखाता है कि प्रेस की आज़ादी हमारी अपनी आज़ादी है। इसे बचाना हमारा धर्म है।

देश की बात




**प्रो. आरके जैन**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रगति दिखाई देश ने, चली रेत में नाव।
देश पुन: रखने लगा, अंगद जैसा पांव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# चंद्रभेदी प्राणायाम ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम को कंट्रोल करता है

जैसा कि देखने में आ रहा है वर्तमान समय में गर्मी का मौसम प्रारंभ हो चुका है, और तापमान धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि इस अत्यधिक गर्मी के मौसम में शरीर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं, जैसे हीट स्ट्रोक, हीट थकावट, हीट क्रैम्प, और गर्मी से होने वाले दाने. ये समस्याएं शरीर के तापमान के बढ़ने, निर्जलीकरण और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण होती हैं, हीट स्ट्रोकः- यह एक गंभीर चिकित्सा आपातकाल है जिसमें शरीर का तापमान 104F (40C) से ऊपर बढ़ जाता है, हीट थकावटः- इसमें भी शरीर को बहुत गर्मी लगती है और निर्जलीकरण होता है,हीट क्रैम्पः- इसमें मांसपेशियों में ऐंठन होती हैं जो अत्यधिक पसीने और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण होती हैं,निर्जलीकरणः- अत्यधिक पसीने के कारण शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जिससे चक्कर आना, सिरदर्द और थकान जैसे लक्षण हो सकते हैं, इन सभी समस्या से बचाव में चंद्रभेदी प्राणायाम शीतली और शीतकारी प्राणायाम अति लाभदायक है चंद्र भेदी प्राणायाम हमारे शरीर के तापमान को सामान्य बनाए रखने में और हमें अत्यधिक गर्मी से बचाव में लाभदायक है, चंद्रभेदी प्राणायाम की उत्पत्ति योग चूड़ामणि उपनिषद में पाई जाती है, जो कुंडलिनी और तंत्र योग के मौलिक ग्रंथों में से एक है। योग ग्रंथों में कहा गया है कि चंद्र भेदन प्राणायाम बुरे कर्मों को शुद्ध करता है, जो मनोवैज्ञानिक या भावनात्मक बोझ हम ढोते हैं। इस प्राणायाम का उपयोग चंद्र या इड़ा नाड़ी (चंद्र चैनल) को शुद्ध करने और कुंडलिनी ऊर्जा को जागृत करने के लिए भी किया जाता है। चंद्र भेदन के ऐसे लाभ गूढ़ लग सकते हैं, लेकिन आम तौर पर कहें तो यह चिंतित और उत्तेजित मन को शांत करने का एक उत्कृष्ट संसाधन है। यह अभ्यास बायीं नासिका से श्वास लेकर किया जाता है, क्योंकि इससे इड़ा नाड़ी में किसी भी रुकावट को दूर करने में मदद मिलती है, जो मूलाधार चक्र से शुरू होती है और बायीं नासिका में समाप्त होती है। इड़ा नाड़ी पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित करती है, और इसलिए शांति और विश्राम से संबंधित है। संस्कृत में, इड़ा का अर्थ है 'आराम', और नाड़ियाँ शरीर के चारों ओर ऊजावांन चैनल हैं, जो प्राण के उन प्रवाह की अनुमति देती हैं। आयुर्वेद और योग दर्शन में नाड़ियों को रुकावटों से मुक्त रखना महत्वपूर्ण माना जाता है ताकि प्राण ठीक से प्रवाहित हो सके। क्योंकि इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार होता है, प्राणायाम को नियमित करने से कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है। इसी तरह चंद्रभेदन प्राणायाम शरीर में होने वाले बदलावों के साथ-साथ उनसे होने वाली बीमारियों से भी छुटकारा दिलाने में मदद करता है। चंद्रभेदन प्राणायाम करने से शरीर में मौजूद नाड़ीया शुद्ध होती है। साथ ही ऐसा करने से चंद्रनाड़ी भी सक्रिय हो जाती है। इसी कारण से इस प्राणायाम का नाम चंद्रभेदन प्राणायाम रखा गया है, चंद्रभेदन प्राणायाम को अंग्रेजी में लेफ्ट नॉस्ट्रिल ब्रीथिंग भी कहा जाता है। चंद्रभेदन प्राणायाम दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें चंद्र का अर्थ है चंद्रमा और वेधन का अर्थ है प्रवेश करना या तोड़ना। सांस लेने के लिए हमारे पास दो नासिका छिद्र हैं। योग में इसे नाड़ी कहा जाता है, जिसमें दायीं नासिका को सूर्य नाड़ी और बायीं नासिका को चंद्र नाड़ी के नाम से जाना जाता है। चंद्रभेदन प्राणायाम एक सरल और प्रभावी श्वास तकनीक है, चंद्रभेदी प्राणायाम गर्मियों के दिनों में किया जाने बाला अभ्यास है। यह प्राणायाम शरीर में ठंडक बढ़ाता है। इससे मौसम की गर्मी का असर शरीर पर कम पड़ता है। हमारे शरीर का सामान्य तापमान आमतौर पर 98.6 F (37c) रहता है। यह लोगों में उम्र, कार्य जैसी स्थितियों के आधार पर भिन्न भी हो सकता है। हमारा शरीर स्वतः तापमान को नियंत्रित भी करता रहता है, पर कुछ स्थितियों में इसके बढ़ने का खतरा रहता है जिसके कारण अधिक गर्मी लगने का एहसास हो सकता है। हमारे शरीर की रक्त संचार प्रणाली, तापमान का मुख्य नियामक है। जब हम गर्म महसूस करते हैं, तो रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं ताकि उनमें से अधिक रक्त प्रवाहित हो सके। इससे त्वचा में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है, जिससे अतिरिक्त गर्मी निकल जाती है। इसी तरह जब हम ठंडा महसूस करते हैं, तो रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। यदि आप तनावग्रस्त हैं, तो आपका ऑटोनोमिक नर्वस सिस्टम सक्रिय हो जाता है, जिससे रक्त आपके शरीर के मुख्य अंगों की ओर तेजी से बढ़ने लग जाता है, इससे अधिक गर्मी महसूस होती है। इसके अलावा मसालेदार भोजन, कैफीन और अल्कोहल भी हमारे हृदय गति को बढ़ा देते हैं, जिससे हमें अधिक गर्मी और पसीना आता है और शरीर में फैट की मात्रा जितनी अधिक होती है, उतनी ही अधिक गर्मी महसूस होती है।

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वज्रपात की चपेट में आए ईंट भट्ठा मजदूर, एक की मौत, चार घायल



▸ बालूमाथ के चटूवाग गांव में हादसा, मृतक महाबली भुइयां था परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य, भट्ठे की वैधता पर उठे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड के चटूवाग गांव स्थित एक ईंट भट्ठे में गुरुवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर को अचानक तेज हवा और बारिश के साथ वज्रपात शुरू हुआ। उसी समय चटूवाग ग्राम के समीप एक ईंट भट्ठे में मजदूर काम कर रहे थे, जब वज्रपात की चपेट में आकर पांच मजदूर घायल हो गए। घायलों में महाबली भुइयां (32 वर्ष), छोटू कुमार (7 वर्ष), राहुल कुमार (28 वर्ष), आशीष राम (36 वर्ष), और सिंटू कुमार (12 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर सुरेंद्र कुमार और डॉक्टर अलीशा तोपो ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन महाबली भुइयां की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। मृतक महाबली भुइयां पांकी थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव का निवासी था और अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। बालूमाथ थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि उक्त बंगला ईंट भट्ठा सकेंद्र महतो का है, जहां नाबालिग मजदूर भी कार्यरत थे। भट्ठा वैध है या अवैध, और वहां बिजली के स्रोत सहित सुरक्षा उपायों की स्थिति क्या है , यह सब जांच का विषय बना हुआ है।

**क्या बोले अंचल अधिकारी :** बालूमाथ अंचल अधिकारी विजय कुमार ने फोन पर जानकारी दी कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही भट्ठे की वैधता, मजदूरों की उम्र और सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है। प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है।

## सिकनी कोलियरी को शीघ्र चालू करने की मांग, मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**चंदवा।** गुरुवार को सिकनी कोल परियोजना परिसर में झारखंड खनिज मजदूर संघ के तत्वावधान में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कहा कि कोलियरी पिछले छह माह से बंद है, जिससे हजारों मजदूरों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि कोलियरी में कोयले की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, लेकिन टेंडर नहीं निकलने के कारण स्थिति गंभीर है। उन्होंने राज्य सरकार से जल्द कोलियरी चालू करने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे ने भी कोलियरी बंद रहने पर सवाल उठाया और चेतावनी दी कि जल्द निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि यूनियन अधिवेशन में मजदूर बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर जगा उरांव, राजनाथ उरांव, लाल बिहारी यादव, मुनेश्वर राम, अर्जुन राम सहित कई मजदूर उपस्थित थे।

## लावालौंग के समीप पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बैंड पार्टी के सात कलाकार घायल, तीन रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लावालौंग के समीप गुरुवार को एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें रौनक ए-वन ताशा पार्टी के सात कलाकार घायल हो गए। घटना के समय सभी कलाकार सिमरिया थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव से प्रतापपुर पटना बरात में प्रस्तुति देकर लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार भगिया गांव लौटते समय लावालौंग के पास वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया। हादसे में घायल सभी कलाकारों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में दिलीप कुमार (20 वर्ष), प्रदीप कुमार (22 वर्ष) और संजय राम (18 वर्ष) को गंभीर चोटें आने के कारण रिम्स, रांची रेफर किया गया है। वहीं, सुनील राम, रंजन कुमार, कुंदन कुमार और अनुज कुमार को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया। सभी घायल बालूमाथ प्रखंड के भगिया गांव निवासी हैं। इस दुर्घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत और चिंता का माहौल है।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, दो रेफर

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाईपास रोड स्थित बेसिक स्कूल के पास देर शाम हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जाती है। इनका लातेहार सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया, इसके बाद इन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स में रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि बाईपास के पुराने पुलिस लाइन के पास देर शाम दो पहिया वाहन आमने-सामने टकरा गई जिसमें शाहबाज आलम, तौफीक आलम और अंगद गुप्ता घायल हो गए। एक अन्य अभिषेक सिंह उन्हें मामूली चोट आई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने इनका इलाज किया। इनमें शाहबाज आलम और तौफीक आलम की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये दोनों घायल अम्वाटीक के रहने वाले बताए जाते हैं, जबकि अंगद रोड लातेहार और अभिषेक बाईपास रोड का रहने वाले बताए जा रहे हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गई है।

## बिश्रामपुर मोड़ के पास ईंट लदा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, एक नाबालिग मजदूर की मौत, चालक समेत तीन घायल

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के सासंग पंचायत अंतर्गत बिश्रामपुर मोड़ के समीप बुधवार को ईंट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कमार्चुआ गांव निवासी नाबालिग मजदूर बादल भुइयां (17 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी गुरुवार की सुबह रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के दौरान ट्रैक्टर चालक चंदन सिंह, मजदूर मिथिलेश कुमार और राजेंद्र भुइयां भी घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब ट्रैक्टर सासंग पंचायत के हीरा भट्ठा से ईंट लादकर कैमा होते हुए लातेहार जा रहा था। विश्रामपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे सभी मजदूर घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बादल भुइयां को गंभीर स्थिति में रांची रिम्स रेफर किया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिससे गांव में मातम पसर गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर विमल राम उर्फ विमल भुइयां का है। चिंता की बात यह है कि ट्रैक्टर चालक समेत अन्य दो मजदूर भी नाबालिग हैं, जिससे ट्रैक्टर परिचालन और श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## तेज बारिश व आंधी तूफान से क्षेत्र में तबाही, कई पेड़ों की टहनियां टूटीं

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र बारियातू समेत आसपास के गांवों में गुरुवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली। दोपहर करीब एक बजे तेज हवाओं के साथ अंधड़ और बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। अंधड़ की गति इतनी तेज थी कि कई जगहों पर पेड़ों की मोटी-मोटी टहनियां टूटकर गिर गईं। बारिश और आंधी-तूफान के चलते लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे आमजन के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी राहत मिली है। बारिश व तेज हवा का असर प्रखंड मुख्यालय बारियातू सहित डाढ़ा, फूलसु, बालूभांग, साल्वे, गोनिया, सिबला, अमरवाडीह और टोटी पंचायत में देखा गया। इन क्षेत्रों में आंशिक वर्षा के साथ-साथ आंधी-तूफान ने फसलों और हरी सब्जियों को नुकसान पहुँचाया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की तेज मौसमी मार से खेतों में लगी फसलों को नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई करना किसानों के लिए चुनौती बन सकता है।

## श्रीश्री 108 अष्टभुजी माता, शिव-हनुमान, विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा व रूद्रचंडी नव दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** शुक्रवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह स्थित मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर में नव दिवसीय श्रीश्री 108 अष्टभुजी दुर्गा माता, शिव-हनुमान, विश्वकर्मा सह रूद्रचंडी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा में 2001 कलशधारी कन्याएं व महिलाएं शामिल हुईं। कलश यात्रा बुद्ध नदी तक गई, जहां यज्ञाचार्य अमित उपाध्याय ने वैदिक विधि से गंगा पूजन कर जल भरवाया। इसके बाद कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ यज्ञ मंडप में पहुंची, जहाँ कलश स्थापना के बाद मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन और संध्या आरती जैसे अनुष्ठान सम्पन्न हुए। यज्ञ समिति अध्यक्ष मेघन दांगी ने बताया कि 2 मई से 10 मई तक चलने वाले महायज्ञ में प्रतिदिन विभिन्न पूजन अनुष्ठान होंगे और 10 मई को भंडारा व जागरण के साथ समापन होगा। कलश यात्रा में जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जेएमएम नेता मनोज कुमार चंद्रा, एसडीपीओ सन्नी राज, बीडीओ कलिंदर साहू, सीओ उदल राम सहित कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## देवेंद्र आचार्य की भागवत कथा में उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

**प्रतापपुर (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के डुमरी गांव में प्रभु मिश्रा व महावीर मिश्रा द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा 30 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई तक चलेगी। इस कथा में प्रवचन के लिए अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक पंडित देवेंद्र आचार्य के प्रवचनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। कथा स्थल पर भक्ति-भाव और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

## मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुल्क समिति गठित, विद्यालय सुरक्षा पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण अधिनियम 2017 के तहत विद्यालय शुल्क समिति का गठन किया गया। साथ ही विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था एवं रखरखाव पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में प्रबंधन समिति ने रामनाथ सिंह को शुल्क समिति का अध्यक्ष एवं प्रभारी प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक को सचिव मनोनीत किया। शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में अनीता देवी, आरती देवी तथा सूरजदेव उरांव को तथा माता-पिता शिक्षक संघ द्वारा नामित सदस्य के रूप में पंचानंद पांडे, अजीत कुमार, संतोष यादव और रामलाल यादव को समिति में शामिल किया गया। बैठक के दौरान विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की गई। प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक ने जानकारी दी कि हाल के दिनों में कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय परिसर में लगे बिजली तारों को काटकर ले जाया गया है तथा शौचालय के दरवाजे को पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस संबंध में प्रबंधन समिति ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्रशासन को अवगत करा दिया है। इसके साथ ही बैठक में विद्यालय के रखरखाव, सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक संसाधनों की मरम्मत को लेकर भी कई निर्णय लिए गए। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अरविंद साहू, सचिव रामजी सिंह, लवकेश सिंह, निर्मल सिन्हा, रविंद्र नाथ विश्वकर्मा, संतोष कुमार यादव, शिक्षिकाएं सोनम कुमारी, मनीषा कुमारी, दिव्या कुमारी, नीरा कुजूर तथा शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता एवं राकेश मिंज उपस्थित थे।

## बारियातू में मनरेगा, अबुआ आवास व पीएम आवास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में मनरेगा, अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बीडीओ ने 2025-26 के लिए स्वीकृत आम बगवानी कार्यों की गड्ढा खुदाई 10 मई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अबुआ आवास योजनाओं को मनरेगा से जोड़कर डिमांड लगाने और मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों को शीघ्र शेड निर्माण का आदेश दिया गया।

2023-24 में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत 37 आवास 150 दिन बीत जाने के बाद भी पेंडिंग पाए गए, जिन्हें जल्द पीलींथ लेवल तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं, 2024-25 में आवंटित राशि के बावजूद 418 आवास लंबित हैं। पीएम आवास के 2016-22 के 114 पुराने आवासों को पूर्ण करने और 2024-25 के 374 लाभुकों को कार्य प्रारंभ करने को कहा गया। बैठक में आवास कोऑर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर ने बताया कि पीएम आवास का सर्वे 15 मई तक जारी रहेगा। लाभुक अपने मोबाइल से पीलींथ के बाद जियो टैग कर सकते हैं।

मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, पंचायत सेवक प्रकाश कुमार, रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव सहित प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित रहे।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा ।**

(जिला आपूर्त्ति शाखा )

(e-Mail id:-dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

(निविदा संख्या–01 / 2025–26)

संचिका संख्या–X-07/2020/II-02/2022-23 के पृश्ठ संख्या–52 पर उपायुक्त, चतरा द्वारा प्राप्त अनुमोदन के आलोक मेंमुख्यमंत्री दाल–भात योजना अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्र संचालकों को चावल मध्यम, चना मध्यम एवं सोया बड़ी मध्यम उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक निविदादाताओं से अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में तकनीकी एवं वित्तीय बीड आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र जिला आपूर्ति शाखा, चतरा से दिनांक–03.05.2025 से 13.05.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक–16.05.2025 के अपराह्न 01:30 बजे तक जिला आपूर्ति कार्यालय, चतरा में प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदा दिनांक–16.05.2025 को अपराह्न 03:30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें चतरा जिला के विभागीय **Website-**https://chatra.nic.in/ पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
चतरा।

PR 351492 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)D


## फरार चल रहे सात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र में फरार चल रहे सात नामजद आरोपियों को पुलिस ने विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया है। इनमें रिंटू गंझू उर्फ सनोज गंझू (खरार्टी), रंजीत पासवान (इमामगंज, गया), योगेश्वर पासवान, जितेंद्र पासवान (लुटुवा), मनोज पासवान (गोमें), फूलचंद यादव व महेंद्र चौधरी (कोठी) शामिल हैं। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि सभी आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पकड़ा गया और न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सफाईकर्मियों को नगर पंचायत ने किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार कार्यालय परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर प्रशासक राजीव रंजन ने सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया और उनके सेवाभाव की सराहना की। राजीव रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि सफाईकर्मी शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में एक अहम भूमिका निभाते हैं। इनका योगदान अमूल्य है, जिसे कभी भी कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की मेहनत और प्रतिबद्धता ही स्वच्छता अभियान की रीढ़ है।

कार्यक्रम में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी सफाईकर्मियों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना की और अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक निष्ठावान रहने का संकल्प लिया।

# मजदूर विवश नहीं, समाज व राष्ट्र की नींव हैं : फादर एमके जोश

▸ संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में सादगी से मनाया गया मजदूर दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालयःमहुआडांड़ में मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और उनके श्रम की सराहना करते हुए प्रेरणादायक संदेश दिए गए। मजदूर दिवस के अवसर पर गुरुवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने की। इस दौरान उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो, डॉ. फादर राजीप तिर्की और डॉ. फादर लियो उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षेत्तर व अन्य कर्मचारियों को बुके और गुलदस्ते प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने अपने संबोधन में कहा, 'मजदूर समाज और राष्ट्र के विकास की नींव होते हैं। शारीरिक और मानसिक श्रम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति मजदूर है। मजबूर होने के बजाय मजदूर बनना ज्यादा बेहतर है।' उन्होंने यह भी कहा कि 'मजदूरों का समाज में योगदान तो अत्यधिक है लेकिन उनकी स्थिति अब भी पीछे है, इसे बदलना होगा।' कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर मैक्सेंटियस कुजूर ने कार्ल मार्क्स को उद्धृत करते हुए कहा, 'दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ, तुम्हारे पास खोने को कुछ नहीं, पाने को सारा जहां है।' उन्होंने कहा कि आज भी मजदूरों का शोषण हो रहा है, जबकि समाज के कल्याण में उनका योगदान सबसे अधिक है। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों के लिए मिष्ठान की व्यवस्था की गई। साथ ही, उपस्थित शिक्षेत्तर कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे किसी व्यक्ति का सम्मान उसकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि उसके कार्यों के आधार पर करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर यह संदेश दिया गया कि किसी भी स्तर पर मजदूर का शोषण नहीं होना चाहिए और उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए, तभी एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना संभव है।

## मजदूर दिवस पर चंदवा में रैली और सभा, मजदूरों की एकजुटता की अपील

**चंदवा।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गुरुवार को चंदवा में झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के बैनर तले एक विशाल रैली निकाली गई। रैली कृषि फार्म से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, बाईपास होते हुए पुनः कृषि फार्म पहुंची, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि मजदूर देश की रीढ़ हैं और उनके बिना समाज का विकास संभव नहीं। उन्होंने मजदूरों के अधिकार, पलायन की समस्या और इतिहास पर प्रकाश डाला। सभा को मो. अलाउद्दीन, अनिल साहू, धनेश्वर तुरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश वासपति एवं अध्यक्षता धनेश्वर तुरी ने की। वहीं, बाल सृष्टि विद्यालय में भी मजदूर दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


**Office Of the
Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa
Urban Development & Housing Developement
Govt. of Jharkhand**

**Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender**

कोटेशन आमंत्रण सूचना/ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या 02/2025–26, Urban Health and Wellness Center (UAAM), \Tandwa हेतु निम्नलिखित **Stationary** एवं अन्य सामग्रियों की आवश्यकता है।

सामग्रियों की सूची

| क्र0सं0 | समग्रियों का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | Paper A 4 | 01 अदद |
| 02 | Jista paper | 01 अदद |
| 03 | Pen | 01 अदद |
| 04 | karbon | 01 अदद |
| 05 | Paper Wait | 01 अदद |
| 06 | Steplar big | 01 अदद |
| 07 | Steplar Pin Big | 01 अदद |
| 08 | Steplar big | 01 अदद |
| 09 | Steplar Pin | 01 अदद |
| 10 | Call bell | 01 अदद |
| 11 | Hand wash | 01 अदद |
| 12 | whitener pen | 01 अदद |
| 13 | pencil battery | 01 अदद |
| 14 | Registsr 6 no | 01 अदद |
| 15 | Registsr 8 no | 01 अदद |
| 16 | Scissor | 01 अदद |
| 17 | Card board | 01 अदद |
| 18 | Fevistick | 01 अदद |
| 19 | Plastic Bucket 20 lit | 01 अदद |
| 20 | Palstict Mug | 01 अदद |
| 21 | Plastict tray A4 size | 01 अदद |
| 22 | Table Glass | 01 अदद |
| 23 | CFL Blub /Tubelight 2 W | 01 अदद |
| 24 | Tourch with battery 3/cell | 01 अदद |
| 25 | Ceiling/wall fan (ISI Mark) | 01 अदद |
| 26 | Chair(plastic) Supreme | 01 अदद |
| 27 | Lizole /Harpik | 01 अदद |
| 28 | Stam pad | 01 अदद |
| 29 | Scale 12 Inch (Iron) | 01 अदद |
| 30 | Leave register | 01 अदद |
| 31 | Marker | 01 अदद |
| 32 | Attdence Register | 01 अदद |
| 33 | High liter | 01 अदद |
| 34 | Dustbin (RED/YALLOW/BLACK/BLUE) | 01 अदद |
| 35 | Towell clotth bomby dyeing 90*180cm | 01 अदद |
| 36 | Register 16 no | 01 अदद |
| 37 | Phenyl | 01 अदद |
| 38 | Tea CUP | 01 अदद |
| 39 | Door Mat | 01 अदद |
| 40 | Table cloth | 01 अदद |
| 41 | Pochcha | 01 अदद |
| 42 | Jhol Jharni | 01 अदद |
| 43 | Calulator | 01 अदद |
| 44 | Pin Pot | 01 अदद |
| 45 | Punching Machine | 01 अदद |
| 46 | Link lock | 01 अदद |
| 47 | Tag | 01 अदद |
| 48 | Folder file | 01 अदद |
| 49 | Stock Register | 01 अदद |
| 50 | Medicine Consumtion register | 01 अदद |
| 51 | OPD Register printed | 01 अदद |
| 52 | OPD Slip | 01 अदद |
| 53 | Pin | 01 अदद |

इच्छुक निर्माता/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता से इस सामग्रियों के आपूर्ति हेतु दर आमंत्रित किया जाता है, वे दिनांक 09.05.2025 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उदृत कर नगर परिषद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर वित्तीय बिड में विचार किया जायेगा।

**नोटः–** कोटेशन के सभी नियम व शर्तें सूचना पट् पर देखना अनिवार्य है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR.NO.351516 Urban Development(25-26):D



**Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa
Urban Development & Housing Developement
Govt. of Jharkhand**

**Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender**

कोटेशन आमंत्रण सूचना/ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या 03/2025–26,

**Urban Health and Wellness Center (UAAM), Tandwa** हेतु निम्नलिखित **Basic Equipment** की आवश्यकता है।

**Basic Equipment** की सूची

| क्र0सं0 | सामग्रियों का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | B.P. Apparatus | 01 अदद |
| 02 | Hub Cutter | 01 अदद |
| 03 | Needle destroyer Electric | 01 अदद |
| 04 | Adult Stethoscope | 01 अदद |
| 05 | Digital Thermameter/enfrared thermameter | 01 अदद |
| 06 | IV STAND | 01 अदद |
| 07 | Weighing machine (infant) | 01 अदद |
| 08 | Weighing machine (Adult) | 01 अदद |
| 09 | Nebulizer | 01 अदद |
| 10 | Measuring Tape | 01 अदद |
| 11 | Snellen Vision Chart | 01 अदद |
| 12 | Near Vision Chart | 01 अदद |
| 13 | Hight Measurement | 01 अदद |
| 14 | Dressing tray with lid | 01 अदद |
| 15 | Surgical Needle Curvical | 01 अदद |
| 16 | Baby weighing scale | 01 अदद |
| 17 | SS Tray with Cover | 01 अदद |
| 18 | Artery forceps | 01 अदद |
| 19 | Rack/Table for Keeping trays,fluids | 01 अदद |
| 20 | Examination table | 01 अदद |
| 21 | Matress for examination table | 01 अदद |
| 22 | Footstep | 01 अदद |
| 23 | Revolving stool | 01 अदद |
| 24 | Screen saparator with stand | 01 अदद |
| 25 | Side Locker | 01 अदद |
| 26 | Blanket | 01 अदद |
| 27 | Stadiometer(Height Measurement) | 01 अदद |
| 28 | Gause cutting scissor straight | 01 अदद |
| 29 | Dressing Drum with lid | 01 अदद |
| 30 | Dressing Table | 01 अदद |
| 31 | Suction Machine Electric/ Foot Operated Suction apparatus | 01 अदद |
| 32 | Oxygen set(mask with tubing) | 01 अदद |
| 33 | Kidney tray | 01 अदद |
| 34 | X-Ray View box | 01 अदद |
| 35 | Torch LED | 01 अदद |
| 36 | Autuclave (mediam) | 01 अदद |
| 37 | Glucometer | 01 अदद |
| 38 | Gluco stripe | 01 अदद |
| 39 | DIGITAL HB METER | 01 अदद |
| 40 | DIGITAL HB STRIPE | 01 अदद |
| 41 | SWAB | 01 अदद |
| 42 | LENCET | 01 अदद |
| 43 | PULSE OXYMETER | 01 अदद |
| 44 | BED | 01 अदद |
| 45 | GLOVES 6.5 | 01 अदद |
| 46 | GLOVES 7.0 | 01 अदद |
| 47 | MASK | 01 अदद |
| 48 | SANITIZER(100 ML) | 01 अदद |
| 49 | COTTON ROLE(400 Gram) | 01 अदद |
| 50 | Gauge | 01 अदद |
| 51 | Bandage Role | 01 अदद |
| 52 | Scissor | 01 अदद |

इच्छुक निर्माता/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता से इस सामग्रियों के आपूर्ति हेतु दर आमंत्रित किया जाता है, वे दिनांक 09.05.2025 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उदृत कर नगर परिषद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर वित्तीय बिड में विचार किया जायेगा।

**नोटः– कोटेशन के सभी नियम व शर्तें सूचना पट् पर देखना अनिवार्य है।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 351518 (Urban Development) 25-26 (D)

# पहलगाम हमले के बाद भारत पर साइबर युद्ध का खतरा 10 लाख से अधिक हमले दर्ज : महाराष्ट्र साइबर सेल

**मुंबई (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत अब एक नए मोर्चे पर हमले का सामना कर रहा है, जिसे "साइबर वॉर फेयर" का नाम दिया जा रहा है। महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा तैयार की गई एक विस्तृत रिपोर्ट 'इकोज ऑफ पहलगाम' में खुलासा हुआ है कि 23 अप्रैल के बाद से देश पर करीब 10 लाख साइबर हमले हो चुके हैं। ये हमले न केवल डिजिटल सुरक्षा को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि देश के क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी खतरे में डाल रहे हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल के प्रमुख यशस्वी यादव ने बताया, "पहलगाम हमले के बाद साइबर हमलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। यह कोई



सामान्य डिजिटल हमला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साइबर युद्ध है, जिसका मकसद भारत की डिजिटल और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करना है।

रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले मुख्य रूप से पाकिस्तान, मध्य पूर्व, मोरक्को और इंडोनेशिया से संचालित हो रहे हैं। इन हमलों के पीछे स्वयं को इस्लामिक ग्रुप्स बताने वाले साइबर संगठन सक्रिय हैं, जिनमें पाकिस्तान का टीम इन्सैन पीके सबसे प्रमुख है। यह एक एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी) क्या है। ग्रुप है, जिसने आर्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सैनिक वेलफेयर और कई आर्मी पब्लिक स्कूलों की वेबसाइट्स को निशाना बनाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन हमलों में वेबसाइट डिफेसमेंट, कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम एक्सप्लॉइटेशन और कमांड एंड कंट्रोल (सी2) अटैक्स जैसे तरीके अपनाए गए हैं। इसके अलावा, बांग्लादेश का एमटीबीडी और इंडोनेशिया का इंडो हेक्स सेक जैसे ग्रुप भी भारतीय टेलीकॉम डेटा और स्थानीय प्रशासनिक पैनलों को निशाना बना रहे हैं। ये हमले 26 अप्रैल से शुरू हुए और कई मामलों में सफल भी रहे। डार्क वेब पर भारतीय टेलीकॉम का टेराबाइट डेटा लीक होने की घटना ने देश की साइबर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महाराष्ट्र साइबर ने कुछ अटैक्स को रोका है, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि भारत की क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर,जैसे रेलवे,बैंकिंग और सरकारी पोर्टल्स पर खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि कई जगहों पर साइबर सुरक्षा कमजोर है,जिसकी वजह से अटैक सफल हुए,डार्क वेब पर भारतीय टेलीकॉम का टेराबाइट डेटा लीक किया गया है,जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा होता है। यशस्वी यादव ने बताया कि कई सरकारी और निजी संस्थानों में साइबर सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है, जिसका फायदा हैकर्स उठा रहे हैं।

# पाकिस्तान युद्ध में बच्चों को थमा सकता है बंदूक नियंत्रण रेखा के पास स्कूलों में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**इस्लामाबाद (हि.स.)**

भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को कराए गए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के हाथ-पांव फूले हुए हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) और फौज को लग रहा है कि भारत कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसलिए अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के स्कूलों के खेल मैदानों को तेजी के साथ प्राथमिक चिकित्सा शिविरों में बदला जा रहा है। पाकिस्तान के लगभग सभी प्रमुख अखबारों में आज इस खबर को तरजीह दी गई है। जियो न्यूज में अन्य समाचार माध्यम से प्रसारित की गई खबर में कहा गया है कि इसका मकसद है अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ जाता है तो बच्चों के कैसे जवाब देना है। सनद रहे पाकिस्तान कह चुका है कि उसके पास विश्वसनीय




खुफिया जानकारी है कि भारत आसन्न सैन्य हमले की योजना बना रहा है।

पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि सीमा के पाकिस्तान की तरफ 6,000 से अधिक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं। इनमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 1,195 हैं। हाल ही में मुजफ्फराबाद के 13 स्कूलों में बच्चों को युद्ध के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर कल रावलपिंडी में देखे गए। उन्होंने टीला फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया। सैनिकों से युद्ध में पीछे न हटने का आह्वान किया। उन्होंने पाकिस्तान सेना की मंगला स्ट्राइक कोर के प्रशिक्षण अभ्यास को भी देखा।

## अमेरिका के पूर्व श्रम सचिव रॉबर्ट रीच ने लिखा है-

# हमने घृणित ट्रंप शासन के पहले 100 दिन देखे हैं

**ब्यूरो**



- **अमेरिकी संविधान खतरे में है, नागरिक और मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है, अर्थव्यवस्था अव्यवस्थित है**
- **इस दर से, हम दूसरे 100 दिन भी नहीं निकाल पाएंगे**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व श्रम सचिव रॉबर्ट रीच ने द गार्जियन में एक लेख लिखा है , जिसकी बहुत चर्चा है। जिसमें उन्होंने लिखा है - अब तक 120 से अधिक मामलों में संघीय न्यायाधीशों ने ट्रम्प को रोकने की कोशिश की है - रिपब्लिकन और डेमोक्रेट द्वारा नियुक्त न्यायाधीश, जिनमें से कुछ को ट्रम्प ने खुद नियुक्त किया है - लेकिन शासन या तो उनके आदेशों की अनदेखी कर रहा है या अपील कर रहा है। इसने एक अनिर्दिष्ट प्रतिवादी से जुड़े मामले में मिल्वौकी में एक नगरपालिका न्यायाधीश को भी गिरफ्तार कर लिया है। हाल ही में, चौथे सर्किट के लिए अपील की अदालत के न्यायाधीश जे हार्वी विल्किंसन III - एक प्रख्यात रूढ़िवादी रीगन नियुक्त व्यक्ति जो संघीय समाज द्वारा सम्मानित है - ने ट्रम्प शासन को कड़ी फटकार लगाई। इसके इस दावे के जवाब में कि यह अमेरिका के निवासियों का अपहरण कर सकता है और उन्हें उचित प्रक्रिया के बिना विदेशी जेलों में डाल सकता है, विल्किंसन ने लिखाः

"यदि आज कार्यपालिका उचित प्रक्रिया के बिना और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए निर्वासित करने के अधिकार का दावा करती है, तो कल क्या आश्वासन होगा कि वह अमेरिकी नागरिकों को निर्वासित नहीं करेगी और फिर उन्हें घर वापस लाने की जिम्मेदारी से इनकार नहीं करेगी? और क्या आश्वासन होगा कि कार्यपालिका अपने व्यापक विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग अपने राजनीतिक शत्रुओं पर नहीं करेगी? खतरा, भले ही वास्तविकता न हो, हमेशा मौजूद रहेगा, और कार्यपालिका का 'यह ध्यान रखना कि कानून ईमानदारी से लागू हों' का दायित्व अपना अर्थ खो देगा।" विलकिंसन के डर पहले से ही साकार हो रहे हैं। आइस ने हाल ही में तीन अमेरिकी नागरिकों को निर्वासित किया - जिनकी उम्र दो, चार और सात साल थी - जब उनकी माताओं को होंडुरास निर्वासित किया गया था। बच्चों में से एक, जिसे स्टेज 4 कैंसर है, को बिना दवा या डॉक्टरों के परामर्श के अमेरिका से बाहर भेज दिया गया। इस बीच, शासन इस देश में उन सभी स्वतंत्र संस्थानों पर हमला करना जारी रखता है, जो पारंपरिक रूप से अत्याचार के खिलाफ बफर के रूप में काम करते रहे हैं - विश्वविद्यालय, गैर-लाभकारी संस्थाएँ, वकील और कानूनी फर्म, मीडिया, विज्ञान और शोधकर्ता, पुस्तकालय और संग्रहालय, सिविल सेवा और स्वतंत्र एजेंसियां - उन्हें धमकी दी जाती है कि अगर वे इसकी निगरानी और माँगों को पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें खत्म कर दिया जाएगा या धन की हानि होगी।

ट्रंप ने न्याय विभाग को एक्टब्लू की जांच करने का निर्देश भी दिया है, जो लगभग सभी डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों और डेमोक्रेट द्वारा समर्थित मुद्दों के लिए धन उगाहने का काम संभालता है।हम अब डेमोक्रेट या रिपब्लिकन नहीं हैं। हम या तो शासन से लड़ने वाले देशभक्त हैं या हम इसके अत्याचार में भागीदार हैं। कोई बीच का रास्ता नहीं है । इस बीच, ट्रम्प सक्रिय रूप से अर्थव्यवस्था को नष्ट कर रहे हैं। उनके प्रस्तावित टैरिफ़ पहले से ही कीमतों में वृद्धि कर रहे हैं। फेड प्रमुख, जेरोम पॉवेल पर उनके हमले दुनिया भर में हलचल पैदा कर रहे हैं।कांग्रेस में कुछ डेमोक्रेटिक सदस्यों और प्रगतिशीलों (बर्नी सैंडर्स, एओसी, कोरी बुकर, क्रिस वैन होलेन, क्रिस मर्फी) ने नाराजगी व्यक्त की है, लेकिन अधिकांश अजीब तरह से चुप हैं। माना कि जो कुछ हो रहा है उसे रोकने के लिए उनके पास कोई प्रत्यक्ष शक्ति नहीं है, लेकिन वे चुप नहीं रह सकते और ऐसा नहीं दिखना चाहिए। उन्हें हर दिन सुना जाना चाहिए - विरोध, मांग, प्रतिरोध, इनकार। बराक ओबामा ने कम से कम एक बार अपनी बात कही है, लेकिन मेरे पुराने बॉस बिल क्लिंटन कहाँ हैं? जॉर्ज डब्ल्यू बुश कहाँ हैं? उनके पूर्व उप-राष्ट्रपति - अल गोर और डिक चेनी कहाँ हैं? उनके पूर्व कैबिनेट सदस्य कहाँ हैं? उन सभी को भी सुना जाना चाहिए। कांग्रेस के रिपब्लिकन सदस्यों के बारे में क्या? क्या कोई भी जो हो रहा है उसके खिलाफ खड़ा होने को तैयार नहीं है? और रिपब्लिकन गवर्नर और राज्य विधायकों का क्या? अगर साहस और ईमानदारी के लिए कभी कोई समय था, तो वह अब है। उनकी चुप्पी अक्षम्य है। 400 से ज़्यादा यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट ने आखिरकार एक पत्र जारी किया है जिसमें उन्होंने "अमेरिकी उच्च शिक्षा को खतरे में डालने वाले अभूतपूर्व सरकारी अतिक्रमण और राजनीतिक हस्तक्षेप" का विरोध किया है। बढ़िया। अब उन्हें अमेरिकी लोकतंत्र को खतरे में डालने वाले अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। सैकड़ों लॉ फर्म ने शासन की मांगों के लिए लॉ फर्म पर्किन्स कोई की अपील के समर्थन में एक मित्र-न्यायालय ब्रीफ़ में भाग लिया है। बढ़िया। अब, उन्हें अमेरिकन बार एसोसिएशन और हर प्रमुख लॉ स्कूल के साथ मिलकर ट्रम्प के न्याय विभाग के प्रतिशोधी और अपमानजनक उपयोग के बारे में चेतावनी देनी चाहिए। अमेरिका के धार्मिक नेताओं का नैतिक दायित्व है कि वे अपनी आवाज बुलंद करें। उनका अपने मण्डली और खुद के प्रति आध्यात्मिक कर्तव्य है कि वे अपनी आवाज बुलंद करें। अमेरिकी व्यापार के नेता - जेमी डिमन से शुरू करते हुए, जेपी मॉर्गन चेस के अध्यक्ष और सीईओ, जिन्होंने सामान्य समय में अमेरिकी व्यापार के प्रवक्ता की भूमिका निभाई है - स्पष्ट रूप से चुप रहे हैं। बेशक उन्हें ट्रम्प के प्रतिशोध का डर है। बेशक उन्हें भारी कर कटौती की उम्मीद है। लेकिन ये बातें अमेरिकी लोकतंत्र के विनाश के प्रति उनकी सहमति को कतई उचित नहीं ठहरातीं।हमने देखा है कि पहले 100 दिनों में क्या हो सकता है। मुझे बिल्कुल भी यकीन नहीं है कि हम 2026 के मध्यावधि चुनावों तक इंतजार कर सकते हैं और उम्मीद कर सकते हैं कि डेमोक्रेट कांग्रेस के कम से कम एक सदन को वापस ले लेंगे। जिस गति से यह शासन कहर बरपा रहा है, तब तक बहुत अधिक नुकसान हो चुका होगा। हम अब डेमोक्रेट या रिपब्लिकन नहीं हैं। हम या तो शासन से लड़ने वाले देशभक्त हैं या हम उसके अत्याचार में भागीदार हैं। कोई बीच का रास्ता नहीं है। मुझे डर है कि जल्द ही शासन खुलेआम सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना करेगा। अमेरिकियों को गुस्से और घृणा की इतनी बड़ी लहर में जुटाया जाना चाहिए कि सदन के सदस्य ट्रम्प पर महाभियोग चलाने के लिए मजबूर हो जाएं (तीसरी बार) और पर्याप्त सीनेटर उन्हें अंततः दोषी ठहराने के लिए प्रेरित हों।तब अमेरिकी इतिहास का यह शर्मनाक अध्याय समाप्त हो जाएगा।

# मात्र 100 दिन में ट्रंप अमेरिका में 80 साल में सबसे अप्रिय राष्ट्रपति

## शेयर बाजार भी सबसे ज्यादा गिरे

**ब्यूरो**



- **डोनाल्ड ट्रंप दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिन्हें अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन में अमेरिका की आधी आबादी का समर्थन नहीं मिला**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल को 100 दिन पूरे हुए हैं। 20 जनवरी 2025 को जब उन्होंने राष्ट्रपति बने तो विश्लेषकों ने उनकी सरकार को बहुत लोकप्रिय आदि बताया था। लेकिन 100 दिन बाद ही अमेरिका में जो सर्वे, व्यापार से जुड़े डाटा व शेयर बाजार की स्थिति के जो आंकड़े आए हैं, उनके मुताबिक ट्रंप बहुत ज्यादा अलोकप्रिय हो गए हैं। बाकी राष्ट्रपतियों के पहले 100 दिन के कार्यकाल से जुड़ा आंकड़ा तुलना करने पर पता चलता है कि ट्रम्प बीते 80 वर्ष में सबसे अलोकप्रिय राष्ट्रपति हो गए हैं।

सर्वे एजेंसियां के सर्वे के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के 100 दिन में वे दूसरे विश्व युद्ध के बाद से सबसे अलोकप्रिय राष्ट्रपति थे। लेकिन 2025 में तो उनकी अलोकप्रियता और भी ज्यादा है। यानी उनके काम को नापसंद करने वालों की संख्या बढ़ी है। इप्सॉस/वॉशिंगटन पोस्ट/एबीसी के सर्वे में चौंकाने वाली बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिन्हें अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन में भी अमेरिका की आधी आबादी का समर्थन नहीं मिला है। इस मामले में अमेरिका के पिछले राष्ट्रपति जो बाइडेन का रिकॉर्ड काफी बेहतर रहा है।डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक अपनी अधिकतर नीतियों को लागू करवाने के लिए संसद का रास्ता चुनने की जगह कार्यकारी आदेशों का सहारा सबसे ज्यादा लिया है। 2017 में शपथ ग्रहण के बाद अपनी योजनाओं के लिए तब ट्रंप ने 33 कार्यकारी आदेश जारी किए थे, जो कि 1963 में लिंडन बी. जॉनसन के बाद सबसे ज्यादा थे। हालांकि, उनके बाद राष्ट्रपति पद संभालने वाले जो बाइडन ने पहले 100 दिन में 42 कार्यकारी आदेश जारी कर उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया। लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने अपनी पुरानी योजनाओं को और जुनून से लागू करवाने की योजना रखी। इसके चलते जिस दिन ट्रंप ने शपथ ली, उसी दिन उन्होंने 26 अलग-अलग कार्यकारी आदेश जारी कर दिए। वहीं, बीते 100 दिन में उनके कुल कार्यकारी आदेशों की संख्या 141 तक पहुंच चुकी है। ट्रंप के अधिकतर आदेश संघीय एजेंसियों को नई नीति तैयार करने के निर्देशों से जुड़े रहे हैं। जैसे अमेरिका की धरती से ज्यादा मात्रा में तेल निकालने का आदेश, प्लास्टिक स्ट्रॉ (पेय पदार्थों के लिए) को बंद करने का आदेश, दवाओं के दामों को लेकर आदेश, आदि। इसके अलावा उन्होंने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की नीतियों को निशाना बनाने के लिए भी कई आदेश दिए हैं। इनमें- डेमोक्रेट सरकार की आव्रजन और टैरिफ से जुड़ी नीतियों को बदलने और अमेरिकी संसद के कानूनों के ऊपर नियम बनाने से जुड़े आदेश भी शामिल हैं।अमेरिका में राष्ट्रपतियों की शुरुआती नीतियों के आधार पर शेयर बाजारों की चाल भी तय होती है। उदाहरण के तौर पर बराक ओबामा जब 2009 में सरकार में आए थे, तब अमेरिका का एसएंडपी सूचकांक 100 दिनों में करीब 8.4 फीसदी की बढ़त हासिल कर गया। इसी तरह 2017 में डोनाल्ड ट्रंप के शुरुआती 100 दिनों में शेयर बाजार 5.5 फीसदी तक बढ़ गया था। इसके बाद ट्रंप को हराने वाले बाइडन के राष्ट्रपति बनने के 100 दिन बाद शेयर बाजार में 9.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो कि आधुनिक समय में रिकॉर्ड रहा। हालांकि, अब 2025 में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में शेयर बाजार बुरी तरह लड़खड़ाया है। एसएंडपी में ट्रंप के पहले 100 दिन में 16.91 %तक की गिरावट देखी जा चुकी है। यह स्थिति आठ अप्रैल को आई थी। हालांकि, तब से एसएंडपी संभला और 30 अप्रैल तक के डाटा के मुताबिक, यह ट्रंप के शपथ लेने के बाद से 7.27% तक नीचे पहुंच चुका है। जिस एक क्षेत्र में ट्रंप सरकार का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, उनमें आव्रजन सबसे ऊपर है। फिर चाहे बात अमेरिका की सीमाओं पर अवैध तरह से देश में घुसने के लिए लोगों के जुटने की संख्या हो या पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले वीजा की संख्या। अधिकतर मानकों के हिसाब से ट्रंप ने शरणार्थियों से लेकर अवैध प्रवासियों तक की संख्या में जबरदस्त कटौती दर्ज की है। बाइडन प्रशासन के दौरान अमेरिका की दक्षिणी सीमा यानी मैक्सिको बॉर्डर के आसपास भारी संख्या में अवैध घुसपैठियों की भीड़ देखी जाती थी। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के दौरान इस संख्या में भारी गिरावट आई है। आंकड़ों के लिहाज से समझें तो अमेरिका में 2023 तक अमेरिका में एंट्री लेने वाले कुल प्रवासियों की संख्या 33 लाख थी। इसके बाद भी अलग-अलग मौकों पर यह आंकड़ा लाखों में रहा। जनवरी 2024 में अमेरिका में करीब 12.40 लाख लोग बॉर्डर के जरिए अमेरिका पहुंचे। वहीं, फरवरी 2024 में यह आंकड़ा 12.9 लाख तक पहुंच गया। हालांकि, ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जनवरी-फरवरी 2025 में यह संख्या क्रमशः 801 और 640 रही है। दूसरी तरफ लौटाए जाने वाले अप्रवासियों की संख्या में बीते महीनों के मुकाबले जबरदस्त इजाफा हुआ। जनवरी 2024 और फरवरी 2024 में यह संख्या करीब 52 हजार और 60 हजार थी। वहीं, 2025 में इन्हीं दो महीनों में यह संख्या क्रमशः 10.9 हजार और 10.4 हजार रही है।(ii) पढ़ाई संबंधी वीजा के मुद्दे पर क्या हुआ ?दूसरी तरफ अमेरिका में बाइडन प्रशासन के दौरान छात्रों की पढ़ाई से जुड़े वीजा दिए जाने की संख्या काफी ज्यादा थी। वजह थी अमेरिका में मिलने वाली छात्रवृत्ति और यूनिवर्सिटीज की तरफ से अलग-अलग कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली आर्थिक मदद। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में शिक्षा मंत्रालय को ही खत्म करने का फैसला लिया गया, जिससे विश्वविद्यालयों को अरबों डॉलर की मदद रुक गई। इस तरह बीते महीनों में अमेरिका की तरफ से शिक्षा के लिए दिए जाने वाले वीजा की संख्या में कमी आई है। इसके अलावा ट्रंप सरकार ने कई यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में प्रदर्शनों को लेकर भी सख्त रुख अख्तियार किया है। इनमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से लेकर कोलंबिया विश्वविद्यालय तक शामिल हैं। विदेश से आने वाले कई छात्रों को इस दौरान स्वतः निर्वासित करने के लिए कहा। नतीजतन अमेरिका में ट्रंप के आने के बाद से अकादमिक क्षेत्र के लिए दिए जाने वाले वीजा की संख्या भी पहले से कम हुई है। इप्सॉस के पोल में कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद बीते 100 दिनों में अपनी शक्तियों का बेधड़क इस्तेमाल करने में लगे हैं। लोगों ने ट्रंप के संघीय कर्मियों की संख्या में कटौती से लेकर कोर्ट के आदेश न मानने तक के व्यवहार की शिकायत की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लाल ने गुरुवार को एसआर नगर पुलिस स्टेशन में विजय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेता ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में अपने भाषण में टिप्पणी की कि ये हमले सैकड़ों साल पहले आदिवासी समुदायों के बीच हुए संघर्ष के समान थे।

## कानूनी कार्रवाई की मांग

हैदराबाद के संजीव रेड्डी नगर पुलिस स्टेशन में विजय देवरकोंडा के खिलाफ दर्ज कराई गई लिखित शिकायत में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आदिवासी संघों ने अभिनेता से इस मामले में तुरंत माफी मांगने को कहा है। आदिवासी वकील संघ की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में किशनराज चौहान ने लिखा, 'यह सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला नहीं है। यह हाशिए पर पड़े समुदायों की गरिमा और संवैधानिक सुरक्षा का मामला है।


# विजय देवरकोंडा ने पुलवामा अटैक की तुलना आदिवासी संघर्ष से की

## कानूनी पचड़े में फंसे तेलुगु अभिनेता




हैदराबाद के संजीव रेड्डी नगर पुलिस स्टेशन में विजय देवरकोंडा के खिलाफ दर्ज कराई गई लिखित शिकायत में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आदिवासी लोगों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए अभिनेता विजय देवरकोंडा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। तेलंगाना टुडे की रिपोर्ट में कहा गया है कि हैदराबाद के एक वकील लाल चौहान ने सूर्या अभिनीत फिल्म रेट्रो के प्री-रिलीज़ इवेंट के दौरान विजय द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

**विजय देवरकोंडा पर पुलिस शिकायत :** लाल ने गुरुवार को एसआर नगर पुलिस स्टेशन में विजय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेता ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में अपने भाषण में टिप्पणी की कि ये हमले सैकड़ों साल पहले आदिवासी समुदायों के बीच हुए संघर्ष के समान थे।

### रक्षा राज्य मंत्री ने 10 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की अनुशंसा की

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनेंगी सभी सड़कें

● कई गांव एक दूसरे से जुड़ेंगे, आवागमन सुगम होगा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रांची ग्रामीण क्षेत्र के 10 सड़कों की अनुशंसा की है। इन सड़कों का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जाना है, जिन सड़कों की अनुशंसा रक्षा राज्य मंत्री ने की है, उनमें अनगड़ा प्रखंड के हुंडरु फॉल से मायाडीह तक 2.75 किलोमीटर, बुढ़मू प्रखंड के आरईओ रोड से पीरातगुट्टू तक 1.3 किलोमीटर, पीडब्ल्यूडी रोड से महुआ टोली तक 1 किलोमीटर, आरईओ रोड से सीरम तक 1.35 किलोमीटर, कांके प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड से करकट डहुटोली तक 1 किलोमीटर, आरईओ रोड से मरवा तक 1.85 किलोमीटर, पीडब्लूडी रोड से जिद्दू तक 1.05 किलोमीटर, पुराना करकट्टा से सरना टोली तक 1.65 किलोमीटर और रातू प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड से फतिया टोली तक लगभग 1 किलोमीटर, पीडब्लूडी रोड से डोरिया टोली तक 1.32 किलोमीटर की सड़क शामिल है। इन सड़कों का निर्माण होने से इस क्षेत्र के कई गांव जिले की मुख्य सड़क से जुड़ सकेंगे।

गांव का आपसी जुड़ाव भी एक दूसरे से हो सकेगा। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की हर ग्रामीण सड़क मुख्य सड़क से जुड़ सके, इस उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का कार्य तेज गति से चल रहा है। इस निमित्त रांची ग्रामीण क्षेत्र में बनने वाली इन सड़कों की अनुशंसा की गई है।

इसका निर्माण भी बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुगम हो सकेगा। विशेष रूप से बरसात के समय में आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। स्कूली बच्चे, दैनिक क्रियाकलापों में जाने वाले लोग, अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंचने में लोगों को कम समय लगेगा।

# जातीय जनगणना केंद्र सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : अन्नपूर्णा देवी

● सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में क्रांतिकारी कदम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जातीय जनगणना को मंज़ूरी दिया जाना सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं मील का पत्थर साबित होने वाला निर्णय है।

इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्गों सहित समाज के वंचित तबकों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का वास्तविक और व्यापक आंकलन संभव होगा। इससे न केवल नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन होगा, बल्कि योजनाएं जमीनी हकीकत के अनुरूप बनेगी, जिससे समावेशी विकास को नई गति मिलेगी।

यह निर्णय केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि न्यायसंगत नीति निर्माण और सबका साथ, सबका विकास की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस जनभावना से जुड़े ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार प्रकट करती हूं। यह कदम हर उस व्यक्ति की आकांक्षा को बल देगा जो समान अवसर और न्याय की उम्मीद रखता है।

### धर्मांतरण की घटना पर चंपाई सोरेन ने जताई चिंता, कहा

## राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जनसंख्या बढ़ रही है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/सरायकेला।** जिले के नीमडीह प्रखंड के झीमड़ी में घटी धर्मांतरण की घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दुख प्रकट किया। वहीं उन्होंने कहा कि यह पूरे राज्य के लिए चिंता की विषय है। इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में अपमानित होने के बाद मैंने भाजपा से जुड़कर धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर ही आंदोलन शुरू किया है, क्योंकि भाजपा ही राज्य में धर्मांतरण पर रोक लगा सकती है।

सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार में धर्मांतरण जोरो पर है। राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जनसंख्या बढ़ रही है और आदिवासी-मूलवासी की संख्या घट रही है। वर्तमान राज्य सरकार उसी को सुरक्षा देने का काम कर रही है।चंपई ने कहा कि धर्मांतरण को लेकर चरणबद्ध रूप से जनआंदोलन किया जाएगा। हर चीज की एक प्रक्रिया होती है, उसी प्रक्रिया के तहत राज्य से घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा।

सोरेन ने कहा कि चाकुलिया में यहां एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, लेकिन फिर भी करीब 3000 जन्म प्रमाण पत्र मुस्लिम समुदाय के लोगों के बच्चों के निर्गत हुए। अब हमें बांग्लादेशियों को पनपने नहीं देना है। झीमड़ी गांव में रहने वाले विभिन्न हिंदू जाति समुदाय के लोगों ने एकजुटता दिखने लगी है। घटना को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस एकजुटता के बल पर आरोपित परिवार को गांव से खदेड़ने की योजना बनाई गई है।

ग्रामीणों द्वारा दबी जुबान से कहा जा रहा है कि उसके गांव की बहू-बेटियों पर मुस्लिम समाज के युवकों की बुरी नजर है। अब किसी भी सूरत में आरोपित परिवार को गांव में रहने नहीं देंगे। गांव की भोली-भाली बेटियों को लव जेहाद के नाम पर अपने जाल में फांसने का काम मुस्लिम युवक कर रहे हैं, जो झीमड़ी गांव के लोग सहन नहीं करेंगे। यहां बता दें कि घटना के पांच दिन बाद भी गांव के चप्पे-चप्पे में फोर्स की तैनाती की गई है। गांव में प्रवेश करने वालों की जांच की जा रही है और तो और पीड़ित परिवार व आरोपित के परिवार के घर के बाहर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है।

### संविधान बचाओ अभियान को लेकर हुई बैठक, बोले केशव महतो

# 6 मई को राजधानी में होगी ऐतिहासिक रैली

● कार्यकर्ताओं को दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस भवन में शुक्रवार को 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान की सफलता के लिए प्रदेश के नेताओं की बैठक केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों से केशव महतो कमलेश ने संविधान बचाओ अभियान के तहत चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रथम चरण में सभी प्रदेशों में राज्य स्तर की रैली आयोजित की जा रही है इसी क्रम में कई राज्यों में संविधान बचाओ रैली संपन्न हो चुकी है। 6 मई को रांची के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा इसकी सफलता के लिए हमें पूरे समन्वय के साथ काम करना होगा। कार्यकर्ताओं से संपर्क करने का कोई भी माध्यम छूटना नहीं चाहिए,हमें लगातार कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर इस अभियान और रैली के लिए उत्साहित करना है ताकि उनकी सहभागिता अधिक से अधिक हो सके। उन्होंने कहा की रैली में आने वाले कार्यकर्ताओं की सुविधा का भी ध्यान रखना है साथ ही हमें यह सुनिश्चित करना है की रैली में शिरकत करने वाले पंचायत स्तर के कार्यकर्ता सकारात्मक संदेश लेकर जाएं ताकि जनता को संवैधानिक अधिकारों से वह अवगत करा सके और भाजपा द्वारा संविधान पर लगातार किए गए हमले, संविधान बदलने के उनके मंसूबों की भी जानकारी दें। कांग्रेस के दबाव में केंद्र ने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है लेकिन हमें यह देखना है कि यह सिर्फ भाजपा की घोषणा नहीं बने इस मसले पर भी हमें फ्रंट फुट पर संघर्ष करते रहना है ताकि केंद्र सरकार का यह घोषणा हैडलाइन बनकर न रह जाए, हमें जातिगत जनगणना का डेडलाइन भी केंद्र सरकार से तय करवाना है।

बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया की रैली में पूरे राज्य से एक लाख लोगों के जुटने की संभावना है कार्यकर्ता और नेताओं के साथ-साथ आम जनता की भी पूरी भागीदारी रहेगी।पंचायत स्तर तक अभियान चलाया जा रहा है जिलों के लिए अभियान के लिए नियुक्त नोडल पदाधिकारी ने जिलों में बैठक कर अभियान को गति प्रदान की है। पंचायत,प्रखंड जिला, अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, पदाधिकारीयों प्रदेश पदाधिकारीयों को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो द्वारा हस्ताक्षरित पत्र और पंपलेट व्यक्तिगत रूप से डाक द्वारा भेजा जा रहा है ताकि रैली में आने के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहे। रैली की प्रारंभिक तैयारी पूरी हो चुकी है मंत्री और वरीय नेताओं द्वारा लगातार जनता के बीच संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।हर विधायक मंत्री को फुल प्रूफ टास्क दिया गया है प्रदेश स्तरीय रैली के बाद जिला विधानसभा स्तरीय रैली और घर-घर संपर्क अभियान आयोजित होगी।

बैठक में विधायक दल नेता प्रदीप यादव वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सरकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रदीप कुमार बालमुचू उपस्थित थे।

### वामदल 20 मई को चक्का जाम करेंगे

**रांची।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए जाने वाले चार लेबर कोड और किसानों-मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों द्वारा आगामी 20 मई की देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का वामदल ने समर्थन किया है। इसी दिन वामदल भी हड़ताल और ग्रामीण बंद के समर्थन में दो घंटे का चक्का जाम करेंगे। वाम नेता प्रकाश विप्लव ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी है। इससे पहले सीपीआई (एम) कार्यालय में वाम दलों की एक संयुक्त बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सीपीआई के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने की। बैठक में भाकपा (माले) के मनोज भक्त, भाकपा के महेंद्र पाठक, अशोक यादव, अजय सिंह, सीपीएम के प्रकाश विप्लव, एसयूसीआई (सी) के मिंटू पासवान समेत भुवनेश्वर बेदिया और किसान एवं मजदूर संगठनों से विरेंद्र कुमार शामिल थे।

## पेज एक के शेष

शुरू करें, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने की...
इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि स्पोर्टस एकेडमी के पास इंफ्रास्ट्रक्चर है, सिर्फ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जरूरत है।

200 एकड़ के कैंपस में चल रहा स्पोर्ट्स एकेडमी : बताते चलें कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के बीच 50-50 प्रतिशत के योगदान से 2015 में 30 साल के लिए एमओयू हुआ था। दोनों के संयुक्त तत्वावधान में 2016 से रांची के खेलगांव में स्कूली खेल प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें निखारने के लिए रहने, खाने, पढ़ने के साथ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा दी गयी है। यहां 1400 बच्चों के प्रशिक्षण की सुविधा है, लेकिन अभी यहां 92 लड़के और 128 लड़कियों को मिलाकर कुल 220 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षक और सपोर्ट स्टाफ की संख्या 47 हैं। मुख्य सचिव ने इसकी संख्या बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि फिलहाल स्पोर्ट्स एकेडमी में 11 खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चार अन्य खेलों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षकों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 2021-22 से अभी तक स्पोर्ट्स एकेडमी से प्रशिक्षित 1628 बच्चे विभिन्न स्पधार्ओं में कई मेडल जीते हैं। उसमें अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में 4 गोल्ड, चार सिल्वर और 6 कांस्य पदक, राष्ट्रीय स्पर्धा में 74 गोल्ड, 70 सिल्वर और 118 कांस्य पदक सहित राज्यस्तरीय स्पधार्ओं में 763 गोल्ड 352 सिल्वर और 227 कांस्य पदक शामिल हैं।

सीसीएल ने दिया 5 मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव : बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी के पार्टनर सीसीएल ने स्पोर्ट्स एकेडमी की गतिविधियों में बिजली की भारी खपत को देखते हुए खेल गांव में 5 मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव रखा। इसका खर्च सीसीएल अपने सीएसआर फंड से करेगा। बताया गया कि बिजली बिल की बचत के पैसे का उपयोग खेल गतिविधियों को और उन्नत बनाने में किया जाएगा। वहीं खेल-कूद विभाग की ओर से बताया गया कि खेल गांव में स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर 15 साल पुराना हो चुका है और उसके जीर्णोद्धार की जरूरत है। मुख्य सचिव ने इस दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश दिया। बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, खेल-कूद विभाग के सचिव मनोज कुमार, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह समेत स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े पदाधिकारी शामिल थे।

बारात में शामिल युवक की...
दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि अपराधी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ब्राउन शुगर के साथ पांच युवक...
जिले से बंटी कुमार (पिता- हरी भूषण प्रसाद, राजमोहन लाइन), कृष्ण कुमार यादव (पिता- रामचंद्र यादव, नरसिंह स्थान, कटकमदाग), मुकेश कुमार यादव (पिता- सुरेश यादव, नवादा बनहा, कटकमदाग) को गिरफ्तार किया गया। इनके साथ एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इनके पास से 7.70 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मापतौल मशीन, चार स्क्रीन टच मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं। इस संबंध में गिद्धौर थाना में कांड संख्या 27/25 के तहत एनडीपीएस प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। छापामारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### जाति जनगणना असमानताओं को उजागर करेगी : विजय शंकर



**रांची।** जातिगत जनगणना एक स्वागतयोग्य और ऐतिहासिक कदम है। यह पहल बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिराव फुले और कांशीराम जैसे समाज सुधारकों के सामाजिक समानता के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि यह जनगणना न केवल सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को उजागर करेगी, बल्कि नीति निर्माण, संसाधन वितरण, और आरक्षण की नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायक होगी।

## रॉकेट टेक्नोलॉजी पर बीआईटी में हुई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग द्वारा रॉकेट टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने एयरोस्पेस और रॉकेट प्रणालियों में हो रहे अत्याधुनिक विकासों पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में जेडी पाटिल, भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी के अध्यक्ष एवं एलएंडटी डिफेंस के पूर्णकालिक निदेशक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पद्मश्री डॉ. बीएन सुरेश, इसरो के मानद विशिष्ट प्रोफेसर एवं आईआईएसटी के चांसलर, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रो. इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बीआईटी मेसरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग की विरासत और क्षमताओं पर प्रकाश डाला, जो स्वदेशी एयरोस्पेस विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. प्रियंक कुमार, कार्यशाला समन्वयक ने कार्यशाला की थीम और दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और रॉकेट टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान और सहयोग की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रो. सुदीप दास, विभागाध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार, ने भी कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

इस कार्यशाला की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें देश के कई विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों से आए छात्रों और शोधार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें क्षेत्र के विशेषज्ञों और अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## असंगठित मजदूर ने किया राजभवन मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एक मई मजदूर दिवस पर झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने राजभवन मार्च किया। मौके पर विधायक सीपी सिंह , संजय कुमार जायसवाल व मुकेश सिंह उपस्थित रहे। पिस्का मोड विश्वनाथ मंदिर प्रांगण से हजारों की संख्या में असंगठित मजदूरों के साथ मार्च निकालकर रातू रोड, अपर बाजार, शाहीद चौक व कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंचे। वहीं राज भवन पर एक सभा कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस जुलूस में मुख्य रूप से बिंदुल वर्मा, रमेश सिंह, संतोष सिंह, राकेश शर्मा, दीपक वर्मा, धुरी राय , महेंद्र यादव,धर्मराज यादव, राम माया चंद्रवंशी, परमानंद राय, मथुरा यादव, सतेंद्र यादव, मनोज पासवान, सुरेंद्र पासवान, बाबू पाठक, नागी सरदार ,सुशील सरदार, भोली सरदार, सोली पासवान , शशि यादव, सरोज सिंह, संतोष सिंह सहित हजारों श्रमिक उपस्थित रहे।

# झारखंड राज्य दो दिन से डीजीपी विहीन : बाबूलाल

● अनुराग गुप्ता द्वारा अ ब लिए जा रहे फैसले विधि विरुद्ध

● मुख्यमंत्री अविलंब राज्य में डीजीपी की नियुक्ति करें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दो दिनों से झारखंड संवैधानिक रूप से डीजीपी विहीन राज्य है। इतना ही नहीं झारखंड में एसीबी, सीआईडी और पुलिस सभी के डीजीपी का पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता की ओर से दिए जा रहे निर्देश, निर्णय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में पूरी तरह असंवैधानिक है। श्री मरांडी शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक आईपीएस अफसर जिस पर भ्रष्टाचार, पक्षपात और फ्रॉड का आरोप हो, कोई भी सरकार अपने राज्य और जनता की सुरक्षा उसके हवाले कैसे कर सकती है। उन्होंने ने कहा कि 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता के ऊपर आरोपों की लिस्ट काफ़ी लंबी है। उन पर बिहार के जमाने में मगध विश्वविद्यालय थाना कांड संख्या (64/2000) दर्ज है।

उन्होंने कहा कि जहां तक मुझे स्मरण है कि मेरे मुख्यमंत्रित्व काल के अंतिम दिनों में उस मामले में प्रॉसिक्यूशन सैंक्शन के लिये बिहार से अनुरोध पत्र भी आया था। उस पर आगे क्या हुआ इसका मुझे स्मरण नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने खुद इन्हें 24 फरवरी 2020 से नौ मई 2022 (26 महीने) निलंबित किये रखा, लेकिन इस दौरान हेमंत सोरेन और अनुराग गुप्ता की नजदीकियां इतनी बढ़ीं कि सस्पेंशन की अवधि ख़त्म होते ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को वापस झारखंड में ही नियुक्ति दे दी।

मरांडी ने कहा कि 2024 में चुनाव आयोग ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को अपने पद का दुरुपयोग करने का दोषी पाया और उन्हें हटाकर दूसरे डीजीपी की नियुक्ति की, लेकिन हद तो तब हो गई जब मुख्यमंत्री बनने के कुछ घंटों के अंदर ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना करके अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। फिर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 7 जनवरी को आनन-फानन में ऑल इंडिया सर्विस रूल्स (1958) को दरकिनार करते हुए सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए एक नई नियमावली ही बना डाली। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया सर्विस नियमों के अनुसार, सरकार को डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल की अनुशंसा यूपीएससी को भेजनी होती है, किंतु झारखंड सरकार ने अपनी मर्जी के नियम बनाकर यह जिम्मेदारी खुद ही ले ली। यह भली-भांति जानते हुए कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को रिटायर होने वाले हैं, सरकार ने सारे नियम-क़ानूनों को धता बताते हुए 3 फरवरी को उन्हें झारखंड का डीजीपी नियुक्त कर दिया। जानबूझकर रिटायरमेंट के दो महीने पहले नियुक्ति करना दर्शाता है कि वे नियुक्ति के बाद कम से कम दो साल डीजीपी बनाए रखने वाले नियम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस असंवैधानिक नियुक्ति के संदर्भ में गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को जो पत्र लिखा है, उसका जवाब में हेमंत सोरेन गृह मंत्रालय को ही पुनर्विचार करने को बोल रहे हैं। सरकार नियमों को ताक पर रखकर संवैधानिक पदों की गरिमा समाप्त कर रही है। उन्होंने कहा यह सिर्फ़ डीजीपी की नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है। झारखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सीआईडी का कार्यभार भी गैर क़ानूनी तरीक़े से यही संभाल रहे हैं।

अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में कोयले की चोरी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भ्रमण के दरम्यान जब धनबाद इलाक़े में मुझे लोगों ने बताया कि उस इलाके से रोजाना पांच सौ ट्रक से भी ज़्यादा कोयले की चोरी हो रही है तो मैंने यह बात सरकार के संज्ञान लाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इस मामले में तो उस इलाके से आने वाले विधायक जयराम महतो जी ने तो यहां तक कह दिया कि बाबूलाल की जानकारी कम है, वहां तो रोज़ाना सात सौ से आठ सौ ट्रक कोयले की चोरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि जब वर्तमान में झारखंड की सुरक्षा और कानून व्यवस्था तालीबानी हुकूमत की तरह ऐसे व्यक्ति के हाथ में सौंप दिया जाए, जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप, अपने पद का दुरुपयोग करने के आरोप और धोखाधड़ी के आरोप लगे हों तो राज्य का भविष्य कैसा होगा, यह आप सभी भी अच्छे से समझ सकते हैं। सत्ता का ऐसा दुरुपयोग हेमंत सोरेन के राज में ही संभव है। मरांडी ने अविलंब राज्य में डीजीपी नियुक्त करने की मांग की। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।



PR No. 351547 (Women, Child Development & Social Security) 2025-26

## हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

# शुभ मुहूर्त में खोले गए केदारनाथ धाम के कपाट




**एजेंसी। केदारनाथ।** उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए। अब अगले छह महीनों तक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर पाएंगे। शुक्रवार सुबह 7 बजे शुभ मुहूर्त में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ खोले गए। मंदिर के कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। कपाट खुलते समय आर्मी बैंड ने मधुर धुनें बजाईं। इस दौरान केदारनाथ घाटी श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठी। इस अवसर पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्य पुजारी वागेश लिंग, तीर्थ पुरोहित, बीकेटीसी के पदाधिकारी, स्थानीय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे। इससे पहले, अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर यमुनोत्री धाम के कपाट खोले गए थे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बीते बुधवार को 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे थे। बता दें कि यमुनोत्री और गंगोत्री के बाद केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। अब चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुल जाएंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यमुनोत्री से यात्रा शुरू करने पर चारधाम यात्रा में किसी भी प्रकार की रुकावट भक्तों को नहीं आती है। यमुनोत्री, यमुना नदी का उद्गम स्थल है। यमुना जी यमराज की बहन हैं और उन्हें वरदान प्राप्त है कि वह अपने जल के माध्यम से सभी का दुख दूर करेंगी। मान्यता है कि जो श्रद्धालु यमुनोत्री में स्नान करता है, उसे मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है। इसी वजह से भक्त चारधाम यात्रा की शुरुआत यमुनोत्री से करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी।

# राम लला मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा 3 जून से

**एजेंसी। अयोध्या**

राम मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा के लिए भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक का शुभारंभ आज अयोध्या में हुआ। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कल दोपहर अयोध्या पहुंचकर कार्यदायी संस्था द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने परकोटा और इसके बाहर बन रहे सप्त मंदिरों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मुख्य मंदिर अगस्त या सितंबर में और परकोटा नवंबर में हैंडओवर हो जाएगा।

उन्होंने अहम जानकारी साझा करते हुए कहा कि परकोटा और सप्त मंदिरों में साधु-संतों और भगवान की मूर्तियों की स्थापना शुरू हो चुकी है। मुख्य मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिमा और शेषावतार मंदिर की प्रतिमाएं शेष हैं। 23 मई को राम दरबार की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, 30 मई तक शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण जी की प्रतिमा भी पहुंचकर स्थापित की जाएगी। राम मंदिर के राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा 3 जून से शुरू होगी और 5 जून को पूर्ण होगी। श्रद्धालुओं के दर्शन की तिथि राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा तय की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के दर्शन के लिए प्रति दिन 750 श्रद्धालुओं को पास के जरिए अनुमति दी जाएगी। प्रति घंटे 50 पास 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर जारी होंगे। शुरुआती तीन महीनों में मंदिर के लोड फैक्टर की जांच होगी। रुड़की के वैज्ञानिकों ने मंदिर के मापदंडों के आधार पर प्रति घंटे 50 श्रद्धालुओं को प्रथम तल पर जाने की अनुमति दी है। मंदिर में 10 सेंसर लगाए गए हैं, जो पत्थरों के मूवमेंट और भूकंप के संकेतों की जानकारी देते हैं। इन सेंसरों के जरिए तीन महीने तक मंदिर पर पड़ने वाले लोड का अध्ययन किया जाएगा। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर की बाउंड्री और ऑडिटोरियम को छोड़कर, मंदिर परिसर के सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे। जयपुर में बन रही राम दरबार की प्रतिमा प्रथम तल पर स्थापित होगी। रक्षा मंत्रालय द्वारा छह महीने पहले टाइटेनियम से निर्मित राम दरबार की प्रतिमा ट्रस्ट को समर्पित की गई थी, लेकिन इसे स्थापित करने की योजना नहीं है।



● दर्शन को प्रतिदिन दिए जाएंगे 750 पास

## कांग्रेस, सपा और राजद मचा रहे जाति जनगणना का झूठमूठ का हल्ला : केशव प्रसाद

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने जाति जनगणना का झूठा श्रेय लेने के लिए कांग्रेस, सपा और राजद की आलोचना की। केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए लिखा, "परिवादी तिकड़ी में जकड़ी कांग्रेस, सपा और राजद तीनों जाति जनगणना का श्रेय लेने का झूठमूठ का हल्ला मचा रहे हैं। दस साल पहले यूपीए शासनकाल में राजद नेता लालू प्रसाद यादव और सपा नेता मुलायम सिंह यादव यानी दो यादव परिवार कांग्रेस के शाही परिवार की मजबूत बैसाखी बनकर केंद्र की सत्ता में अपना हिसाब-किताब साफ कर रहे थे। कांग्रेस दोनों को जांच एजेंसियों का ख़ौफ़ दिखा रही थी। आय से अधिक संपत्ति के संगीन मामले थे। अमेरिका से परमाणु समझौता कराने में भी सपा की कथित भूमिका थी। जाति जनगणना की पैरोकारी तब केवल छलावा भर थी।

## बिहार में जातीय सर्वेक्षण का पूरा श्रेय नीतीश के नाम, तेजस्वी बस सुर्खियों बटोर रहे : अशोक चौधरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में जातीय जनगणना को लेकर सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के ताजा बयान पर तीखा पलटवार किया है। तेजस्वी के क्रेडिट लेने के दावों को खारिज करते हुए चौधरी ने कहा कि बिहार में जातीय सर्वेक्षण का पूरा श्रेय नीतीश कुमार और उनकी सरकार को जाता है। उन्होंने तेजस्वी पर बिना मेहनत किए सुर्खियां बटोरने का आरोप लगाया। हाल ही में तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 2025 की जनगणना में जातीय गणना शामिल करने के फैसले को अपनी और महागठबंधन की जीत बताया था। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 2023 में कराया गया जातीय सर्वेक्षण उनकी पहल का नतीजा था। इस पर अशोक चौधरी ने तंज कसते हुए कहा, "देखिए, इन लोगों ने अपने समय में कुछ नहीं किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया, बोलीं

# वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए और उनकी मूल्यवान संगति का आनंद लेना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक वृद्धावस्था का समय सम्मान और सक्रियता के साथ बिताएं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बना रही है ताकि वे जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। उन्होंने सभी नागरिकों से बुजुर्गों की खुशी और कल्याण के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने, उनके मार्गदर्शन को महत्व देने और उनकी बहुमूल्य संगति का आनंद लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ बहुत खुश रहते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ के रूप में काम करते हैं। बुजुर्ग जब अपने परिवार को फलता-फूलता देखते हैं तो उनका शरीर और मन स्वस्थ रहता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारी युवा पीढ़ी के लिए वरिष्ठ नागरिकों का साथ, प्रेरणा और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने और सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि और प्रगति की ओर ले जा सकते हैं।



**राष्ट्रपति मुर्मू ने किया कल्याणकारी कार्यक्रम का शुभारंभ**

राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक गृहों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण के साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारीज संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों के लिए वन-स्टेप डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा।

## तेज हवा के चलते पेड़ गिरने से मकान ध्वस्त, चार की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के खरहरी नाहर गांव में शुक्रवार को तेज हवा चलने से बड़ा हादसा हो गया। तेज हवा की वजह से खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इससे एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान 26 वर्षीय ज्योति और उसके तीन बच्चों के रूप में हुई है, जबकि पति अजय को मामूली चोट आई है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और घायल अजय को अस्पताल में भर्ती कराया। निगम पार्षद शशि यादव ने इस हादसे पर दुख प्रकट किया। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यह दुखद घटना है। इस हादसे में जहां परिवार का मुखिया घायल हो गया, मुख्यमंत्री ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिजनों को हर प्रकार की सहायता प्रदान की जाए। साथ ही, हमने अस्पताल से भी संपर्क स्थापित कर स्पष्ट निर्देश दिया है कि घायल अजय के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए।

## ट्रक पर लदी गिट्टी में छुपाकर लायी जा रही विदेशी शराब

**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शराब तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान मेहसी थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गिट्टी लदे एक ट्रक में छुपा कर लायी जा रही विदेशी शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है।मिली जानकारी के अनुसार शराब की यह खेप बंगाल व झारखंड से मुजफ्फरपुर के रास्ते मोतिहारी लायी जा रही थी।पुलिस ने ट्रक से कुल 214 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी कुल मात्रा 1926 लीटर है।जिसकी अनुमानित कीमत लाखो में बतायी जा रही है। इस दौरान पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।जिसकी पहचान रामबाबू दास पिता स्वर्गीय लक्ष्मण दास ग्राम रसूलपुर जुनैदा थाना मोतीपुर जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## बलूचिस्तान में लोगों की हत्याएं पाकिस्तानी के रिकॉर्ड अध्यायों में से एक : सीएम

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि बलूचिस्तान में वर्षों से हो रही न्यायेतर हत्याएं पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड का सबसे काला अध्याय बनी हुई हैं। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "बलूचिस्तान में व्यवस्थित न्यायेतर हत्याएं, जिन्हें आमतौर पर 'मारो और फेंको नीति' के रूप में जाना जाता है, पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड में सबसे काले अध्यायों में से एक है। वर्षों से, बलूचों ने जबरन गायब किए जाने के क्रूर अभियान को झेला है, जहां छात्रों, कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों का राज्य एजेंसियां अपहरण कर लेती हैं, उन्हें यातना दी जाती है और बाद में वे दूरदराज के खड्डों में मृत पाए जाते हैं या उन्हें सुनसान सड़कों पर फेंक दिया जाता है।"मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बलूचिस्तान के लोगों का समर्थन करते हैं और उन्होंने याद दिलाया कि भारत उनके लिए खड़ा रहेगा। उन्होंने तर्क दिया कि प्रधानमंत्री मोदी की आवाज ने दुनिया का ध्यान बलूचिस्तान के संकट की ओर खींचा, जिसे पाकिस्तान ने लंबे समय तक दबाए रखा था। सीएम सरमा ने पोस्ट में उल्लेख किया, "यह अमानवीय प्रथा बलूचिस्तान में राज्य प्रायोजित आतंक का चेहरा बन गई है, जहां परिवारों को उम्मीद की जगह अपने प्रियजनों के क्षत-विक्षत शव मिलते हैं। इसी गंभीर पृष्ठभूमि में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 2016 के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान, वैश्विक समुदाय के लंबे समय से धारण मौन को तोड़ा। बलूचिस्तान से बहने वाली 'लाल नदियों' का जिक्र करते हुए, उन्होंने न्याय और सम्मान से वंचित लोगों को आवाज़ दी, यह इस बात की पुष्टि थी कि भारत उत्पीड़ित और चुप कराए गए लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

## हमारी सरकार बोलती ही नहीं है कार्रवाई भी करती है : दिलीप घोष

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिर्फ बोलते नहीं हैं, बल्कि करके भी दिखाते हैं। सरदार पटेल के बाद तो लोग भूल ही गए थे कि देश में कोई गृह मंत्री का भी पद होता है, लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई, उससे लोगों को गृह मंत्री के पद का एहसास हुआ। भाजपा नेता ने ये बातें पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकियों का समूल नाश किया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता का दावा है कि वे भारतीय हैं। उनके पास भारतीय नागरिकता को प्रमाणित करने वाले कई दस्तावेज मौजूद हैं, जिनमें भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड शामिल है। याचिकाकर्ता के वकील नंदकिशोर इस प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताते हैं कि यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है। एक व्यक्ति मूल रूप से हिंदुस्तानी है, उसके पास खुद को हिंदुस्तानी साबित करने के लिए अनेकों दस्तावेज हैं। इसके बावजूद, उसे पाकिस्तान जाने के लिए कह दिया जाता है। नोटिस भेज दिया गया। याचिकाकर्ता ने अपने वकील के माध्यम से बताया कि हमारे परिवार में कुल छह सदस्य हैं। इनमें से दो बेटे बेंगलुरु में काम करते हैं। इसके अलावा, परिवार में माता, पिता, भाई और बहन हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि जब हमें पाकिस्तान के लिए नोटिस आया, तो हम हतप्रभ हो गए। यही नहीं, हमें गाड़ी में बैठाकर अटारी बॉर्डर तक ले जाया गया और कहा गया कि हम देश छोड़ दें, जबकि हम हिंदुस्तानी हैं। वकील और याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने सरकारी अधिकारियों को भारतीय नागरिकता की वैधता के बारे में दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा है कि जब तक सरकारी अधिकारी उचित निर्णय नहीं लेते, तब तक परिवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।



# गंगा एक्सप्रेसवे पर फाइटर जेट्स ने किया 'टच एंड गो' रिहर्सल, दिखाई अपनी ताकत

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी एयर स्ट्रिप पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की ताकत देखने को मिली। इस आधुनिक एयर स्ट्रिप की लंबाई तीन किलोमीटर है। इस पर भारतीय वायुसेना के राफेल, मिराज, जगुआर जैसे एडवांस फाइटर जेट्स ने दिन में 'टच एंड गो' रिहर्सल करके अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया। यह भी बताया गया है कि भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान रात में भी इस क्रम को दोहराएंगे। दरअसल, शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों का 'टच एंड गो' रिहर्सल किया गया। लड़ाकू विमानों का शो देखने के लिए 500 से ज्यादा स्कूली बच्चों को बुलाया गया। गंगा एक्सप्रेसवे पर तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जिस पर मिराज, जगुआर, मिग 29 और राफेल ने अपनी ताकत दिखाई। इसके अलावा कैरियर एयरक्राफ्ट और हरक्यूलस जैसे विमानों ने भी अपने कौशल का परिचय दिया। अदाणी ग्रुप से जुड़े अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे देश में सबसे बड़ा है। यह एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा है। यह मेरठ से प्रयागराज को जोड़ता है। यह एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट है। गंगा एक्सप्रेसवे देश और राज्य के लिए काफी अहम है। यहां से चीन की सीमा नजदीक है, इस लिहाज से इस एक्सप्रेसवे का रणनीतिक महत्व भी है। इस एक्सप्रेसवे की क्वालिटी भी काफी अच्छी है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का 464 किलोमीटर का निर्माण कार्य (बदायूं से प्रयागराज तक) अदाणी ग्रुप कर रहा है। बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के हिस्सों में काम तेजी से चल रहा है। इस एक्सप्रेसवे को छह लेन से आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण मॉडल पर बने इस एक्सप्रेसवे का 80 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। इसकी रियायत अवधि 30 वर्ष होगी। अदाणी समूह के पास इस समय 35,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 13 प्रोजेक्ट्स हैं, जिनके तहत देश के नौ राज्यों में पांच हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। भारत के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण, विश्वस्तरीय जटिल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के प्रबंधन में अदाणी समूह की क्षमता और निष्पादन की गति का प्रमाण है।



## भारत-नेपाल सीमा पर यूपी के इन जिलों में योगी सरकार का एक्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रशासन द्वारा अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे मदरसों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। विशेष रूप से इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित प्रदेश के कई जिलों में बिना मान्यता के अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे दर्जनों मदरसों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद कर दिया गया है। सीमावर्ती इलाकों में राजस्व और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा छापेमारी कर अवैध कब्जों को भी चिन्हित किया जा रहा है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यही नहीं, बिना मान्यता और मानक विहीन रूप से संचालित मदरसों को सील किया जा रहा है। श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच और महाराजगंज में बगैर मान्यता के संचालित किए जा रहे दर्जनों मदरसों को सील कर दिया गया है। वहीं, जमीनों पर किए गए अवैध अधिकरण को भी मुक्त कराया गया है। आइए जानते हैं की इंडो- नेपाल सीमा से सटे जनपदों में कहां-कहां पर कार्रवाई हुई है। प्रदेश के महराजगंज जिले में स्थित इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सरकारी जमीनों पर कब्जा कर बनाए गए मस्जिद, मदरसा और मजारों पर कार्रवाई तेज हो गई है। सप्ताह भर के भीतर मजार और मदरसा पर बुलडोजर चलाने के बाद 11 मदरसों को सील कर दिया गया है जिसके बाद अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। राजस्व विभाग, पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई पर कार्रवाई कर रही है।